लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

अमृत विचार

वर्ष 35, अंक 153, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हस्तशिल्पियों के हाथ का जादू-पीतल पर नक्काशी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम 38.9° अधिकतम तापमान | 28.6° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 :15

लखनऊ, रविवार, 29 जून 2025

देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह...14

पराग जैन खुफिया एजेंसी रॉ के नए प्रमुख नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में रहे शामिल

ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में शामिल रहे पराग जैन को गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन का दो साल का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर एक जुलाई से शुरू होगा। वह 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे रवि सिन्हा की जगह लेंगे।

आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कैबिनेट सचिवालय के अंतर्गत 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के सचिव के पद पर पराग जैन, आईपीएस की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से दो वर्ष के लिए या अगले आदेश तक रहेगा, जो भी पहले हो...। जैन को बाहरी खुफिया एजेंसी का प्रमुख नियुक्त करने का फैसला इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लिया था।

शुभांशु से बोले प्रधानमंत्री, आपकी अंतरिक्ष यात्रा नए युग की शुरुआत

बातचीत के दौरान आईएसएस पर गूंजा भारत माता की जय का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब शनिवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से कहा कि उनकी अंतरिक्ष यात्रा नए युग की शुरुआत का प्रतीक है तथा यह भारत के गगनयान मिशन की दिशा में पहला कदम है।

दोनों के बीच 18 मिनट तक चली बातचीत के अंत में प्रधानमंत्री ने भारत माता की जय का नारा लगाया, तो शुक्ला ने भी उनके साथ नारा लगाया और इस तरह अंतरिक्ष स्टेशन भारत माता की जय के नारे से गूंज उठा।

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से वीडियो लिंक के जरिए बातचीत में शुक्ला से कहा कि शुभांशु, आज आप भारत की धरती से सबसे दूर हैं, लेकिन हर भारतीय के दिल के सबसे करीब हैं। आईएसएस 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर धरती की परिक्रमा कर रहा है।

शुक्ला ने प्रधानमंत्री से कहा कि मेरी अंतरिक्ष यात्रा सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की भी यात्रा है। वह इन नए अनुभवों को स्पंज की तरह आत्मसात कर रहे हैं। अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने अनुभव साझा करते हुए अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि यहां सब कुछ अलग है। उन्होंने कहा कि हमने एक साल तक प्रशिक्षण लिया और विभिन्न प्रणालियों के बारे में सीखा... लेकिन यहां आने के बाद सब कुछ बदल गया...। मोदी ने शुक्ला से कहा कि आपकी यात्रा सिर्फ अंतरिक्ष तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नई गति प्रदान करेगी। हमें मिशन गगनयान को आगे बढ़ाना है। हमें अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाना होगा। और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भारतीय चंद्रमा पर उतरे।

शुभांशु बोले-अंतरिक्ष से बहुत भव्य दिखता है भारत

शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन से वीडियो लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री को बताया कि जब मैंने पहली बार अंतरिक्ष से भारत को देखा, तो यह मानचित्र की तुलना कहीं अधिक बड़ा और भव्य दिखाई दिया। शुक्ला ने कहा कि आप वास्तव में एकत्व की भावना महसूस कर सकते हैं, यहां कोई सीमा नहीं है, कोई रेखा नहीं है। ऐसा लगता है, जैसे यह पूरी धरती हमारा घर है और हम सभी इसके नागरिक हैं।

साथियों में साझा किया गाजर का हलवा, आम रस

शुभांशु शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर अपने 14 दिन के प्रवास की शुरुआत करते हुए गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस का लुत्फ उठाया। शुक्ला ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि मैं गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस लेकर आया हूं। मैं चाहता था कि दूसरे देशों से मेरे साथ आए लोग भारतीय व्यंजनों का आनंद लें। सभी को यह पसंद आया।

एक नजर

सिमी के पूर्व पदाधिकारी साकिब नाचन की मौत

मुंबई। प्रतिबंधित 'स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के पूर्व पदाधिकारी और पुणे आईएसआईएस माड्यूल मामले में आरोपी साकिब नाचन की शनिवार को दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि साकिब (67) को कुछ दिन पहले मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हेमरेज) की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा इलाके के निवासी साकिब को चार दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एनआईए ने 2023 में आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के खिलाफ की देशव्यापी कार्रवाई के दौरान पडघा में छापेमारी कर साकिब समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया था।

पीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा आज से

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस - 2024 मुख्य परीक्षा 29 जून रविवार से शुरू हो रही है। यह परीक्षा दो जुलाई तक चलेगी। प्रयागराज और लखनऊ में 34 केंद्रों पर 29 जून से दो जुलाई तक परीक्षा होगी। प्रयागराज में 15 केंद्रों पर 6102 और लखनऊ के 19 केंद्रों पर 8755 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा दो पालियों में सुबह नौ से 12 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 2 :30 से 5 :30 बजे तक होगी।

माफिया के सामने नाक रगड़ते थे जाति के नाम पर बांटने वाले : योगी

इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन करने वालों को मुख्यमंत्री ने घेरा

- लखनऊ में भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर लोकभवन में कार्यक्रम
- नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने का काम कर रहे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन पैदा करने वालों को जमकर निशाने पर लिया। कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए माफिया के सामने नाक रगड़ी और सरकार को गिरवी रख दिया था। योगी ने कहा कि नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने में जुटे हैं। इसीलिए फिर सचेत कर रहा हूं कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को लोकभवन में दानवीर भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पहले भामाशाह के जीवन से प्रेरित चित्र प्रदर्शनी देखी और सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से नवाजा। उन्होंने भामाशाह के आदर्शों को अपनाने और समाज को जातिगत विभाजन से मुक्त रखने का आह्वान किया। उन्होंने व्यापारियों को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उनकी सुरक्षा, सम्मान और कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। योगी ने भामाशाह के त्याग को 'नेशन फर्स्ट' की भावना का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब महाराणा प्रताप की चर्चा होगी, तब दानवीर भामाशाह भी याद किए जाएंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने के लिए मैसूर के राजा चामराजेन्द्र वाडियार और खेतड़ी के राजा अजीत सिंह के सहयोग की चर्चा की। साथ ही, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को विदेश पढ़ाई के लिए वडोदरा के राजा सैयाजीराव गायकवाड द्वारा दी गई स्कॉलरशिप का भी जिक्र किया। कहा कि इनके सहयोग में जाति कहां थी?

दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

इन व्यापारियों का हुआ सम्मान

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक कर देने वाले एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों में रचना गर्ग, हेमंत शर्मा, मोहम्मद जावेद सिद्दिकी, अमित निगम, अशोक कुमार गुप्ता, नितेश अग्रवाल, प्रतीश कुमार, राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, अरविंद चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, पुष्पदंत जैन, दिनेश गोयल, साहिल गर्ग को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, हर जिले में शीर्ष 10 व्यापारियों का होगा सम्मान

मुख्यमंत्री ने जीएसटी विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक वर्ष व्यापारी कल्याण दिवस पर प्रदेश के शीर्ष 10 जीएसटी देने वाले व्यापारियों को लखनऊ में और जिलों के शीर्ष 10 व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का शिकार होने वाले जीएसटी देने वाले व्यापारियों को सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की सहायता भी इस दिन प्रदान की जाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में व्यापारियों से भागीदारी का आह्वान भी किया।

संतों के अमर विचारों के कारण ही भारत सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता

जैन गुरु विद्यानंद की जन्मशताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत अपने संतों और ऋषियों के अमर विचारों व दर्शन के कारण दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज की जन्मशताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को याद किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं आचार्य विद्यानंद महाराज के विचारों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि चाहे घर उपलब्ध कराना हो, पेयजल उपलब्ध कराना हो या स्वास्थ्य बीमा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उसकी कल्याणकारी योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे, ताकि कोई भी इससे वंचित न रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन से पहले दिए गए एक जैन संत के संबोधन का भी उल्लेख किया, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए जैसे ही ये कहा कि जो हमें छेड़ेगा..., तो वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तरीके तालियां बजानी शुरू कर दीं। हालांकि, मोदी ने इस बारे में और अधिक बात नहीं की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सभी को एक साथ आना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए, यही आचार्य विद्यानंद महाराज की प्रेरणा है और यही हमारा संकल्प है। कार्यक्रम विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था।

विद्यानंद महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

सेवा और मानवता भारत का मूल भाव

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां सेवा और मानवता इसकी मूल भावना के केंद्र में हैं। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले जब दुनिया ने हिंसा का जवाब हिंसा से देने का मार्ग चुना था, तब भारत ने दुनिया को अहिंसा की ताकत से परिचित कराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने मानवता की सेवा की भावना को सर्वोपरि रखा है। सेवा करने का हमारा तरीका बिना किसी शर्त के और स्वार्थ से परे है और परमार्थ से प्रेरित है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार इन्हीं विचारों से प्रेरणा लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, जल जीवन मिशन हो, आयुष्मान भारत योजना हो या अन्य ऐसी कल्याणकारी योजनाएं, ये सभी समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के प्रति सेवा की भावना को दर्शाती हैं।

5 इंजीनियरिंग कॉलेजों के नाम बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी किया था एलान, राज्यपाल ने दे दी मंजूरी
- प्रतापगढ़, मीरजापुर, बस्ती, गोंडा और मैनपुरी में हैं स्थित

अमृत विचार : राज्यपाल ने प्रदेश के पांच राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों का नाम महापुरुषों और देवी-देवियों के नाम पर रखने को मंजूरी दे दी है। शनिवार को प्राविधिक शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। ये राजकीय इंजीनियरिंग कालेज प्रतापगढ़, मिर्जापुर, बस्ती, गोंडा और मैनपुरी जिले में स्थित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए पूर्व में घोषणा की थी।

योगी सरकार ने तकनीकी शिक्षा को एक नई दिशा देने की पहल करते हुए प्रदेश के पांच राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के नाम देश के महान महापुरुषों और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के नाम पर रखे हैं।

कहा गया कि यह केवल औपचारिक नामकरण नहीं, बल्कि एक सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक उद्देश्य से प्रेरित बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य इंजीनियरिंग के छात्रों को सामाजिक चेतना, न्याय, समरसता और प्रेरणा से भी जोड़ना है। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को सामाजिक नेतृत्व की भी प्रेरणा मिलेगी।

इन पांच कॉलेजों को मिला नया नाम

- भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रतापगढ़
- सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मीरजापुर
- भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बस्ती
- मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोंडा
- लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनपुरी

पैसों से खरीदी जा रहीं इंजीनियरिंग की सीट

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि बेंगलुरु के तीन निजी कॉलेजों में 'प्रबंधन कोटा' के तहत छात्रों को दाखिला नकदी सहित धन लेकर अपारदर्शी तरीके से दिया जा रहा। संघीय जांच एजेंसी का यह बयान 25 और 26 जून को सीट घोटाला मामले में 17 स्थानों पर छापेमारी किए जाने के बाद आया है। एजेंसी ने कहा कि छापेमारी बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आकाश इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के परिसरों के साथ-साथ इन संस्थानों से जुड़े लोगों पर की गई। शैक्षिक परामर्श सेवाओं में लगी कुछ संस्थाओं और कुछ निजी एजेंटों के परिसरों में भी छापेमारी की गई। ईडी का मामला इन कॉलेजों के खिलाफ केईए (कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण) द्वारा दर्ज कर्नाटक पुलिस की प्राथमिकी से उपजा है।

- बेंगलुरु के तीन निजी कॉलेजों पर ईडी का आरोप

अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की मौत की फोरेंसिक जांच शुरू

मुंबई, एजेंसी

- शुक्रवार को अस्पताल में डॉक्टरों ने घोषित किया था मृत

मुंबई पुलिस ने शनिवार को अंधेरी स्थित गोल्डन राइज में अभिनेत्री शेफाली जरीवाला के आवास पर फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम तैनात करके उनकी मौत मामले की जांच शुरू कर दी। जरीवाला को शुक्रवार देर रात सीने में दर्द की शिकायत पर बेलेव्यू मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

शुरुआती रिपोर्ट में हालांकि हृदयाघात की बात कही गई है। अभिनेत्री के शव को पोस्टमॉर्टम जांच के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि शेफाली जरीवाला (42) की मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। जरीवाला अपने पति पराग त्यागी के साथ अंधेरी में रहती थीं। उनके पति और परिवार के सदस्यों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जरीवाला ने गीत कांटा लगा से प्रसिद्धि पाई थी। शनिवार शाम को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

अपहरण में एयर इंडिया के पायलट समेत 5 गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में जेवर कोतवाली पुलिस ने एक किसान परिवार के अपहरण के आरोप में एयर इंडिया के एक पायलट समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के विस्थापन, अधिग्रहण, पुनर्वास कार्य में बाधा डालने के लिए अपहरण किया था।

ग्रेटर नोएडा के पुलिस उपायुक्त शाद मियां खान ने बताया कि आरोपियों में एयर इंडिया का पायलट, उसकी पत्नी और सास शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जेवर एयरपोर्ट के प्रथम चरण में शामिल छह गांवों के निवासियों को 'आरआर साइट जेवर' में पुनर्वासित किया गया था। गांव रोही निवासी हंसराज का परिवार पुनर्वास स्थल पर जाने पर सहमत नहीं थे। जांच में सामने आया कि कैप्टन पुत्तन सिंह, उनकी पत्नी, सास ने दो अन्य की मदद से हंसराज परिवार को छह जून की रात इलाज का झांसा देकर अगवा किया था।

- दबदबा बनाने को किसान परिवार को किया था अगवा

एकीकृत होंगी चेहरा पहचान तकनीक-सीसीटीवी तस्वीरें

नई दिल्ली, एजेंसी

- हवाई अड्डों पर त्वरित सुरक्षा जांच की योजना पर विचार

हवाईअड्डा सुरक्षा एवं प्रशासनिक अधिकारी यात्रियों की सुरक्षा जांच में लगने वाले समय को कम करने के उद्देश्य से कर्मियों के लिए चेहरा पहचान तकनीक और सीसीटीवी को एकीकृत करने पर विचार कर रहे हैं।

दिल्ली में 27 जून को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा आयोजित हवाई अड्डा क्षेत्र की कार्यात्मक कार्यशाला के दौरान वाहनों के लिए स्वचालित नंबर प्लेट पहचान और फास्टैग को समन्वित करने के साथ-साथ इन उपायों पर चर्चा की गई। सीआईएसएफ राष्ट्रीय नागरिक विमानन सुरक्षा बल है और वर्तमान में देश के 69 हवाई अड्डे इसके अंतर्गत आते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि नागरिक विमानन मंत्रालय, नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, आव्रजन ब्यूरो (बीओआई), दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड, एसपीजी, दिल्ली पुलिस, एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस के अधिकारी इस कार्यशाला में शामिल हुए।

प्रकृति के रंग | गश्त के दौरान दिखने के बाद सजग हुआ दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से भी बनी उच्च स्तरीय टीम, लगाए गए कैमरे

दुर्लभ लैपर्ड कैट का बढ़ा कुनबा, दुधवा में फिर दिखने लगी

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

- दिखने में तेंदुए के शावक जैसी इसलिए मिला यह नाम

अमृत विचार : दुधवा टाइगर रिजर्व और उसके आसपास के क्षेत्र में इन दिनों दुर्लभ लैपर्ड कैट देखी जा रही है। इससे माना जा रहा है कि इनकी संख्या बढ़ी है। अन्यथा, छिपकर रहने वाली लैपर्ड कैट आमतौर पर सामने नहीं आती। इससे दुधवा प्रशासन और वन्यजीव प्रेमियों में उत्साह है।

दूसरी ओर इसके संरक्षण के लिए टीम गठित की गई है। इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल किया गया है। दुधवा टाइगर रिजर्व में सैलानियों के भ्रमण के लिए 15 नवंबर से 15 जून तक सत्र चलाया जाता है। इसके बाद मानसून आने के कारण 16 जून से 14 नवंबर तक यह बंद रहता है। इस दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन कर्मियों की गश्त जारी रहती है। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डॉ. एच राजामोहन ने बताया कि सैलानियों के लिए सत्र बंद होने के बाद वन कर्मियों को गश्त के दौरान दक्षिण सोनारीपुर और मूर्तिहा रेंज में कई बार दुर्लभ लैपर्ड कैट दिखाई दी। लैपर्ड कैट यानी स्माल कैट काफी समय बाद दिखाई देने से इसे अच्छा संयोग माना जा रहा है। इधर, बिल्ली परिवार की यह प्रजाति लगातार दिख रही है। वन कर्मियों की सूचना के बाद इस क्षेत्र में कैमरे लगाए गए हैं। इनमें भी लैपर्ड कैट की तस्वीर कैद हुई है। दुधवा प्रशासन उनकी नियमित मॉनीटरिंग कर रहा है।

दुधवा में लगे कैमरे में कैद हुई लैपर्ड कैट।

दक्षिण-पूर्वी एशिया में पाई जाने वाली जंगली बिल्ली

वन्यजीव विशेषज्ञ जितेंद्र शुक्ला बताते हैं कि लैपर्ड कैट, जिसे वैज्ञानिक रूप से प्रियोनेलुरस बंगालेंसिस के रूप में जाना जाता है, यह दक्षिण और पूर्वी एशिया में पाई जाने वाली एक छोटी जंगली बिल्ली है। इसे इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्वारा गंभीर खतरे में नहीं माना गया है।

तेंदुए के शावक जैसी होती है लैपर्ड कैट

सेवानिवृत्त डीएफओ आनंद कुमार ने बताया कि दुधवा के जंगलों में लेपर्ड कैट काफी पहले से मौजूद है। हां, इसकी पहचान करना थोड़ा मुश्किल है। एक लेपर्ड कैट लगभग तेंदुए के शावक के समान होती है। इसकी पहचान चेहरे से की जाती है। चूंकि यह छिपकर रहना पसंद करती है, इसलिए यह कम दिखाई देती है। इसे लेसर कैट की श्रेणी में रखा जाता है। इसके अंतर्गत फिशिंग कैट, लेपर्ड कैट और जंगल कैट आते हैं। लेपर्ड कैट आमतौर पर जंगल और घास के मैदानों में पाई जाती है, जबकि फिशिंग कैट जल स्रोतों के निकट ही दिखती है। जंगल कैट साखू के जंगल में अक्सर दिख जाती है। बिग कैट के अंतर्गत बाघ, शेर, तेंदुआ आदि आते हैं।

> दुधवा टाइगर रिजर्व के घने जंगल, बड़े-बड़े घास के मैदान और वातावरण लैपर्ड कैट्स के संवर्धन के लिए अनुकूल है। वहीं, लैपर्ड कैट के संरक्षण के लिए केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। समिति में ग्लोबल टाइगर फोरम, विश्व प्रकृति निधि को भी शामिल किया गया है। **-डॉ. एच राजामोहन**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा।

TENDER PALM
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
WE LOVE TO CARE

हार्ट सर्जरी
के लिए सबसे बेहतरीन
हॉस्पिटल



- CABG (बाईपास सर्जरी)
- वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी
- जन्मजात हृदय रोगों के लिए सर्जरी
- जटिल हृदय रोग सर्जरी

अनुभवी हार्ट सर्जन
उच्च सफलता दर
कम खर्च में बेहतर इलाज

+91 9076972161

TPA, CGHS, ECHS, Corporate एवं
मुख्यमंत्री राहत कोष द्वारा इलाज की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

24x7 Emergency, Ambulance & Health Services www.tenderpalm.com
Sector-7, Amar Shaheed Path, Gomti Nagar Extension, Near - Ekana Stadium Lucknow- 226010
Email: www.tenderpalm.com | care@tenderpalm.com

ADMISSION OPEN
KRISHNA PUBLIC INTER COLLEGE
NURSERY TO XII (SCIENCE & COMMERCE)

माननीय शिक्षामंत्री गुलाबो देवी द्वारा लखनऊ में 06 रैंक पाने वाली दीपांजलि कुमारी को सम्मानित किया गया

HIGH SCHOOL | LUCKNOW TOPPER'S | INTERMEDIATE

6th RANK IN LUCKNOW
ADITYA KUMAR 95.67%

8th RANK IN LUCKNOW
ABHAY KUMAR 95.33%

6th RANK IN LUCKNOW
DIPANJALI KUMARI 95.8%

ICSE board (New Delhi)
Royal City, Bijnour Road, Lucknow

CONTACT MANAGER : 7991546666
CONTACT OFFICE : 9119905559

HEAD OFFICE: Ratan Khand, Kila Chauraha,Lko
BRANCH OFFICE: New Behsa, Mansarovar 'O',Lko

macadvertiser.com

SR GROUP OF INSTITUTIONS
SR GROUP OF INSTITUTIONS LUCKNOW SRGI

B.TECH | M.TECH | MBA | B.VOC

AKTU MEDALS
12 GOLD
6 SILVER
6 BRONZE

CODE 485 SR INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
CODE 666 SRM BUSINESS SCHOOL
1st Rank IN UP

9793000005,6,7
WIFI CAMPUS
www.srgi.in
NH-30, SITAPUR ROAD, BAKSHI KA TALAB, LUCKNOW

KNOWLEDGE GIVES YOU WINGS
MSD Educational Group
MSD GROUP
Maa Sharda Devi Mahavidyalaya
Maa Sharda Devi Law College
PREMIUM EDUCATIONAL GROUP OF BARABANKI

B.A. B.SC. DELED, LLB 3 YEARS
2025-2026
ADMISSIONS OPEN

B. A — हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, भूगोल (प्रयोगात्मक), गृह विज्ञान (प्रयोगात्मक), चित्रकला (प्रयोगात्मक)
B.SC — भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान

B.Sc. 1ST SEMESTER TOPPER 2025

RIYA VERMA 83.75%
KHUSHI VERMA 81.75%
AMAN KUMAR 80.87%
MANISHA GUPTA 79.37%
ANJALI MISHRA 79.37%
SUHANI MISHRA 78.87%
MUSKAN 77.62%
ARUSHI OJHA 76.87%
RUPALI VISHWAKARMA 76.62%
RIYA SHARMA 75.87%

B.A 1ST SEMESTER TOPPER 2025

LIMITED SEAT HURRY UP! LIMITED SEAT
NIDHI JAISWAL 82%
ROSHNI KUMARI 81.70%
SARIKA VERMA 81%

L.L.B — 3 Years
D.El.Ed (B.T.C) — College Code 620028
B.Sc — Physics | Chemistry | Mathematics | Zoology | Botany
B.A — Hindi | Sociology | Education | Political Science | Ancient History | Urdu | Home Science

Fattapur Kalan, Near Niyamatganj Barabanki, U.P
WWW.MSD.AC.IN | HELPLINE NUMBER: 844 844 99 47

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" भी है।
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

मौसम

तेज बारिश होने की संभावना है।

38.9° अधिकतम तापमान | 28.6° न्यूनतम तापमान

सूर्या पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी

Surendra Kumar Shukla
Founder Manager, Advocate

लखनऊ। राजधानी स्थित सूर्या पब्लिक स्कूल की तरफ से शिक्षा के क्षेत्र में कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं,जिससे बच्चों के भविष्य को और बेहतर बनाया जा सके। यही कारण है कि यहां की छात्र–छात्राएं निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं। इस ग्रुप की शुरुआत साल 2007 में सुरेंद्र कुमार शुक्ला ने अंग्रेजी माध्यम स्कूल से की थी। सूर्या पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक वातावरण बहुत ही सराहनीय है। इसके पीछे की वजह यहां पर विभिन्न आधुनिक सुविधाओं का होना बताया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं की बात करें तो अनुभवी टीचिंग स्टाफ, आधुनिक शिक्षा प्रणाली, स्मार्ट क्लासरूम के साथ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से लैस एक बेहतरीन पुस्तकालय आकर्षण का केंद्र है। शिक्षा के साथ यहां पर बच्चों के स्वास्थ्य का खास ख्याल रखा जाता है, यही वजह है कि यहां पर खेलकूद के लिए कई तरह की व्यवस्थाएं की गई हैं। इतना ही नहीं समय–समय पर छात्र–छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से किया जाता है। वहीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं में सूर्या पब्लिक स्कूल की छात्र–छात्राओं का रिजल्ट 95% के ऊपर रहा है। विद्यालय प्रशासन की तरफ से कई छात्र–छात्राओं को उच्च अंक प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत भी किया गया है। सूर्या पब्लिक स्कूल प्रबंधन की तरफ से गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए भी व्यवस्था की गई है। जिसमें उनको फीस में सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा प्रबंधन की ओर से छात्र – छात्राओं को विभिन्न व्यवसायिक क्रियाकलापों द्वारा रोजगार परक जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है। यहां पर छात्र–छात्राओं के लिए यातायात की भी बेहतरीन व्यवस्था है। यही वजह है कि यहां पर दूर दराज से बच्चे पढ़ने के लिए पहुंचते हैं

SURYA PUBLIC SCHOOL
NEAR HCL CITY, SULTANPUR ROAD, LUCKNOW - 206002

PLAY GROUP TO XII

We are more than glad and Excited to announce that the Admission for all the classes are now open at SPS Lucknow & Barabanki.
Unlock a world of knowledge, growth and endless possibilities for your child.
Apply today for a journey of academic excellence and holistic development.

WHAT'S NEW FOR NEXT SESSION
- Minimum Transport Fee
- Atal Tinkering Lab (AI & Robotics)
- Day Boarding
- CCTV Campus
- Smart Classes
- Swimming Pool
- WiFi Campus
- Outdoor & Indoor Sports
- Connect with SPS

MAIN BRANCH
School Code No.: 70972
Sultanpur Road, Near HCL - IT City, Lucknow-226002
Contact: +91 7052607444, 7052607333
E-mail: suryapublicschoollko@gmail.com
Website: suryapublicschool.org

BHILWAL BRANCH
School Code No.: 70255
Bhilwal, Lucknow Sultanpur Road, Barabanki-227131
Contact: +91 7052607444, 7052607333
E-mail: suryapublicschoolbhilwal@gmail.com
Website: suryapublicschool.org

FUTURE UNIVERSITY
Learn · Assimilate · Transcend
Explore the Power of Science
From Soil To Suspect
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University

B.Sc Agriculture
B.Sc Forensic Science
ADMISSIONS CLOSING SOON
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

10 प्रतिशत छूट चाहिए तो 30 तक जमा कर दें गृहकर

अमृत विचार,लखनऊ : वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर निगम भवन स्वामियों को गृहकर जमा करने पर 30 जून तक 10 प्रतिशत की छूट दे रहा है। इसमें केवल दो दिन बचे हैं। अधिक से अधिक भवन स्वामी छूट का लाभ ले सकें, इसके लिए जोनल कार्यालय और कैश काउंटर रविवार को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक खुले रहेंगे। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने भवन स्वामियों से 30 जून तक गृहकर जमा करके 10 प्रतिशत छूट का लाभ उठाने की अपील की है।

कंडम मशीनों से फागिंग की तैयारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

36 बड़ी मशीनों में ज्यादातर पड़ी हैं खराब

15 दिन में एक बार हो पाती है वार्डों में फागिंग

अमृत विचार : मानसून के दस्त देने के साथ ही वेक्टर जनित डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की आशंका बढ़ गई है। इन बीमारियों पर नियंत्रण के लिए 1 जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू होना है, किंतु नगर निगम के पास संसाधनों का अभाव है। 110 वार्डों के लिए केवल 36 बड़ी मशीनें हैं, उसमें भी ज्यादातर खराब व कंडम पड़ी हैं। हैंड हैंडलिंग मशीनों में भी ज्यादातर खराब पड़ी हैं। मशीनों की कमी के कारण वार्डों में 15-15 दिन तक फागिंग नहीं हो पाती है। संसाधनों की कमी के बावजूद नगर स्वास्थ्य अधिकारी का दावा है कि पहली जुलाई से जरूरत के अनुसार फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव शुरू कर दिया जाएगा।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों पर नियंत्रण के लिए फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव के अलावा नालियों की साफ-सफाई करानी है। किंतु विभाग के पास संसाधनों की कमी है। प्रत्येक वार्ड की गलियों में फॉगिंग के लिए एक-एक हैंड हैंडलिंग मशीनें तो हैं, लेकिन कई मशीनें खराब और कंडम हो चुकी हैं। इसी तरह डाले पर चलने वाली केवल 36 बड़ी फॉगिंग मशीनों में कई पुरानी व खराब हैं। शहर में 110 वार्ड हैं। प्रत्येक वार्ड में एक बड़ी मशीन हो तभी नियमित फागिंग हो सकती है। मशीनों की कमी से 15 दिन में एक बार फॉगिंग नहीं हो पाती है। बीमारी फैलने के बाद एंटी लार्वा छिड़काव के लिए भी मारामारी होती है।

पार्षद अपने-अपने वार्डों में फॉगिंग कराने के लिए अधिकारियों से मांग करते हैं। मशीनों की कमी के कारण उन्हें हफ्तों इंतजार करना पड़ता है। नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी पीके श्रीवास्तव का दावा है कि 1 जुलाई से फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव जरूरत के हिसाब से शुरू कर दिया जाएगा। वेक्टर जनित बीमारियों का प्रकोप अगस्त से शुरू होता है, इसलिए फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव में अगस्त में तेजी आएगी।

सफाईकर्मी ही करेंगे फॉगिंग, छिड़काव

नगर निगम में कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से आउटसोर्सिंग पर लगे सफाईकर्मी ही सफाई के साथ फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव करेंगे। इसके लिए नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक वार्ड के लिए दो-दो सफाईकर्मी लगाएगा। नालियों और झाड़ियों की सफाई भी यही सफाईकर्मी करेंगे। महापौर ने फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव के लिए अलग से कर्मचारी लगाने के निर्देश दिए थे। किंतु अधिकारी फॉगिंग के लिए अलग से कर्मचारी नहीं दे रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि सफाईकर्मी वार्ड में सुबह से झाड़ू लगाने के बाद शाम को फॉगिंग कैसे कर पाएगा।

जोनल अधिकारी का तबादला आदेश निरस्त

अमृत विचार,लखनऊ : उत्तर प्रदेश पालिका केंद्रीयत राजस्व संवर्ग के नगर निगम जोन 8 के कर अधीक्षक व जोनल अधिकारी अजीत राय का ट्रांसफर आदेश शनिवार को निरस्त हो गया। वह जोनल अधिकारी जोन 8 के पद पर बने रहेंगे। इस सम्बंध में उप सचिव मो. वासिफ ने शनिवार को आदेश जारी कर दिया। शासन ने उनका ट्रांसफर 14 जून को कर अधीक्षक नगर पालिका परिषद देवरिया के पद पर किया था।

रोड चौड़ीकरण में बाधा बने अतिक्रमण हटाए

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ डीएम एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त ने किया निरीक्षण

अमृत विचार : यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी विशाख जी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने शनिवार को राजकीय औद्योगिक आस्थान तालकटोरा में एवरेडी चौराहे से बालाजी मंदिर के पास स्थित पुलिया तक निरीक्षण किया।

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता सतेंद्र नाथ ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए दो मीटर ब्लैक टाप, एक मीटर ड्रेन तथा एक मीटर डक्ट निर्माण कार्य प्रस्तावित है। जिसके लिए नगर निगम व पुलिस विभाग के साथ मिलकर नियमित रूप से अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि सड़क के किनारे एवरेडी मिल्स की दीवार से रोड की इंटरलॉकिंग तक अतिक्रमण संयुक्त टीम ने हटा दिए हैं। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के साथ किनारे विद्युत युटिलिटी को भी डक्ट के माध्यम से अंडरग्राउंड कराने के निर्देश दिए।

INTEGRAL UNIVERSITY
LUCKNOW - INDIA
A+ ACCREDITED BY NAAC
NABH ACCREDITED 820 BEDDED HOSPITAL | NABL ACCREDITED LABS | NBA & ICAR ACCREDITED PROGRAMS | QS I-GAUGE INDIAN UNIVERSITY RATING DIAMOND | CELEBRATING 27 YEARS OF EXCELLENCE

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION IN UG, PG & Ph.D. PROGRAMS IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

FACULTY OF ENGINEERING & INFORMATION TECHNOLOGY
B. Tech. & M. Tech. in :-
- Electronics & Communication Engineering
- Computer Science & Engg.
- Biochemical Engg.
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Biotechnology
- Food Technology
- Biomedical Engineering
- Computer Application
- Bioinformatics

FACULTY OF SCIENCE
B.Sc. & M.Sc. in :-
- Biotechnology
- Life Sciences
- Biochemistry
- Mathematics & Statistics
- Chemistry
- Industrial Chemistry
- Physics
- Microbiology
- Environmental Science
- Zoology with Chemistry / Botany
- Botany with Chemistry/Zoology

FACULTY OF AGRICULTURAL SCIENCE & TECHNOLOGY
B.Sc., B.Tech. & M.Sc. in :-
- Agriculture
- Agricultural Engineering
- Agribusiness Mgmt.
- Genetics & Plant Breeding
- Agronomy
- Soil Science
- Fruit Science
- Vegetable Science

FACULTY OF ARCHITECTURE, PLANNING & DESIGN
B. Arch. & M. Arch. in :-
- Architecture

B. Design in :-
- Fashion Design
- Product & Interior Design

FACULTY OF PHARMACY
Bachelor & Master in :-
- Pharmacy
- Pharmaceutics
- Pharmacology
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmacy Practice
- Pharm. D.
- Pharm. D. Post Baccalaureate

FACULTY OF EDUCATION
Bachelor & Master in :-
- Education
- D.El.Ed

FACULTY OF LAW
Bachelor & Master in :-
- Law
- B.A.-LLB
- BBA-LLB

INTEGRAL BUSINESS SCHOOL
Bachelor & Master in :-
- Business Administration
- MBA-Heath Care Mgmt.
- Financial Services
- Supply Chain Mgmt.

FACULTY OF COMMERCE
Bachelor & Master in :-
- Commerce
- Retail Operations Mgmt
- Business Analytics
- Hotel Management

FACULTY OF MEDICINE & HEALTH SCIENCES
Bachelor & Master in :-
- Physiotherapy
- Optometry
- Medical Laboratory Science
- Medical Radiological Imaging Science

B.Sc. in :-
- Anesthesiology & Intensive Care Technology
- Blood Banking Tech.
- Dialysis Technology
- Nutrition & Dietetics
- O. T. Technology
- Respiratory Care Tech.
- Cardiovascular Tech.
- Occupational Therapy

B.Sc. & M.Sc. in :-
- Forensic Science
- Medical Anatomy
- Medical Physiology
- Medical Biochemistry
- Medical Microbiology

M.Sc. in :-
- Medical Pharmacology
- Clinical Psychology

Master in :-
- Hospital Administration
- Public Health

FACULTY OF NURSING
B.Sc. & M.Sc. in :-
- Nursing (Basic)
- Nursing (Post Basic)
- Nursing

Diploma in :-
- General Nursing & Midwifery
- Auxiliary Nursing & Midwifery

FACULTY OF HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A. & M.A. in :-
- Economics
- History
- Political Science
- Psychology
- Sociology
- Liberal Arts
- International Relations
- Public Administration
- English
- Clinical Psychology

Bachelor & P.G. Diploma in :-
- Journalism & Mass Communication

Dual Degree Program with Szechenyi Istvan University, Hungary
Master in International Economics & Business (M.Sc.) & Master of Business Administration (MBA)
ONE SEMESTER IN HUNGARY

Dual Degree Program with Tashkent Institute of Chemical Technology, Uzbekistan
Master of Science in Biotechnology
ONE SEMESTER IN UZBEKISTAN

APPLY FOR IUET - 2025 Integral University Entrance Test
+91-93351 77775
website : www.iul.ac.in | e-mail : admission@iul.ac.in
INTEGRAL BUSINESS SCHOOL | INTEGRAL Start ps FOUNDATION | INTEGRAL HOSPITAL Committed to Better Health

एक नजर

कृषि यंत्रों की खरीद को 12 जुलाई तक करें आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के किसान कृषि यंत्रों की खरीद के लिए 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने पोर्टल पर किसानों से आवेदन मांगें हैं।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, किसानों की खेती को बढ़ाने के साथ ही उत्पादन अधिक व लागत कम की अवधारणा पर राज्य सरकार काम कर रही है। इसी के तहत किसानों को कृषि ड्रोन व कृषि यंत्र की खरीद पर निरंतर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान प्राप्त करने के लिए वर्तमान में आवेदन शुरू हो गया है। किसान विभागीय पोर्टल www.agridarshan.up.gov.in पर आवेदन करने के लिए पोर्टल के जरिए ही सभी विवरण प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि कृषि यंत्रों की बुकिंग 27 जून से शुरू हुई है, जो 12 जुलाई तक चलेगी।

केजीएमयू के रेस्पीरेटरी विभाग में लगेगी लिफ्ट

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रथम तल पर मरीजों को गोद में उठाकर ले जाना पड़ता है। ऐसे वीडियो भी वायरल हुए हैं। इसके बाद विभाग लिफ्ट लगवाने के लिए राजी हुआ है। अगले तीन-चार माह में लिफ्ट लगने की उम्मीद है। इंजीनियरों ने मुआयना कर लिया है। करीब 30 लाख रुपये से लिफ्ट लगाई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि जल्द से जल्द विभाग में लिफ्ट लगाई जाएगी।

हीट वेव से ग्रीन वेव की ओर बढ़ रहा प्रदेश : योगी

मुख्यमंत्री ने जुलाई माह में शुरू हो रहे पौधरोपण महाभियान 2025 का लोगो किया जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान पौधरोपण अभियान का लोगो जारी करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

अमृत विचार : प्रदेश में आगामी जुलाई माह में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। पौधरोपण महाभियान-2025 का लोगो जारी करते हुए कहा कि इस बार एक दिन में प्रदेश की कुल जनसंख्या से भी अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम थीम पर महाअभियान में सामूहिक प्रयास प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान को प्रदेशव्यापी जनांदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2024 के बीच प्रदेश में 204.92 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं और भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के हरित आवरण में ऐतिहासिक रूप से तीन लाख एकड़ की वृद्धि दर्ज की गई है, जो व्यापक जनसहभागिता से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव में एक अभिनव पहल की घोषणा करते हुए कहा कि वन महोत्सव की अवधि में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु को "ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट" प्रदान किया जाए, साथ ही शिशु के अभिभावकों को एक पौधा भी भेंट किया जाए।

प्रत्येक रोपे गए पौधे की हो जियो टैगिंग और फेंसिंग : मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक रोपे गए पौधे की जियो टैगिंग कराई जाए और उनकी फेंसिंग की समुचित व्यवस्था हो। जनता को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल और संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया जाए, ताकि लगाए गए पौध वृक्ष बन सकें।

अधिकारियों ने बताई तैयारी और कार्ययोजना : कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस बार वन विभाग द्वारा 12 करोड़ 60 लाख पौधे तथा अन्य विभागों द्वारा 22 करोड़ 40 लाख पौधे लगाए जाएंगे। विभागवार लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है और ग्रामीण व शहरी माइक्रोप्लान पर कार्य प्रगति पर है।

नदियों के पुनर्जीवन को भी केंद्र में रखने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव के अंतर्गत नदियों के पुनर्जीवन को भी केंद्र में रखने के निर्देश दिए। इस बार वन महोत्सव के अंतर्गत नदियों के दोनों तटों पर पौधरोपण कराया जाए, जिससे जल गुणवत्ता और जैव विविधता दोनों को लाभ मिले। साथ ही आवश्यकतानुसार नदियों का चैनलाइजेशन भी किया जाए। उन्होंने कहा कि नदियों के कैचमेंट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी तालाबों के किनारों पर भी पौधरोपण सुनिश्चित हो और इन जल स्रोतों के संरक्षण व पुनर्जीवन का कार्य भी समानांतर रूप से किया जाए।

जनता दर्शन में योगी ने दिया भरोसा इलाज कराएंगे, आवास भी देंगे

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में बीमार बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि अच्छे से अच्छा इलाज सरकार कराएगी। महिला और उसके परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसे लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया। योगी ने जनता दर्शन में आए करीब 200 लोगों से मुलाकात की।

समस्याएं सुनते हुए आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। मुख्यमंत्री ने जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया।

राष्ट्रपति की भव्य अगवानी करेगा गोरखपुर : प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की भव्य अगवानी में कोई खामी न रहे, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी ने लगातार दूसरे दिन शनिवार को भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया।

सैमसंग समेत चार कंपनियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- औद्योगिक विकास मंत्री ने विभागीय प्रस्ताव पर दी स्वीकृति

अमृत विचार : राज्य सरकार की ओर से सैमसंग समेत चार कंपनियों को 189.60 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इस सिलसिले में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विभागीय प्रस्ताव पर स्वीकृति दे दी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति के तहत निजी कंपनियों को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। औद्योगिक विकास मंत्री ने सैमसंग नोएडा समेत चार कंपनियों को 189 करोड़ 70 लाख 47 हजार 915 रुपए का प्रोत्साहन राशि जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। अब जल्द ही प्रोत्साहन सैमसंग समेत अन्य तीन कंपनियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इन कंपनियों में मेसर्स एलजी इलेक्ट्रानिक्स को 20 करोड़ 49 लाख 18 हजार 513 रुपये, मेसर्स पसवारा पेपर्स लिमिटेड मेरठ को दो करोड़ 57 लाख पांच हजार 275 रुपये, मेसर्स सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रानिक्स प्राइवेट लिमिटेड नोएडा को 124 करोड़ 58 लाख 43 हजार 888 रुपये और मेसर्स वरुण बेवरेजेज लिमिटेड संडीला हरदोई को 42 करोड़ पांच लाख 80 हजार 239 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

नए कानूनों के तहत 458 लोगों को दिलाई सजा

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के जरिए पिछले करीब एक वर्ष में तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत चिन्हित कुल 457 मामलों में 458 लोगों को सजा दिलाई गई है। इसकी हाल ही में बनारस में मध्य क्षेत्रीय परिषद की मीटिंग में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी काफी सराहना की। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की देश ही नहीं दुनिया भर में सराहना हो रही है। पिछली सरकारों में गुंडा राज और ध्वस्त कानून व्यवस्था के लिए पहचाने जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज सुशासन और सुदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए नई पहचान मिली है। अभियोजन एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पिछले करीब एक साल में तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत अब तक 457 मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। इनमें 4 अपराधियों को मृत्युदंड (फांसी की सजा), 10 अपराधियों को आजीवन कारावास, 425 अपराधियों को 20 वर्ष से कम कारावास की सजा और 19 अपराधियों को 20 वर्ष से अधिक कारावास की सजा दिलाई गई है। एडीजी ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 1 जुलाई 2024 से पूरे प्रदेश के 25 हजार वादों की सुनवाई में प्रभावी डिजिटल दस्तावेज और गवाहों के बयान दर्ज किए गए, जिससे पुलिस और सरकारी गवाहों को बार-बार अदालत आने की आवश्यकता कम हुई और योगी सरकार को लगभग 25 करोड़ रुपये की बचत हुई।

कॉरिडोर के नाम पर प्रदेश में लूट तंत्र सक्रिय : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर में विरासत गलियारा को लेकर सपा प्रमुख ने साधा निशाना

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गोरखपुर में 'विरासत गलियारा' को लेकर योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि कारिडोर के नाम पर भाजपाई लूट तंत्र सक्रिय है। यदि गोरखपुर वालों ने अपने मुंह खोल दिए तो वहां पर विरासत गलियारा की जगह हिरासत गलियारा बनवाना पड़ेगा।

प्रेस वार्ता करते अखिलेश यादव।

वे राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। अखिलेश यादव ने गोरखपुर में सपा कार्यकर्ताओं से हुई अभद्रता को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को भाजपा के लोगों ने बुलडोजर लेकर रोका। पीड़ित दुकानदारों से मिलने नहीं दिया। इसमें पुलिस-प्रशासन भी उन्हीं लोगों का साथ दे रहा था। अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर के डीएम व एसएसपी पर अभी कार्रवाई नहीं हुई तो सपा सरकार बनने पर इन अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। सपा मुखिया ने कहा कि गोरखपुर में जमीन-मकान का मुआवजा आपसी सहमति से नहीं, बल्कि बाजार की कीमत के हिसाब से देना चाहिए। सरकार पुलिस को आगे करके, डरा धमकाकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों से जबरदस्ती सहमति पत्र जारी करा रही है। जहां जमीन दिखती है, भाजपा उस पर कब्जा करने लगती है।

यही कारण रहा कि अयोध्या और प्रयागराज में लोकसभा सीट हारी। बनारस हारते-हारते बची है। अब अगला नंबर मथुरा और गोरखपुर का है। मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर के लिए सबसे पहली घोषणा झांसी से की थी। कहा था कि झांसी और गोरखपुर में मेट्रो बनाएंगे। सरकार के नौ साल होने जा रहे हैं। न तो झांसी में मेट्रो में बनी, न ही गोरखपुर में।

लक्कड़ शाह दरगाह के कथित ध्वस्तीकरण पर मांगा जवाब

विधि संवाददाता, अमृत विचार, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच की लक्कड़ शाह दरगाह के ध्वस्तीकरण के आरोप को लेकर दाखिल एक अवमानना याचिका पर राज्य सरकार के अधिवक्ता को आदेश दिया है कि वह मामले में पूरी जानकारी लेकर अगली सुनवाई पर अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने दरगाह प्रबंधन समिति की अवमानना याचिका पर पारित किया। याचिका में राज्य सरकार द्वारा 10 जून को मामले में कोर्ट में दिए गए आश्वासन के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कहा था कि बहराइच के मूर्तिहा वन रेंज स्थित लक्कड़ शाह समेत तीन अन्य मजारों पर ढहाने की कार्रवाई रोक दी गई है। कहा गया है कि बावजूद इसके 13 जून को ध्वस्तीकरण की करवाई शुरू कर दी गई।

संविधान से छेड़छाड़ की तो सड़क पर उतरेगी बसपा

मायावती ने कहा- कांग्रेस और भाजपा ने मिलकर संविधान में किए गैर जरूरी संशोधन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देशभर में मजबूत संगठन तैयार करेगी बसपा

अमृत विचार : बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अगर संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ की तो बसपा चुप नहीं बैठेगी। संविधान की रक्षा के लिए देश भर में सड़कों पर उतरेगी। बसपा प्रमुख शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस व भाजपा ने मिलकर संविधान में गैर जरूरी संशोधन किये हैं। उन्होंने कहा कि बसपा देश भर में मजबूत संगठन तैयार करेगी और आने वाले लोकसभा व राज्यों के विधानसभा चुनावों में मजबूती से उतरेगी। उन्होंने कहा कि सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर ने मानवतावादी संविधान दिया है, पर भाजपा व कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर के संविधान को कभी भी ईमानदारी से लागू नहीं किया। दोनों ही दलों ने समय-समय पर अपने राजनीतिक हितों, विचारधाराओं व नीतियों के लिए संविधान में गैर जरूरी संशोधन किये हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी अपने चाल-चरित्र व चेहरे को छुपाने के लिए लोगों का ध्यान हटाने के लिए ऐसी चालें चलती रहती हैं। संविधान बदलने की नीति में कांग्रेस व भाजपा दोनों की मिलीभगत रहती है।

लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बसपा प्रमुख मायावती, साथ में सतीश चंद्र मिश्रा व अन्य।

मतदाता सूची पर निर्वाचन आयोग स्थिति करे स्पष्ट

बसपा प्रमुख ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर सुधार के लिए जो बातें हो रही हैं, उसमें भारत निर्वाचन आयोग को अपनी स्थिति जरूर स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार, सभी भाषाओं का सम्मान होना चाहिए, इस पर वाद-विवाद ठीक नहीं। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में जातिवादी मानसिकता के तहत खासकर दलित वर्गों के लोगों का शोषण, अत्याचार व उत्पीड़न किया जा रहा है, यह भी कोई अच्छी बात नहीं है। देश में बीच-बीच में हो रही आतंकवादियों की घटना को लेकर केंद्र सरकार को पुलिस और जनता के साथ रहना चाहिए, ताकि कोई आतंकवादी संगठन अपने किसी भी मकसद में कामयाब न हो सके।

लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते धनगर महासभा के कार्यकर्ता।

यूपीएससी व यूपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बनेंगे मेंटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ने 11 जुलाई तक मांगे आवेदन

अमृत विचार : संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) या उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले पूर्व प्रशिक्षुओं को 'मेंटर' बनने का मौका मिलेगा। छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ने इच्छुक लोगों से आवेदन मांगें हैं।

इस पहल का लाभ उन युवाओं को मिलेगा, जिन्होंने पूर्व के वर्षों 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 में संस्थान से कोचिंग ली है। आवेदन की अंतिम तारीख 11 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट www.bhagidaribhawan.in पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार यादव ने बताया कि पांच युवाओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें प्रत्येक कक्षा के लिए 500 रुपये का मानदेय दिया जाएगा।

मालूम हो कि छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के युवा उम्मीदवारों को आईएएस-पीसीएस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी करवाई जाती है।

बच्चे सहित दो लोग मिले कोरोना पॉजिटिव

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में शनिवार को अलग-अलग इलाकों में एक बच्चे समेत दो लोग कोरोना पॉजिटिव आए हैं। दोनों मरीज होम आईसोलेशन में हैं। चिकित्सकों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि बीकेटी कठवारा गांव का रहने वाला 9 माह का बच्चा कोरोना पॉजिटिव आया है। बच्चे को हफ्ते भर से जुखाम-बुखार की शिकायत थी। परिजनों ने डॉक्टरों को दिखाया। डॉक्टर की सलाह पर जांच कराई तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सरोजनीनगर हाइडिल कॉलोनी के रहने वाले 42 वर्षीय पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिले में कुल कोविड धनात्मक रोगियों की संख्या 76 है। इसमें एक्टिव केस की संख्या 10 है।

रैपिड रेस्पांस मोबाइल टीमों की होगी तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बाढ़ग्रस्त इलाकों में इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की तैयारी
- चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

अमृत विचार : मानसूनी बारिश से बाढ़ आने पर प्रभावित इलाकों में इलाज, दवाएं और संक्रमण से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में लोगों का इलाज करने के लिए रैपिड रिस्पांस मोबाइल चिकित्सा दल का गठन किया जा रहा है। इसी के साथ प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एंबुलेंस, राहत शिविरों, बाढ़ चौकियों व उपचार केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं व नवजात शिशुओं के उपचार व टीकाकरण के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए हैं। इसके मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बाढ़ के दौरान प्रभावितों को इलाज के प्रबंधन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने कहा है कि मानसून में बाढ़ से प्रभावित होने वाले जिलों में चिकित्सकों तथा अन्य स्टाफ की तैनाती की तैयारी कर ली जाय। जिन चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती बाढ़ चौकियों पर की जाएंगी, उन्हें प्रशिक्षित कर दिया जाए।

बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील पीएचसी व सीएचसी पर भी बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिये हैं। संवेदनशील पीएचसी व सीएचसी जहां पर स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या पूरी नहीं है, वहां पर अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मिकों की तैनाती करने को कहा है। इन चिकित्सालयों पर मरीजों के लिए बेड की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रमुख सचिव ने मंडल के अंदर कार्मिकों की तैनाती की जिम्मेदारी अपर मंडलीय स्वास्थ्य निदेशक को दी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि संवेदनशील राजस्व ग्रामों में क्लोरीन टैबलेट व ब्लीचिंग पाउडर का डिपो बना लें, जिससे आवश्यकता पड़ने पर इनका प्रयोग तत्काल किया जा सके।

बाढ़ समाप्त होने पर जब पानी उतरने लगता है, उस समय जलजनित रोगों व महामारियों का खतरा सबसे अधिक होता है। निर्देशित किया गया है कि स्थितियां सामान्य होने तक सतत निगरानी रखी जाए।

बाढ़ क्षेत्रों के लिए भरपूर दवाओं का इंतजाम

राहत शिविरों, बाढ़ चौकियों तथा उपचार के अन्य केंद्रों पर एंटी डायरियल, ओआरएस पैकेट, बुखार की दवाएं, क्लोरोक्वीन टैबलेट, एंटीबायोटिक, आईवी फ्लूड्स, मल्टी विटामिन, आई ड्राप, डिवमिंग टेबलेट, स्कीन रोगों से संबंधित क्रीम, एंटी स्नैक वेनम, शिशुओं के टीके के साथ ही ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरीन टैबलेट, कीटनाशक, फागिंग के लिए स्पेस स्प्रे आदि रखने के निर्देश दिए गए हैं।

किसान मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन जारी

अमृत विचार : ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। इस बीच, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में प्रदेश भर में चल रहा विरोध प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स और संयुक्त किसान मोर्चा ने राज्य सरकार के सतर्कता विभाग के जरिए बिजली कर्मियों के खिलाफ एफआईआर कराये जाने की कड़ी निंदा करते हुए चेतावनी दी कि अगर बिजली कर्मियों का उत्पीड़न किया गया तो देश भर के बिजली कर्मचारी और किसान मूकदर्शक नहीं रहेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ने देश भर के बिजली कर्मियों का आह्वान किया कि प्रदेश में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया और दमनकारी रवैया के विरोध में 2 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर शामिल हों। संयुक्त किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

दक्षिणांचल निगम खत्म होने पर टोरंट का क्या होगा

विद्युत नियामक आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में ऊर्जा विभाग से पूछा सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा विभाग से सवाल करते हुए कहा कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम खत्म होने पर आगरा में बिजली आपूर्ति में लगी निजी फ्रेंचाइची कंपनी टोरंट का क्या होगा। आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में यह सवाल किया है। अंतरिम रिपोर्ट का जवाब मिलने पर आयोग वृहद रिपोर्ट भेजेगा।

सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट पर सरकार की ओर से अभिमत मांगे जाने पर पिछले दिनों नियामक आयोग ने वित्तीय खामियां बताते हुए सरकार को अंतरिम रिपोर्ट भेजी थी। सूत्रों के अनुसार, इसी रिपोर्ट में आयोग ने टोरंट के भविष्य को लेकर सवाल उठाये हैं। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की पोल लगातार खुलती जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पावर कॉरपोरेशन ने एनर्जी टास्क फोर्स के साथ मिलीभगत कर यह प्रस्ताव पास करा लिया कि दक्षिणांचल व पूर्वांचल बिजली कंपनी को तोड़कर पांच नई बिजली कंपनी बनाई जाएंगी, जिनका निजीकरण के तहत टेंडर किया जाएगा। यानि पांच नई बिजली कंपनियों के गठन की घोषणा के बाद ही दोनों बिजली कंपनियों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। दोनों कंपनियों के लगभग 1 करोड़ 72 लाख उपभोक्ता पांचों बिजली कंपनियों मे बंट जाएंगे। ऐसे में आगरा की टोरंट कंपनी के भविष्य को लेकर सवाल स्वाभाविक है।

अभियंताओं पर उद्योगपतियों के इशारे पर कार्रवाई करने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाते हुए कहा कि निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत बिजली अभियंताओं पर विजिलेंस की ओर से की गई कार्रवाई उद्योगपतियों के इशारे पर की गई है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों में जिस प्रकार की कार्रवाई चल रही है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि बिजली कंपनी को पावर कॉरपोरेशन नहीं, बल्कि उद्योगपतियों का प्रबंधन चला रहा है। कहा कि बिजली कंपनियों को खरीदने के पहले कार्मिकों को कमजोर किया जा रहा है, ताकि वे अपने अधिकारों की लड़ाई न लड़ पाएं और उद्योगपति बिजली कंपनियों को कम लागत में फायदा कमाने के लिए खरीद सकें। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही शर्मनाक और असंवैधानिक है। उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर उपभोक्ता चुप बैठने वाले नहीं हैं।

अमृत विचार आपके द्वार

'अमृत विचार आपके द्वार' की टीम रविवार 10 :30 बजे सदर स्थित उदयगंज चौराहे पर हनुमान मंदिर के पास पहुंचेगी। स्थानीय लोग और व्यापारी टीम के समक्ष अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। आपकी समस्याओं को अखबार प्रमुखता से उठाएगा।

शहर में आज

- लखनऊ विश्वविद्यालय में स्थित मालवीय हाल में सांख्यिकी दिवस का आयोजन– 10 :00 बजे।
- गोमती नगर विपिन खुंड स्थित रेनेसा होटल में भामाशाह रत्न सम्मान समारोह– 12 :15 बजे।
- एसएसजेडी इंटर कालेज घैला रोड फैजुल्लागंज में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह– 4 :00 बजे।
- एसजीपीजीआई के श्रुति ऑडिटोरियम में फैकल्टी क्लब की ओर से समर कैंप– 4 :00 बजे।

मर्सिये की मजलिस

इदारा-ए-तहफ्फुज-ए-मर्सियाख्वानी की ओर से इमामबाड़ा नाजिम साहब में मर्सियाख्वानी की दूसरी मजलिस में मोहसिन अब्बास ने मीर अनीस का मर्सिया पेश किया। उन्होंने सुनाया, नार से नूर की जानिब उसे लाई तकदीर, अभी ज़र्रा था अभी हो गया खुर्शीद-ए-मुनीर, शाफ़ि-ए-हश्र ने ख़ुश हो के बहल की तकसीर, तकिया ज़ानू-ए-शब्बीर मिला वक़्त-ए-आखिर। औज-ओ-इक़बाल-ओ-हशम फ़ौज-ए-ख़ुदा में पाया। जब हुआ ख़ाक तो घर ख़ाक-ए-शिफ़ा में पाया।

सच्चा आलिम बड़ी से बड़ी ताक़त के सामने भी सिर नहीं झुकाता

मौलाना कल्बे जव्वाद ने हजरत इमाम हुसैन के किरदार पर डाली रोशनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कर्बला दियानातुद्दौला से निकाले गए आमद काफ़िला हुसैनी के जुलूस में शामिल लोग।

अमृत विचार: मोहर्रम की दूसरी तारीख को इमामबाड़ों में हजरत इमाम हुसैन के किरदार पर रोशनी डाली गई। पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने जुल्म के सामने इस्लाम का सर झुकने नहीं दिया। अपना भरा घर लुटा दिया, लेकिन आतंकी मिजाज यजीद के साथ समझौता नहीं किया।

इमामबाड़ा गुफरानमआब में मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि सच्चा आलिम बड़ी से बड़ी ताक़त के सामने भी सिर नहीं झुकाता। आयतुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई ने सुपर पावर को ठुकरा दिया और आत्मसमर्पण की जगह मुकाबला करने को तरजीह दी। उन्होंने साबित किया कि हुसैनी सिर्फ खुदा के सामने सर झुकाते हैं। विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित मदरसा नाजमिया में मौलाना हमीदुल हसन ने कहा कि सूरा-ए-फातिहा से सिर्फ वही लोग एतराज करते हैं जिन्हें आखिरत पर भरोसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि जो लोग दुनिया से चले गए हैं उन्हें सवाब पहुंचाने का सिर्फ सूरा-ए-फातिहा ही वसीला है। इमामबाड़ा तकी साहब में मौलाना सैफ अब्बास ने विलायत की जरूरत और अहलेबैत की महानता पर अपनी मजलिस को खिताब किया। हजरत अली के पिता हज़रत अबू तालिब की अजमत उनके ईमान और महानता पर भी उन्होंने चर्चा की। इमामबाड़ा आगा बाकर में मौलाना मीसम जैदी ने कहा कि मजलिसें मजलूमों का गम मनाने के लिए हैं। मौसम चाहे जैसा हो लेकिन हमारे गम पर वो असर नहीं दाल पाता है। कर्बला में तो ऐसी गर्मी थी कि जैसे आग बरस रही हो, उसमें भी हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को भूखा-प्यासा शहीद कर दिया गया। छह महीने के अली असगर की प्यास पर भी दुश्मन को रहम नहीं आया।सआदत अली खां के मकबरे में मौलाना मुराद रजा ने कहा कि सआदत अली खां के मकबरे में मौलाना मुराद रजा ने कहा कि अल्लाह ने इंसान को आजाद पैदा किया। आजादी इंसान के लिए सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि कर्बला हमें गुलामी से आजादी की तरफ ले जाने का पैगाम देती है। छोटे इमामबाड़े में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने कहा कि हमें कर्बला का मकसद समझने के लिए विलायत को अपना केन्द्र बनाना होगा। कर्बला का हर किरदार चाहे वह हजरत अब्बास की वफादारी हो या हजरत अली अकबर की कुर्बानी सब विलायत की इताअत का अक्स हैं।

कर्बला में निकला काफिला-ए-हुसैनी

हजरत इमाम हुसैन का कारवां दो मोहर्रम को कर्बला पहुंचा था। इसी की याद में शनिवार को कर्बला दियानतुद्दौला में इदारा-ए-सक्का-ए-सकीना ने जुलूसे आमद-ए-काफिले हुसैनी का मंजर पेश किया। काफिले की आमद से ठीक पहले मौलाना कल्बे जवाद ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस खत्म होने के साथ ही कर्बला परिसर में काफिले की आमद हुई। सबसे आगे ऊंट पर सवार शख्स मुनादी करता दिखाई दिया। ऊंटों पर अमारियां, जुलजुनाह, अलम, हजरत अली असगर का झूला, काली, हरी झंडियां लिए बच्चे जुलूस की शक्ल में पहुंचे तो काफिले का अंदाज देखकर लोग रो पड़े।

जगन्नाथ जी को लगाया 56 भोग

अमृत विचार,लखनऊ: डालीगंज स्थित लइया मंडी मैदान में माधव मंदिर के वार्षिक उत्सव में दरबार सजाकर जगन्नाथ जी, बलदेव और सुभद्रा को 56 भोग लगाया गया। पंडित लालता प्रसाद ने पूजा अर्चना और आरती की। मंदिर समिति के प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि नैमिषारण्य धाम, अयोध्या धाम तथा लखनऊ के आस पास के जिलों से 400 से अधिक संतों का सम्मेलन किया गया। जिसमें महंत पवनदास कोतवाल, संत मण्डल सर्वधर्म सद्भावना को बढ़ाने तथा पवन शास्त्री वैदिक ग्रंथों के अध्ययन के प्रचार प्रसार पर जोर दिया गया। वृंदावन धाम से मुरारी लाल तिवारी ने कृष्ण लीला उत्सव मनाया। जिसमें चरकुला नृत्य, मयूर नृत्य, फोली को होली, माखन चोरी की लीलाओं का मंचन किया गया। भजन गायक धनंजय मितूल ने भजन प्रस्तुत किए। बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, ओमकार जैसवाल, घनश्याम दास अग्रवाल, श्यामजी साहू, दिनेश आदि मौजूद रहे।

मोहर्रम पर शुरू हुई प्रदर्शनी

अमृत विचार, लखनऊ : वन वाइस ट्रस्ट ने फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के सहयोग से लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में मोहर्रम पर 17वीं अंतरराष्ट्रीय फोटो और पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें देश भर के 21 छायाकार और 7 विदेशी छायाकारों ने हिस्सा लिया। पेंटिंग ने 38, कैलीग्राफी में 45 कलाकार शामिल हुए। जिसमें करामत कालेज व यूनिटी कॉलेज के 24 विद्यार्थी भी शामिल हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन शाहिद मंजर (आईएएस), इरा मेडिकल कालेज के कुलपति डॉ. अब्बास अली मेहदी, महंत देव्या गिरि, न्यायधीश, आबिद शमीम, डॉ. मधु गुप्ता, मौलाना अली रज़ा, नजमुल हसन नजमी, पीसी सरकार, आदि ने किया।

प्रदर्शनी में लगे चित्र देखतीं महिलाएं और बच्ची। अमृत विचार

इन छायाकारों के चित्र प्रदर्शित

छायाकारों में मनोज छाबड़ा, आज़म हुसैन, मोहम्मद कमर, मुश्ताक़, नजमुल हसन, अली ज़ैन नक़वी, अंकित सिंह, सैफ रज़ा (लखनऊ), योगेश पाल (दिल्ली), शमशीर वारसी (देहरादून), एमन ज़हरा (कारगिल), मुस्तफा (शिमला), बाक़र नक़ी (हैदराबाद), ज़फर (श्रीनगर), असद (अमेठी), मोहम्मद नदीम (आगरा), मुसद्दीक़ रज़ा क़ुम्मी, शबीह रज़ा, मोहसिन करम अली (ईरान), हिकमत इलयासी, अली अब्दुल करीम (इराक), रूबी एस हैदर (लंदन), अहसन रिज़वी (स्पेन) के चित्र प्रदर्शित किए गए हैं।

इनकी पेंटिंग हुई प्रदर्शित

पेंटिंग व कैलीग्राफी कलाकारों में जामी होसैन, डॉ. कृष्णा मोहन (गुड़गांव), निशात परवेज़ (कानपुर), महताब शाह वारसी (देहरादून), सिमना अख्तर, हयात अय्यूब (शाहजहांपुर), इरतिक़ा ज़ैदी (बरेली), निगार फात्मा (जौनपुर), साहिबा ख़ान (अलीगढ़), तय्यबा माजिद, वनीज़ा स्वालेह, खुशनुमा (मुरादाबाद), विदेशी कलाकार जलाल फॉड (इराक़), हाशिम अख़्तर, तबस्सुत फात्मा, सबीहा हसन सुम्बुल, समरीन फात्मा, बरीज़ा नाज़िम, मिनाल रज़ा, मधियां शेख, निक़हत फात्मा, लायबा अन्सारी, फायक़ अहसन, आराधना कांति, फाक़िया, रमशा मिर्ज़ा, लायबा मिर्ज़ा, वली हुसैन रिज़वी, मुम्ताज़ जहां, जवाहर अब्दुल, फौज़िया ख़ातून, ज़ुवैरिया ख़ातून, सफिया इरशाद, मोहम्मद तौफ ख़ान, खिज़रा फात्मा, सिमना ख़ान, मरियम मुर्तज़ा, अनीसा ख़ातून, लक्ष्मी सिंह, लुबना, नशरा फिरदौस, उम्मे ज़ैनब, सुमैय्या खातून, अनम जहरा (लखनऊ) के कलाओं का प्रदर्शन किया गया है।

Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458

APPOINTMENT नियुक्ति
VARUN ARJUN UNIVERSITY
FACULTY REQUIREMENT

Departments	Vacancies Open
Hospital Administration	Assistant Professor
Forensic Science	Assistant Professor
Computer Application	Assistant Professor
Department of Management	Assistant Professor

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to varunarjuntrust@gmail.com
Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
JUST NOW
WE ARE HIRING!
JOIN OUR TEAM
APPLY NOW!
Send your resume at: hr@amritvichar.com
For more info contact: PH.: 0522-4008111, 94108 28979
POSITION AVAILABLE
☑ MARKETING EXECUTIVE
Experience (2-3 Years)/ Fresher's can also apply
☑ CIRCULATION EXECUTIVE
Experience (2-3 Years)/ Fresher's can also apply
☑ DIGITAL MARKETING EXECUTIVE
Experience In Digital Marketing
Email - trinath.shukla@amritvichar.com Co.no- +91-9889191252
Lucknow office: 16A, Jopling Road, Lucknow (U.P.) - 226001

ONE PLATFORM A COMPLETE SOLUTION FOR BIOLOGY STUDENTS
12वीं बायलॉजी के बाद क्या-क्या ऑपशन हैं आपके पास ?
CAREER COUNSELLING & ADMISSION GUIDANCE FOR BIOLOGY STUDENTS
MBBS BDS, BAMS BHMS, BUMS
कहाँ से करें, कैसे करें, गवर्नमेंट कॉलेज में सेलेक्शन कैसे प्राप्त करें?
❑ जानिए विदेश में एम.बी.बी.एस. मेडिकल कॉलेज आपके बजट में किस देश और युनिवर्सिटी में बेहतर रहेगा।
❑ विदेश में एम.बी.बी.एस. और इण्डिया में Dental, Ayurvedic युनानी मेडिकल कॉलेज में स्कॉलरशिप कैसे पायें।
❑ जानिए यू.पी. और इण्डिया में प्राइवेट, एलोपैथिक, Dental, Ayurvedic, Homeopathic, मेडिकल कॉलेज कौन सा बेस्ट है।
❑ यदि आप Neet में Qualified नहीं हो पाये और Medical Field में बने रहना चाहते है तो आपके पास क्या विकल्प है?
❑ Medical field Students के Career के लिए Options क्या क्या है?
IN KAZAKHSTAN GEORGIA UZBEKISTAN RUSSIA KYRGYZSTAN BANGLADESH EGYPT
में आपके लिए कौन सी युनिवर्सिटी बेस्ट है
South Kazakh Medical Academy Kazakhstan Representative office in Lucknow में अब किसी Indian Agent की जरूरत नहीं
Admission के लिए डायरेक्ट युनिवर्सिटी रिप्रेसेंटाटिव से संपर्क करें।

International Black Sea University | Pitrim Sorokin Syktyvkar State University | South Kazakh Medical Academy
SCHOLARSHIP
MBBS ADMISSION
IN ABROAD SPONCERED BY MBBS Route SCHOLARSHIP AVAILABLE ON FIRST COME FIRST BASIS
20 TO 30 BUDGET: Pitrim Sorokin Syktyvkar State University, Namangan State University, Ivanovo State Medical Academy, Yaroslaval State Medical University
30 TO 40 BUDGET: Bashkir State Medical University Russia, National Research Lobachevsky University, South Kazakh Medical Academy, Kazakh National Medical University
40 TO 50 BUDGET: Caucus International University, Tbilisi Medical Academy, International Black Sea University
MBBS अब सपना नहीं हकीकत है
20 लाख में (6 साल) की पूरी पढ़ाई रहने खाने एवं VISA तथा मेडिकल के साथ
Anshika Soni
CAREER COUNSELOR
14 वर्षों का अनुभव
→ Ajay Kumar Gupta who has been awarded by the central minsiter Arjun Ram Meghwal for best career counseling. U.P. Cabinate Law Minister Brijesh Pathak, Amar Ujala, Dainik Jagran-Inext, A.K.T.U. Vice Chancellor and Lucknow University Vice Chancellor.
→ Get a Career Counselor from up to know about your child's future.
Awarded U.P. Educationist
Study Russia Kazakhstan Georgia
INVITES INDIAN STUDENTS FOR DIRECT GOVERNMENT, MEDICAL UNIV ADMISSIONS
ALL SOLUTION IN MEDICAL FIELD EDUCATION AFTER 12TH IN ONE PLATFORM
➢ BEST COACHING ➢ ONLINE COACHING ➢ MBBS ABROAD ➢ SCHOLARSHIP ➢ KNOW BEST PRIVATE BDS, BAMS, BHMS, BUMS COLLEGE IN YOUR BUDGET ➢ PHARMACY COURSE ➢ PARAMEDICAL COURSES ➢ LIFE SCIENCES COURSE ➢ VETERINARY SCIENCE ➢ IF NEET NOT QUALIFIED THEN OPTIONS?
कॅरियर क्षेत्र के उचित चुनाव हेतु कॅरियर काउंसलर अंशिका सोनी से सुझाव लें
Address- 43/8-12 Nawal Kishore Road Front of Padmakar Bhawan, Near CBI office Hazratganj, Lucknow- 226001
8881966002

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

Providing Consciousness Based Education Since 1984
MAHARISHI VIDYA MANDIR, LUCKNOW
AFFILIATED TO CBSE, DELHI
(PLAY GROUP TO XII)
ADMISSION OPEN
SESSION : 2025-26
Classes - Play Group to IX & XI
PRISHA YADAV Topper Class - XII 94.80%
TANISHKA JAISWAL Topper Class - X 94.60%
DEVAANSH SRIVASTAVA IIT Cracker
SIDDHANT CHATURVEDI IIT Cracker
BOARDING/DAY BOARDING FACILITY AVAILABLE
8114001812, 8114001813, 8114001814
IIM ROAD, LUCKNOW
Website : www.mvmlucknow.in
Email : mvm.lkoadmission@gmail.com
@mvm.lko mvm.lko Maharishi Vidya Mandir Lucknow

RAMESHWARAM INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT
Approved by AICTE, PCI, New Delhi & Affiliated to A.K.T.U., & B.T.E., Lucknow
B.Tech | M.Tech | Polytechnic | B. Pharm | D. Pharm | M. Pharm | MBA
Our Other Campus: SITAPUR (Pharmacy, 10+2 CBSE School), GONDA (Polytechnic), RAIBARELI (Polytechnic), PRAYAGRAJ (D.El.Ed. (BTC), ITI)
ADMISSIONS OPEN 2025-26
Why Join RITM ?
- IIRF State Rank -14 & All Indian Rank 166 in Engg.
- Regular Industrial Visit & Industrial Projects.
- Industrial Training tie-ups in MNC's.
- Regular Campus Placement
- Personality Development Programmes & soft skill programmes by the Team of Professionals.
- Regular software development/AutoMobile/ Drone Technology/Workshops by the Experts.
- Incubation & Start-up programme cell as per AICTE.
- Hi-Tech Computer Labs
- Wi-Fi Campus (Reliance Jio)

Proposed Scholarship (For B.Tech & MBA Students)

Percentage in 12 / Graduation	Scholarship
90% and above	0% Tuition Fee
85% and above	50% Tuition Fee
80% and above	35% Tuition Fee
75% and above	30% Tuition Fee
70% and above	20% Tuition Fee

* Student will pay additional charges

Courses Offered
POLYTECHNIC/ DIPLOMA (BTE Code - 298)

Branch	Seats
Civil Engg.	60
Electrical Engg.	60
Mechanical (Prod.) Engg.	60
Electronics Engg.	60

B.TECH (AKTU Code - 358)

Branch		Seats
Civil Engg.	(CE)	60
Mechanical Engg.	(ME)	60
Computer Science Engg.	(CS)	120
Electronics & Comm. Engg.	(EC)	60
Electrical Engg.	(EE)	60

M.Tech (AKTU Code-358)

Branch	Seats
Computer Science Engg.	24
Electronics & Comm. Engg.	24

MANAGEMENT (AKTU Code-203/358)

Branch	Seats
MBA (HR/MKT./IT/IB/FIN./OM)	180

PHARMACY (AKTU Code-203)

Course	Seats
D.Pharm	60
B.Pharm	100

M.Pharm (AKTU Code-203)

Branch	Seats
Pharmaceutics	12
Pharmacology	06
Pharmacognosy	09

Eligibility: As per AICTE / State Govt. Norms.
NH-24, Govindpuram, Opp. AKTU, Sitapur Road, Lucknow-227202 (UP), 9838640044, 9335076004, 9554961283

एक नजर

घायल डिलीवरी ब्वॉय की अस्पताल में मौत

अमृत विचार, काकोरी : पारा इलाके के आलमनगर पुल पर डिलीवरी ब्वॉय नितिन शर्मा (23) को 23 जून को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां उसकी शनिवार को मौत हो गई। वादरखेड़ा बुद्धेश्वर निवासी नितिन शर्मा ब्लिंकिट में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। मृतक नितिन के चाचा पिंकू शर्मा ने बताया कि 23 जून को दोपहर के समय डिलीवरी देने जा रहा था। जैसे ही वह आलमनगर पुल पर पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। परिवार में मां रेखा शर्मा और भाई सचिन है।

दुष्कर्म की रिपोर्ट वापस न लेने पर पीड़िता को पीटा

अमृत विचार, मोहनलालगंज : कल्ली पूरब निवासी युवती की दोस्ती हैवतमऊ निवासी युवक से थी। शादी करने का झांसा देकर आरोपी ने पांच साल तक यौन शोषण किया। पीड़िता ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था। जमानत पर छूटने के बाद से ही आरोपी और उसकी पत्नी केस वापस लेने का दबाव बना रहे थे। 19 मई को आरोपी की पत्नी ने युवती पर हमला भी कराया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मारपीट की तहरीर उसने दी थी। जिसके बाद आरोपी के पक्ष से दरोगा ने युवती को फोन कर समझौते का दबाव बनाने का प्रयास किया। जिसकी ऑडियो क्लिप भी वॉयरल हुई थी।। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को पीड़िता ने तहरीर दी है। जिसके आधार पर मारपीट और गाली गलौज किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

हत्यारोपी को अगवा कर पीटा, चाकू से गोदकर हत्या

भाई की तहरीर पर मदेयगंज थाने में दो नामजद व दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मदेयगंज के शिवनगर ढाल के सामने प्लॉट में मिला शव
- मुंबई से हत्या के मामले में पेशी के लिए आया था रायबरेली

अमृत विचार: मदेयगंज में रायबरेली निवासी साबिर अली (35) को शुक्रवार देर रात अगवा कर एक कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा गया। उसके बाद आरोपियों ने साबिर चापड़ और चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को शिवनगर ढाल के सामने एक खाली प्लॉट में फेंककर आरोपी भाग निकले। राहगीरों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। छानबीन में पता चला कि साबिर एक हत्या के मामले में पेशी के लिए मुंबई से रायबरेली आया था। मदेयगंज पुलिस ने परिजन की तहरीर पर दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

डीसीपी ने बताया कि साबिर अली मूल रूप से रायबरेली कस्बे का रहने वाला था और पिछले कुछ वर्षों से मुंबई में नौकरी कर रहा था। उसका शव देर रात करीब पौने दो बजे मदेयगंज स्थित शिवनगर ढाल के सामने खाली प्लॉट में पड़ा मिला था। आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि कुछ युवक साबिर को पास के एक घर में लाए थे। वहीं उसकी पिटाई की। उसके बाद चापड़ और चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। चीख-पुकार की आवाज आने के बाद कुछ देर में शव मिला।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस मकान में पिटाई हुई थी, वह मुन्ना घोसी का है। मुन्ना पिटाई से पहले वहां पहुंचा था। पुलिस ने मृतक के भाई वसीम की तहरीर पर मुन्ना घोसी, सईद और दो अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वसीम ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2017 में साबिर रायबरेली निवासी मुन्ना के बेटे पप्पू की हत्या में शामिल था। जिसकी कोर्ट में कई वर्षों से सुनवाई चल रही है। उसकी सुनवाई में साबिर कोर्ट आता था।

स्टेशन से लेकर आया था सईद

पुलिस ने बताया कि सोमवार को कोर्ट में सुनवाई होनी थी। पेशी के लिए साबिर मुंबई से रायबरेली आया था। उसके बाद शुक्रवार रात वह रायबरेली से चारबाग स्टेशन पहुंचा था। वहीं से सईद उसे लेकर खदरा आए थे। पुलिस मुन्ना घोसी और सईद की तलाश में छापेमारी कर रही है। छानबीन में सामने आया की हत्या की तैयारी पहले से की जा चुकी थी।

रायबरेली पुलिस की भी दो टीमें लगीं

पप्पू की हत्या की रिपोर्ट रायबरेली के शहर कोतवाली में दर्ज है। ऐसे में हत्या के बाद रायबरेली पुलिस से भी जानकारी हासिल की गई। इसपर आरोपियों की तलाश में वहां की दो टीम लगाई गई है।

मिक्सर मशीन में उतरा करंट, तीन की हालत नाजुक

संवाददाता, पीजीआई

- अंतरिक्ष अपार्टमेंट में छत ढलाई के समय हुआ हादसा

अमृत विचार: वृंदावन योजना सेक्टर-11 स्थित अंतरिक्ष अपार्टमेंट में शनिवार को ढलाई करते समय मिक्सर मशीन में अचानक करंट उतर आया। करंट की चपेट में आने से चार मजदूर घायल हो गये। घायल मजदूरों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। मजदूरों के परिजन ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

अंतरिक्ष अपार्टमेंट के पार्किंग एरिया में ढलाई का काम चल रहा है। मौके पर मौजूद भोलानाथ और अन्य मजदूरों के मुताबिक शनिवार को ढलाई का काम चल रहा था। अचानक मिक्सर मशीन में करंट आ गया। करंट की चपेट में सबसे पहले वहां काम कर रहा नीरज आया। उसे बचाने के लिए अजय और दीपू दौड़े दोनों भी मशीन में चिपक गये। यह देख दूसरे अजय नाम के मजदूर ने बिजली की आपूर्ति काट दी। इसके बाद मजदूरों को मशीन से अलग किया। इस दौरान वह भी घायल हो गया। जबकि गंगाराम सुरक्षित बच निकले। गंगाराम के शोर मचाने पर आसपास काम कर रहे अन्य मजदूर व राहगीर दौड़े। किसी तरह मजदूरों को गाड़ियों से ट्रामा-टू लेकर गये। जहां तीन मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

दुकानदार पर चाकू से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आरोपी दोस्तों ने पहले पैरों पर मारे डंडे, फिर चलाया चाकू
- वजीरगंज कोतवाली में चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: कैसरबाग बस स्टेशन के पास खाना खिलाने के बहाने से दुकानदार को उसके साथियों ने बुलाया। बातचीत करते हुए दुकानदार को चार आरोपी जिला पंचायत कार्यालय परिसर में लेकर गए। जहां डण्डे से ताबड़तोड़ वार करने के बाद चाकू से हमला किया। पैर में चाकू लगने से दुकानदार घायल हो गया। इलाज कराने के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अमीनाबाद पार्क स्थित पीर जलील निवासी करन सोनकर ने बताया कि गुरुवार की रात करीब दस बजे खाना खाकर घर के पास टहलने निकला था। इस बीच गन्नू सोनकर ने उसे आवाज देकर बुलाया। गन्नू के साथ साहिल सोनकर, वीर और राहुल थे। करन को साथ लेकर चारों लोग कैसरबाग बस स्टेशन के पास ले जाने लगे। पूछने पर बताया कि कुछ खाकर आते हैं। पीड़ित के मुताबिक बस स्टेशन के पास पहुंचने के बाद उसे जिला पंचायत कार्यालय परिसर में ले ले गए। जहां गन्नू, राहुल, वीर और साहिल ने मिलकर पीटना शुरू कर दिया।

डण्डे से पीड़ित के पैर पर कई वार किए। जमीन पर गिरने पर आरोपी ने चाकू से हमला किया। पैर पर चाकू लगने फिर चाकू से हमला किया। किसी तरह से दोस्तों के चंगुल से भागकर पीड़ित बलरामपुर अस्पताल पहुंचा। उसके बाद वजीरगंज पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस जिला पंचायत कार्यालय परिसर में गयी लेकिन आरोपी भाग निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

महिला वरिष्ठ सहायक की चेन ले उड़ी महिला टप्पेबाज

अमृत विचार, लखनऊ : चारबाग से जिलाधिकारी कार्यालय जाने के लिए ई-रिक्शे में बैठी वरिष्ठ सहायक की चेन सवारी बन बैठी महिलाओं ने गायब कर दी। पीड़िता ने अमीनाबाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर अमीनाबाद सुनील कुमार आजाद ने बताया कि बासमंडी से श्रीराम रोड तक के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कल्ली पश्चिम निवासी अल्का यादव कलेक्ट्रेट में वरिष्ठ सहायक है। गुरुवार सुबह चारबाग से कलेक्ट्रेट जाने के लिए वह ई-रिक्शे में बैठी थी। बासमंडी चौराहे के पास पांच महिलाएं भी रिक्शे में आकर बैठ गई। जगह कम थी। ऐसे में दो महिलाएं अल्का के अगल-बगल सीट पर बैठी हुई थी। कुछ दूर पहुंचने पर ई-रिक्शा महिलाएं उतर गई। हीवेट रोड से अमीनाबाद श्रीराम चौराहे के पास पहुंचने पर अल्का ने गले पर हाथ लगाया तो चेन गायब थी। काफी तलाशने पर भी चेन का पता नहीं चला।

बाइक की टक्कर से छात्र की मौत

संवाददाता, गोसाईंगंज

- पिता की तहरीर पर गोसाईंगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: थाना क्षेत्र स्थित जेल रोड पर बेकाबू बाइक ने कक्षा-6 के छात्र को टक्कर मार दी। हादसे में छात्र बुरी तरह घायल हो गया। परिजन ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शनिवार को पिता की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस जेल रोड के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। वहीं, आलमनगर ओवरब्रिज पर हुए हादसे में घायल कुरियर कंपनी के डिलीवरी ब्वॉय ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

इंस्पेक्टर गोसाईंगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि देवासिंह खेड़ा गांव निवासी समर (13) निजी स्कूल में पढ़ता था। पिता दयाशंकर ने बताया कि शुक्रवार देर शाम 7:30 बेटा पैदल अपने बाग जा रहा था। जेल रोड पर सड़क पार करने के दौरान बेकाबू बाइक सवार ने समर को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कुछ फीट उछलकर वह सड़क पर गिकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद आरोपी चालक बाइक लेकर भाग निकला। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने हादसे की जानकारी दयाशंकर को दी। समर को पीजीआई के ट्रामा 2 पहुंचाया, जहां उसने दम तोड़ दिया। दयाशंकर ने बताया कि बड़ी मन्नतों के बाद बेटा हुआ था। घर में इकलौता होने के कारण वह सबका दुलारा था। बेटे की मौत खबर सुन मां सुनीता और दो बहनें सोनाली और सोनाक्षी का बुरा हाल है।

वहीं, तालकटोरा के आलमनगर ओवर ब्रिज पर हुए हादसे में घायल पारा के बादल खेड़ा निवासी कुरियर कंपनी के डिलीवरी ब्वॉय नितिन शर्मा (22) ने शुक्रवार रात दम तोड़ दिया। भाई सचिन शर्मा ने बताया की नितिन बीते सोमवार दोपहर एक बजे हेलमेट लगाकर बाइक से ऑर्डर की डिलीवरी देने जा रहे थे। तभी बाइक किसी वाहन से टकरा गई। कंपनी के कर्मचारियों ने नितिन को ट्रामा सेंटर पहुंचाया था। जहां उनकी मौत हो गई।

त्वरित सहायता पहुंचाना ईगल मोबाइल का कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

ईगल मोबाइल टीम की सक्रियता परखते डीसीपी क्राइम। अमृत विचार

अमृत विचार: ईगल मोबाइल टीम का पहला काम सूचना मिलने पर पीड़ित को त्वरित सहायता प्रदान करना है। साथ ही गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनका डाटा जुटाना। संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर उनके रिकार्ड को अपराधियों के दस्तावेज से मेल करना है। यह बातें डीसीपी क्राइम ने शनिवार को ईगल मोबाइल टीम की सक्रियता परखने के दौरान कही।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित ने ईगल मोबाइल टीम के पुलिसकर्मियों से कहा कि अपराध स्थलों पर त्वरित पहुंचें। किसी भी अपराध (जैसे चोरी, डकैती, हत्या आदि) की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करें। संवेदनशील इलाकों में नियमित गश्त करते रहें, जिससे कि अपराधियों में भय और आम जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे। उपलब्ध संसाधनों की मदद से संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर रिकॉर्ड मिलान करते हुए अपराधियों से संबंधित सूची को अपडेट रखें। डीसीपी कमलेश दीक्षित ने बताया कि ईगल मोबाइल टीम का प्रमुख कार्य अपराध पर त्वरित नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी और रोकथाम, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना, जनता को पुलिस सहायता तुरंत प्रदान करना आदि शामिल है।

जाली नोट छापने वाले गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: जाली नोट छापकर देश के कई राज्यों में तस्करी करने वाले गिरोह का एक और सदस्य शनिवार को सीतापुर से गिरफ्तार किया गया। एटीएस की टीम ने सीतापुर के सिधौली स्थित गांधी नगर में छापा मारकर आरोपी को दबोचा। उसके पास से 1,05,000 रुपये जाली भारतीय मुद्रा बरामद किया। पकड़े गये युवक का कनेक्शन हापुड़ के पिलखुआ से पकड़े गये गजेंद्र यादव के गिरोह से है। गजेंद्र से जाली नोट लेकर बेचता था। एटीएस के अधिकारी के मुताबिक छापेमारी में सीतापुर के सिधौली स्थित गांधीनगर के अनस अहमद को अहमदपुर से पकड़ा गया। उसके पास से 1,05,000 रुपये जाली भारतीय मुद्रा बरामद किया गया। एटीएस अधिकारियों की पूछताछ में सामने आया कि अनस बागपत निवासी रेलवे कर्मचारी गजेंद्र यादव के गिरोह के लिए काम करता है। गजेंद्र ने ही उसे जाली नोट बेचने के लिए दिये थे। एटीएस की टीम ने अनस के पास से 500 के 22, 200 के 94 और 100 रुपये के 8 नोट बरामद किये। इसके अलावा ए4साइज के 70 शीट थ्रेड पेपर जिस पर 200 रुपये और 46 शीट जिस पर 100 रुपये के जाली नोट छपे बरामद किया।

सार-संक्षेप

गांधी ग्राम मोड़ पर पकड़े गए तस्कर, 14 कछुआ बरामद

अमृत विचार, पीजीआई : पीजीआई के गांधी ग्राम मोड़ पर शुक्रवार को पुलिस व वन विभाग की टीम ने वन्य जीव तस्करों के गिरोह को पकड़ा। जिसमें एक महिला और दो पुरुष शामिल थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने 14 कछुए बरामद किये हैं। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह के मुताबिक पुलिस व वन विभाग की टीम ने शुक्रवार दोपहर दो बजे के लगभग वृन्दावन योजना के पासी चौराहे से गांधी ग्राम मोड़ के पास घेरा बंदी कर महिला समेत तीन तस्करों को पकड़ लिया। उनके पास बरामद बोरी में सुंदरी प्रजाति के 14 कछुए बरामद हुए। आरोपियों में जैल, गीता और पूरन गांधी ग्राम के ही रहने वाले है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया। वहीं बरामद कछुओं को वन विभाग की निगरानी में रेंज कार्यालय सरोजनीनगर परिसर में रखा गया है।

शारदा नहर में मिले बच्चे के शव की हुई शिनाख्त

अमृत विचार, काकोरी : जलियामऊ गांव के पास शारदा नहर में एक अज्ञात बच्चे का शव पानी में उतराता मिला था। जिसकी शिनाख्त हो गई है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर के मुताबिक शनिवार को हरदोई के कछौना निवासी गुड्डू ने फोटो व पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पुत्र अर्हम (3) वर्ष के रूप में की है। बताया कि 24 जून को थाना कछौना में गुमशुदगी दर्ज करवाया था। जनपद हरदोई से कछौना थाने की पुलिस भी आवेदक के साथ आई थी बच्चे के शव को पोस्टमार्टम करा दिया गया आगे की कार्यवाही की जा रही है।

धार्मिक यात्रा पर गया था परिवार, घर में लाखों की चोरी

अमृत विचार, आशियाना : आशियाना इलाके के रजनी खंड निवासी आर्टिस्ट सत्यदेव राजपूत परिवार संग हरिद्वार धार्मिक यात्रा पर गये थे। इस दौरान घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के जेवर व नकदी साफ कर दिया। एक सप्ताह बाद वापस घर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने विधायक से शिकायत की, इसके बाद शनिवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया। पेशे से पेंटिंग आर्टिस्ट सत्यदेव राजपूत पत्नी मांसी और एक बेटी के साथ रजनी खंड में रहते हैं जबकि उनकी दो बेटियों की शादी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि वह बीते 20 जून को परिवार के साथ हरिद्वार की यात्रा पर गये हुए थे। गुरुवार की सुबह घर वापस आये तो मेन बंद था, लेकिन जैसे ही अंदर गये तो कमरों के सारे दरवाजों और अलमारियों के लॉक टूटे थे, सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने उनके घर से दोनों बेटियों व पत्नी के लगभग पांच लाख के जेवरात और 25 हजार नगदी चुराई है। सत्यदेव ने पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी तो पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और तहरीर थाने में देने को कहा। आरोप है कि गुरुवार को तहरीर देने के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शनिवार को जब सत्यदेव कुछ लोगों के साथ सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह के कार्यालय शिकायत की। इसके बाद विधायक प्रतिनिधि ने इंस्पेक्टर आशियाना को बुलाया और रिपोर्ट दर्ज करने को कहा।

मेट्रो स्टेशन में यात्री के पास मिला कारतूस

अमृत विचार, लखनऊ : चारबाग मेट्रो स्टेशन पर चेकिंग के दौरान एक यात्री को पकड़ा। जिसके पास से 315 बोर का कारतूस बरामद हुआ। इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार सुबह चारबाग मेट्रो स्टेशन कंट्रोलर ने कारतूस के साथ एक यात्री के पकड़े जाने की सूचना दी थी। जिस पर एसआई कमल कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गोंडा निवासी अंकित शर्मा (18) बताया। पूछताछ में आरोपी अंकित कारतूस के बारे में जानकारी नहीं दे सका। उसके पास लाइसेंस भी नहीं था। आरोपी को गिरफ्तार कर उपनिरीक्षक कमल कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

ई-रिक्शा चालक ने की आत्महत्या

अमृत विचार, आशियाना : थाना क्षेत्र के रश्मि खंड में रहने वाले रिक्शा चालक ने शनिवार सुबह कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि करन (30) मां के साथ शारदा नगर के रश्मि खंड में सुरेश चंद्र पाल के मकान करीब छह माह से किराए पर रह रहा था। मां शुक्रवार को बेटी के ससुराल चारबाग चली गई थी। इस दौरान करन घर में अकेला ही था। शनिवार सुबह मकान मालिक के बेटे दीप ने करन को फंदे से लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। बताया जा रहा है कि करने से अलग होकर पत्नी मायके में रहती थी, जिसकी वजह से वह काफी डिप्रेशन में रहता था।

युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज में शादीशुदा युवक 18 वर्षीय युवती को भगा ले गया। उसने युवती के साथ दुराचार भी किया। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती को बरामद करने के साथ आरोपी युवक को जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती 18 जून से लापता थी। युवती की मां ने अमरेश उर्फ ब्रजेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया था।

फंदे से लटककर पुरोहित ने दी जान

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा में पुरोहित आलोक तिवारी (23) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है दो महीने पहले पुरोहित की बरीक्षा हुई थी। बेगरिया बालाजी मंदिर दुबग्गा निवासी पुरोहित आलोक तिवारी ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौसेरे भाई ने बताया शुक्रवार देर रात 1.30 घर पहुंचे तो कुछ परेशान थे। सुबह दादी उठी तो आलोक को पंखे के सहारे दुपट्टे से लटकता देखा तो दादी की चीखने चिल्लाने लगी। चीख सुनकर परिजन आ गए। परिजनों ने आनन फानन फंदे से उतार अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सिग्मा एडवरटाइजिंग कंपनी पर साइबर अटैक, मांगी फिरौती

अमृत विचार, लखनऊ: इंदिरानगर स्थित सिग्मा ट्रेड विंग्स एलएलपी (एडवरटाइजिंग) कंपनी के सर्वर पर साइबर अटैक हुआ। जानकारी होने पर कंपनी के आईटी प्रभारी विवेक जैन ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक जांच की जा रही है।

साइबर थाने के प्रभारी ब्रजेश कुमार यादव के मुताबिक इंदिरानगर स्थित सिग्मा ट्रेड विंग्स एलएलपी (एडवरटाइजिंग) कंपनी के आईटी प्रभारी ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि नौ-मई को तड़के करीब तीन बजे उनकी कंपनी के सर्वर पर साइबर अटैक किया और हैक कर लिया। इसके बाद कंपनी के सभी कंप्यूटर सिस्टम, डेटा और फाइले आदि हैक कर ली। कंपनी के आईटी प्रभारी और टीम ने जब एक्सेस किया तो सभी फाइल व डाटा करप्ट हो चुका था। आनन फानन उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई। इसके बाद सेक्यूराइट एंटीवायरस टीम की सहायता ली गई पर फाइल और डाटा रिकवर नहीं हो सका न ही बैकअप रिस्टोर हो सका था। आनन फानन साइबर टीम और थाने को सूचना दी गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि दो दिन पहले कंपनी के लोगों ने तहरीर दी थी। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज किया गया। जांच की जा रही है।

पल्लेदार ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फैजुल्लागंज की घटना, मोबाइल से मिला 15 मिनट का वीडियो

अमृत विचार: मड़ियांव के फैजुल्लागंज में दोस्तों से मारपीट के बाद पल्लेदार शिवा विश्वकर्मा ने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकार्ड कर लिया। पुलिस को मोबाइल में खुदकुशी का 15 मिनट का वीडियो मिला है। इसके साथ ही पत्नी को ऑडियो मैसेज भेजकर मारपीट करने वाले चार दोस्तों के नाम बताए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फैजुल्लागंज के यश नगर निवासी शिवा विश्वकर्मा (28) मोहिबुल्लापुर मंडी में पल्लेदारी करता था। पत्नी आशा ने बताया कि शुक्रवार शाम वह काम के बाद कुछ दोस्तों के साथ चले गए थे। वहां किसी बात को लेकर दोस्तों से मारपीट हुई थी। शिवा के एक दोस्त ने रात में इसकी जानकारी भी दी थी। रात करीब 11 बजे शिवा घर लौटा और बिना कुछ बोले कमरे में चले गया। पत्नी और बच्चे छत पर थे।

काफी देर पत्नी उन्हें बुलाने आई। आवाज लगाने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो पड़ोसियों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस दरवाजा तोड़कर कमरे में गई तो शिवा का शव दुपट्टे से पंखे में लटका मिला। पास ही मोबाइल रखा था, जिसमें आत्महत्या की पूरी घटना रिकार्ड हो रही थी। आत्महत्या से पहले शिवा ने पत्नी को एक ऑडियो मैसेज भी भेजा था, जिसमें उन्होंने मारपीट करने वाले चार दोस्तों के नाम लिए थे।

पत्नी मैसेज देख पाती उसके पहले ही शिवा ने फंदा लगा लिया। पत्नी ने पूरे मामले की जांच की मांग की है। परिवार में तीन बच्चे तनिष्क, साध्विक और ईशान हैं। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मोबाइल से वीडियो मिलने की जानकारी है। ऑडियो मैसेज के बारे में जानकारी नहीं है। परिवार ने अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी है।

किशोरी से छेड़छाड़ तीन पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, गोसाईंगंज : सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के एक गांव में घर से नित्यक्रिया के लिए निकली किशोरी से गांव के तीन लड़को ने छेड़छाड़ की। पीड़िता के पिता ने गांव के तीनों आरोपितों के खिलाफ सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार की रात दो किशोरी घर से शौच के लिए निकली थी तभी गांव के रहने वाले मनीष, गौरव व विशाल ने छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकले। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद आरोपी गौरव व विशाल को गिराफ्तार कर लिया, तथा आरोपी मनीष की तलाश की जा रही है। पीड़िता के पिता ने बताया कि बेटियों का शोर सुनकर जब मौके पर गया तो तीनों ने मिलकर पिटाई कर दी। जिससे सर व शरीर पर चोट भी आई है।

फर्जीवाड़ा बीज व कीटनाशक लेकर पूर्व कर्मचारी ने डिस्ट्रीब्यूटरों की मदद से बिकवाया माल

डिस्ट्रीब्यूटरों की मदद से कंपनी को लगाई 3 .70 करोड़ की चपत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीसीपी साउथ के निर्देश पर बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: बीज और कीटनाशक का उत्पादन वाली मुंबई की कम्पनी से पूर्व कर्मचारी ने सात डिस्ट्रीब्यूटर की मदद से 3.70 करोड़ का फर्जीवाड़ा किया। आरोपी ने लखनऊ स्थित डिपो से माल लेकर डिस्ट्रीब्यूटर के हाथ बेच बेचकर कंपनी में कोई भुगतान नहीं किया। घाटा देख कंपनी ने जांच कराई तो फर्जीवाड़ा सामने आ गया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के निर्देश पर बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर अरविंद राणा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कृष्णानगर निवासी डॉ. बृजेश सिंह यूपीएल सस्टेनेबल एपी सॉल्यूशंस लिमिटेड में रीजनल मैनेजर है। कंपनी का मुख्यालय मुंबई और उत्तर प्रदेश में डीपो कार्यालय कासिमखेडा बिजनौर में है। उक्त कंपनी कृषि उत्पादों को बनाकर विक्रेताओं के माध्यम से पूरे देश में बेचती है। बृजेश ने बताया कि कम्पनी में सुधांशु कमल काम करता था। जिसने कई डिस्ट्रीब्यूटर बनाए थे। जो कम्पनी का माल खरीद कर मार्केट में बेचते हैं। डॉ. बृजेश ने बताया कि अकाउंट चेक करने पर पता चला कि कई डिस्ट्रीब्यूटर ने सामान खरीदने के बाद भुगतान नहीं किया है।

जिसके बाद कंपनी ने आंतरिक जांच कराई। इस बीच सुधांशु ने कार्यालय आना बंद कर दिया। कन्नौज के डिस्ट्रीब्यूटर प्रवीण सिंह से बात करने पर पता चला कि कम्पनी से धोखाधड़ी करने की साजिश सुधांशु कमल ने अन्य वितरकों के साथ मिल कर रची थी। इस फर्जीवाड़े में सुधांशु की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत थी। आरोपित सुधांशु ने कई वितरकों से दिए गए सामान के रुपये भी लिए। जिन्हें पत्नी और अन्य करीबी रिश्तेदारों के खाते में ट्रांसफर करा लिए।

शुरुआती जांच में 3.70 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़ित ने डीसीपी साउथ से मुलाकात कर शिकायत की। निर्देश पर बिजनौर पुलिस ने पूर्व कर्मचारी सुधांशु कमल निवासी मैनपुरी, कन्नौज स्थित कृष्णा बीज एजेंसी के मालिक प्रवीण सिंह, एग्रो बीज एजेंसी के मालिक अनिल कुमार, कृष्णा एग्रो एजेंसी की सोनी, औरैया स्थित किसान एग्रो के ओम सिंह, बालाजी एग्रो के प्रदीप, मैनपुरी स्थित एसके एग्रो के धर्मपाल और इटावा स्थित आनंद बीज भंडार के वीर सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, आपराधिक साजिश समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

निजी कंपनी के कर्मचारी ने फंदे से लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: महानगर के न्यू हैदराबाद कालोनी निवासी निजी कंपनी के कर्मचारी विष्णु कामता प्रसाद ने शनिवार दोपहर को फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक कमरे से तीन पन्ने का सुसाइड नोट मिला है। जिसमें ससुराल वालों पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है।

इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक विष्णु कामता प्रसाद न्यू हैदराबाद कालोनी में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करते थे। शनिवार दोपहर में उन्होंने अपने घर में ही फंदे से लटकर जान दे दी। परिजन ने देखा तो चीख-पुकार मच गई। कमरे में पहुंचकर फंदे से शव को उतारकर कब्जे में लिया। जांच के दौरान कमरे में तीन पन्ने का सुसाइड नोट मिला। उसमें विष्णु ने लिखा था कि ससुरालवालों की प्रताड़ना से तंग आकर फंदे से लटकर जान देने की बात लिखी थी। लिखा कि उसकी मौत के जिम्मेदार भारत सोनी, ममता सोनी, सतीश सोनी और आकाश सोनी हैं। जिन्होंने मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। जिसकी वजह से ये कदम उठाना पड़ रहा है।

एक नजर

टेलीमेडिसिन विभाग की तर्ज पर संविदा कर्मियों को मिले स्थायी भर्ती में वरीयता

अमृत विचार, पीजीआई : एसजीपीजीआई ऑल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने टेलीमेडिसिन विभाग की तर्ज पर संविदा कर्मचारियों को स्थायी भर्ती में वरीयता देने की मांग करते हुए शनिवार को निदेशक को एक ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों का कहना है कि संजय गांधी पीजीआई की गवर्निंग बॉडी ने हाल ही में टेलीमेडिसिन विभाग के संविदा कर्मियों को स्थायी भर्तियों में प्रत्येक वर्ष की सेवा पर 5 प्रतिशत तथा अधिकतम 30 प्रतिशत तक वेटेज (वरीयता) दिया था। जिसके बाद पूरे संस्थान के अन्य विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने भी समान सेवा और समान अवसर जरूरी की मांग उठा दी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेश कुमार और महामंत्री सीमा शुक्ला ने ज्ञापन देते हुए कहा कि गवर्निंग बॉडी का निर्णय स्वागत योग्य है, लेकिन इसे सिर्फ एक विभाग तक सीमित रखना अन्य संविदा कर्मियों के साथ अन्यायपूर्ण और पक्षपातपूर्ण है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि संस्थान में कार्यरत अन्य संविदा कर्मचारी जैसे नर्सिंग, डाटा एंट्री आपरेटर, पैरामेडिकल, लैब टेक्नीशियन, रेडियोलॉजी, मेडिकल रिकॉर्ड और मेडिकल सोशल वर्क विभागों के कर्मचारी भी वर्षों से समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें भी स्थायी नियुक्तियों में समान वरीयता मिलनी चाहिए।

आरटीई : चार नामी स्कूलों पर दर्ज होगी एफआईआर

बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश, मान्यता रद्द कराने की भी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 की धारा 12(1) ग के अंतर्गत गरीब परिवारों के बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सख्त दिखाई दिए है। आरटीई का उल्लंघन करने वाले चार स्कूलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी साथ ही मान्यता रद्द कराने की भी चेतावनी दी गई है।

जिला प्रशासन ने गरीब बच्चों की शिक्षा में बाधा बन रहे स्कूलों के खिलाफ सख्ती दिखाई है। आरटीई के तहत प्रस्तावित 100 % बच्चों को एडमिशन देने का लक्ष्य है। जिसमें 95% का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। इस साल 17570 सीटों पर प्रवेश होना था। जिसमें से 3000 बच्चों ने प्रवेश लेने से मना कर दिया है।

बीएसए राम प्रवेश ने बताया कि आरटीई का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश बैठक में दिए गए। उल्लंघन करने वाले लखनऊ की नामी स्कूल जिसमें सेठ जयपुरिया, सीएमएस, बाल गाइड स्कूल, जीडी गोयंका स्कूल है। इन विद्यालयों की मान्यता अनापत्ति प्रमाण पत्र को वापस करने के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक मंडल को पत्र भेजा जाएगा

भिक्षावृत्ति से निकालकर शिक्षा की ओर बढ़ावा : लखनऊ में जिला प्रशासन गरीब बच्चों को भिक्षावृत्ति से निकालकर शिक्षा की ओर बढ़ावा दे रहा है। वहीं दूसरी ओर लखनऊ के नाम चीन प्राइवेट स्कूल सरकार के इन मंसूबों पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। कि भिक्षावृत्ति से निकले हुए गरीब बच्चों को शिक्षा संस्थान में एडमिशन जरूरी है। गरीब बच्चों की शिक्षा में अगर कोई रोड़ा बनेगा तो उसके खिलाफ करवाई देखने को मिलेगी।

विद्यालय संघ ने लगाया मनमानी का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : संघ के अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारी निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत अपात्र बच्चों के प्रवेश को लेकर दबाव बना रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में लखनऊ के कई निजी विद्यालयों के प्रबंधकों ने यह बताया है कि जैसे ही किसी अभिभावक द्वारा मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आरटीई प्रवेश से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जाती है, अधिकारी बिना उचित पात्रता जांच के विद्यालयों पर तुरंत इन बच्चों को प्रवेश देने का दबाव बनाने लगते हैं, जबकि विद्यालय पहले ही उत्तर प्रदेश आरटीई नियमावली 2011 के नियम 8(1) के अंतर्गत अपनी आपत्तियां पात्रता को लेकर प्रस्तुत कर चुके होते हैं। शिकायतों के निस्तारण के अतिरिक्त, अधिकारी अन्य अपात्र बच्चों का भी गनमाने ढंग से आवंटन कर रहे हैं। यह भी बिना पृष्ठभूमि की विस्तृत जांच या आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के। उन्होंने शासन- प्रशासन से मांग की है कि नियमों और कानून का पालन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की दण्डात्मक कार्रवाई न की जाए और आरटीई के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए विद्यालय प्रबंधन और जिला अधिकारियों के बीच समन्वयात्मक तंत्र विकसित किया जाए।

एनएचएम से मिले 30 विशेषज्ञ चिकित्सक

▸▸ अस्पतालों में रेडियोलॉजिस्ट का संकट भी होगा दूर

अमृत विचार, लखनऊ : एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) की ओर से राजधानी के अस्पतालों में विभिन्न पदों के लिए 30 विशेषज्ञ चिकित्सक मिले हैं। इसमें रेडियोलॉजिस्ट, ईएनटी सर्जन, फिजिशियन समेत कई अन्य विशेषज्ञ हैं। बिड के जरिये इनका चयन हुआ है। सभी डॉक्टरों को सीएमओ कार्यालय पहुंचकर सेवाएं देने के निर्देश दिए गए हैं। इनकी तैनाती अलीगंज, हजरतगंज एनके रोड, सिल्वर जुबली, टुडियागंज व चिनहट सीएचसी पर की गई है। जबकि एक रेडियोलॉजिस्ट को लोकबंधु अस्पताल में तैनात किया जाएगा। बेहोशी, ईएनटी, जनरल सर्जन के एक-एक डॉक्टर मिले हैं। पांच फिजिशियन, सात गाइनकोलॉजिस्ट, पांच बाल रोग विशेषज्ञ, दो अस्थि रोग विशेषज्ञ, एक-एक माइक्रोबॉयोलाजिस्ट व पैथोलॉजिस्ट मिले हैं।

एनएचएम अफसरों का कहना है बिड के जरिये चयनित डॉक्टरों को अपनी तैनाती स्थल पर ज्वाइंन करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है बिड के जरिये मिले रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती बाद जांच का संकट सीएचसी से दूर हो जाएगा।

विद्यालयों में बच्चों के नामांकन बढ़ाने को राजभवन निभा रहा अहम भूमिका

राजभवन की ओर से लगाए गए शिविर में मौजूद बच्चे व अभिभावक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चल रहा विशेष अभियान

अमृत विचार: परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने के लिए एक ओर जहां सरकार स्कूल चलो अभियान के तहत कई कार्यक्रम चला रहा है तो वहीं अब इसके लिए राजभवन भी अहम भूमिका निभा रहा है। जिसके तहत राजभवन की अगुआई में राजभवन के आसपास के क्षेत्रों में स्कूली बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

राज्यपाल के विशेष सचिव श्री प्रकाश गुप्ता ने बताया कि विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए राजभवन के अधिकारियों द्वारा हजरतगंज, रामतीर्थ वार्ड स्थित छह पार्क रोड, बुद्ध विहार हैदर कैनाल बस्ती और 17-महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड की पीडब्लूडी कालोनी क्षेत्र में नामांकन प्रोत्साहन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकाधिक बच्चों का नामांकन कराने पर जोर दिया गया। राजभवन के अधिकारियों, विद्यालयों के शिक्षिकों और बेसिक शिक्षा विभाग के कार्मिकों ने क्षेत्रीय अभिभावकों और बच्चों से संवाद कर उन्हें विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि राजभवन प्रशासन सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने और बेहतर शिक्षा के लिए विशेष कार्ययोजना के तहत कार्य कर रहा है। इसके तहत कई जगहों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

15 छात्रों को मिली स्कॉलरशिप

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के 15 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार-चार लाख रुपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। स्कॉलरशिप पाने वाले सीएमएस गोमती नगर प्रथम कैम्पस के 15 छात्रों में आरोही ठाकुर, आशी त्रिपाठी, अभिनव सिंह, दानिया हसन, मनस्वी चौधरी, नक्षत्र सिंह, ओज गुप्ता, प्रांजली सिंह, शिवांग कुमार शुक्ला, शिवेन्द्र द्विवेदी, सोहम त्रिपाठी, सूर्य विक्रम सिंह, सुयश गुप्ता, वेदांत अग्रवाल एवं विवान मेहरोत्रा शामिल हैं।

युवाओं में बढ़ रहीं दिल की धमनियों से संबंधी बीमारियां

संवाददाता, पीजीआई

अमृत विचार : युवाओं में दिल की धमनियों से संबंधित बीमारियों में तेजी से इजाफा हो रहा है। करीब 12 से 16 प्रतिशत लोगों को दिल की धमनियों से संबंधित बीमारी है। आंकड़ों के मुताबिक इसमें लगभग 25 फीसदी मरीजों की उम्र 40 वर्ष से कम है। ऐसे में यह काफी चिंता का विषय बन गया है। यह जानकारी पीजीआई कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कपूर ने उत्तर प्रदेश सरकार और पीजीआई संस्थान द्वारा यूपी स्टेमी केयर के तहत शनिवार को पीजीआई में एसटी-एलिवेशन मायोकार्डियल इन्फार्क्शन (एसटीईएमआई) कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर दी।

डॉ आदित्य कपूर ने कहा कि प्रदेश में लगभग 5 लाख मौतें प्रति वर्ष इसी कारण से हो रही हैं। देश में पश्चिमी देशों के मुकाबले दिल संबंधी बीमारियां 10 साल पहले हो रही हैं जो कि गंभीर चिंता का विषय है। कार्यक्रम के दौरान पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमन ने कहा कि पीजीआई के सहयोग से अब जिलों में भी दिल के मरीजों को इलाज मिल सकेगा। इस मौके पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रदेश में दिल के दौरे से होने वाली मौतों की संख्या में कमी आएगी। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों को दिल का दौरा पड़ने के मामलों का इलाज करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मौजूद विशेषज्ञ चिकित्सक। अमृत विचार

▸▸ देश में कोरोनरी हृदय रोग (सी एच डी) से होने वाली मौत और विकलांगता में आयी वृद्धि

▸▸ प्रदेश सरकार और पीजीआई संस्थान ने मिलकर की यूपी स्टेमी केयर की शुरुआत

बीमारी के प्रबंधन में चिकित्सकों की भूमिका अहम

अमृत विचार, लखनऊ : गोदरेज कन्ज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड (जीसीपीएल) के वित्तीय सहयोग से संचालित तकनीकी सहयोगी संस्था पाथ-सीएचआरआई के सहयोग से शनिवार को एक होटल में संचारी रोगों पर कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें निजी क्षेत्र के चिकित्सकों एवं नर्सिंग होम संचालकों को डेंगू, चिकुनगुनिया व मलेरिया रोगियों के उपचार व प्रबन्धन को लेकर प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने कहा कि किसी भी बीमारी के प्रबंधन और इलाज में निजी एवं सरकारी दोनों ही चिकित्सकों की भूमिका अहम है। डेंगू, मलेरिया एवं चिकुनगुनिया जैसी बीमारियां, जिनके सही प्रबंधन और इलाज से किसी भी अनहोनी घटना को होने से रोका जा सकता है। कार्यक्रम में मौजूद केजीएमयू के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अम्बुज यादव और राम मनोहर लोहिया चिकित्सा संस्थान से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निखिल गुप्ता ने निजी चिकित्सालयों से आये विशेषज्ञ चिकित्सक, फिजीशियन एवं इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसरों को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. गोपी लाल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव, डॉ अमृत शुक्ला ने भी जानकारी साझा की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते सीएमओ। अमृत विचार

डिजिटल माध्यम से इलाज में सहयोग करेंगे कैंसर संस्थान के विशेषज्ञ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में कैंसर रोगियों को उनके गृह जनपद में ही वशेषज्ञों की सलाह मिल सके इसके लिए चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान टेलीमेडिसिन शुरू करेगा। इसके माध्यम से विशेषज्ञ आसानी से सीधे मरीजों से जुड़ सकेंगे। वहीं, मरीजों को भी बड़े संस्थानों तक दौड़ लगाने से राहत मिलेगी। यह जानकारी संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने दी।

वह शनिवार को कैंसर टेलीमेडिसिन सेवाओं को मजबूत करने के लिए बैठक को संबोधित कर रहे थे। कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय बैठकमें निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने कहा कि कैंसर संस्थान को हब एंड स्पोक मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। जिला अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों को टेलीमेडिसिन से जोड़ा जाएगा। डिजिटल माध्यम से कैंसर के इलाज में सहयोग देगा। टेलीमेडिसिन के माध्यम से कैंसर का समय पर पता चल सकेगा।र इलाज शुरू हो सकेगा। जिले के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों को भी ऑनलाइन ट्रेनिंग और सलाह मिल सकेगी।

प्रदेश में एनसीडी की नोडल अधिकारी डॉ. अल्का शर्मा ने बताया कि प्रदेश में कैंसर के इलाज के लिए 38 डे-केयर सेंटर चिन्हित किए गए हैं। जिनमें 11 सेंटरों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा चुका है। इन सेंटरों पर मरीजों को जांच, इलाज, पेन क्लीनिक, रेफरल व जागरुकता जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

ई-संजीवनी पोर्टल से जोड़े: केजीएमयू में टेलीमेडिसिन की नोडल अधिकारी डॉ. शीतल वर्मा ने कहा कि कैंसर संस्थान की सेवा को ई-संजीवनी पोर्टल से जोड़ा जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि केजीएमयू जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों को कैंसर इलाज में ट्रेनिंग भी देगा। लोहिया संस्थान में टेलीमेडिसिन की नोडल अधिकारी डॉ. नवबीर ने योजना में सहयोग देने की बात कही।

प्रदेश में बनेगा टेलीमेडिसिन नेटवर्क

कैंसर संस्थान में पब्लिक हेल्थ विभाग के अध्यक्ष व टेलीमेडिसिन के नोडल अधिकारी डॉ. आयुष लोहिया ने कहा कि बीमारी तेजी से बढ़ रही है। संस्थान जल्द ही यूपी सरकार के साथ मिलकर पूरे राज्य में कैंसर के इलाज के लिए टेलीमेडिसिन नेटवर्क शुरू करने की दिशा में काम करेगा। इससे जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के बीच अच्छा संपर्क (रेफरल सिस्टम) बनेगा। इलाज की प्रक्रिया को एक जैसा और बेहतर बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम में सात मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और छह जिला अस्पतालों के डॉक्टर शामिल हुए।

पीजीआई में नवनियुक्त कर्मचारियों को सशक्त और शिक्षित करने के लिए संगोष्ठी

संवाददाता, पीजीआई

▸▸ संगोष्ठी के दौरान कार्यालय में महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर भी हुई चर्चा

अमृत विचार : संजय गांधी पीजीआई में नवनियुक्त कर्मचारियों को सशक्त और शिक्षित करने के लिए आचार संहिता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद संयुक्त निदेशक प्रशासन लेफ्टिनेंट कर्नल जयदीप सिंह घुमन ने सभी नए कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियम के बारे में अच्छे से समझाया साथ ही उन्हें दैनिक पेशेवर आचरण में लागू करने के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति की सदस्य शालिनी माथुर ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर एक आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (सेवानिवृत्त) सुधीर सक्सेना ने कर्तव्य के प्रति समर्पण बनाए रखने पर बल दिया। इस मौके पर सीएमएस देवेंद्र गुप्ता, गैस्ट्रो सर्जरी विभाग की प्रमुख प्रो. अनु बिहारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निखिल चंद्रा, प्रशासनिक अधिकारी एसएस अशरफ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारी समिति के मुकेश सक्सेना, अश्विनी कुमार वर्मा और कुलदीप गुप्ता ने अहम भूमिका निभाई।

मानसिक व शारीरिक पीड़ा से जूझ रहे कैंसर मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कैंसर का नाम सुनते ही मरीज के साथ तीमारदार भी अवसाद में आ जाते है। मरीज आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। कैंसर संस्थान में शुक्रवार को भी एक मरीज की छत से गिरने से मौत हो गई। किसी भी सरकारी संस्थान में मरीज और उनके तीमारदारों की काउंसलिंग की अलग व्यवस्था नहीं है।

कैंसर संस्थान के ओटी काम्प्लेक्स की छत से शुक्रवार की शाम मरीज दादू राम की गिरकर मौत हो गई। मरीज गिर गया या आत्महत्या की इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। परिवारीजनों का कहना है कि ब्रेन ट्यूमर का पता चलने के बाद मरीज काफी परेशान था। पत्नी संगीता का कहना है कि हम लोगों ने कभी नहीं सोचा था कि वह ऐसा कदम भी उठा सकते हैं। दादू राम ही नहीं बल्कि कैंसर के प्रत्येक मरीज व उनके तीमारदारों को काउंसलिंग की जरूरत होती है।

कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट का कहना है कि कैंसर का नाम सुनते ही मरीज-परिवारीजनों का मनोबल टूट जाता है। ऐसे में परिवार व डॉक्टर-कर्मचारियों का साथ जरूरी होता है। संवेदना व डॉक्टर कर्मचारियों का साथ मरीज-तीमारदारों को जरूरी होता है। इससे आत्मबल बढ़ाया जा सकता है। इससे मरीज कैंसर का कठिन इलाज कराने के लिए प्रेरित होंगे। तीमारदारों को भी मानसिक पीड़ा से बचाया जा सकता है।

लोहिया संस्थान में मेडिकल आंकोलॉजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गौरव गुप्ता ने बताया कि कैंसर के इलाज में मरीज-तीमारदारों का तनाव और चिंता से दूर रहना बेहद जरूरी है। तभी वह इलाज करा पाएंगे। समय-समय पर काउंसलिंग होनी चाहिए। इससे मनोबल बढ़ेगा। इलाज की कठिनाईयों से मुकाबला करना आसान होगा।

कैंसर संस्थान की छत से गिरकर मौत

अमृत विचार में शनिवार को प्रकाशित खबर

टाटा से ली जा सकती है सीख

मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में मरीज व तीमारदारों की काउंसिलिंग व मानसिक समस्याओं को दूर करने के लिए डॉक्टर व काउंसलर की पूरी टीम है। जो समय-समय पर मरीजों से बात करते हैं। तीमारदारों को समझाते हैं। इससे मरीजों का मनोबल बढ़ता है। चिकित्सक मनोदशा को समझने की कोशिश करते हैं।

सीएएल पिंक, वायलेट और ब्लू ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: नीरू कपूर मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार खेले गए लीग मुकाबलों में सीएएल पिंक, वायलेट और ब्ल्यू ने अपने-अपने मुकाबले जीत कर पूरे अंक बटोरे। पहले मुकाबले में सीएएल पिंक के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीएएल ऑलिव को दस विकेट से पराजित कर दिया। ऑलिव की ओर से निर्धारित किए गए 71 रन के लक्ष्य को पिंक ने 7.1 ओवर में बिना विकेट खोये हासिल कर लिया। वहीं विजेता टीम की ओर से आकांश ने 53 रन की नाबाद पारी खेली। गनेश पाल ने चार और अर्णव सिंह ने तीन विकेट लिये। वहीं दूसरे मुकाबले में सीएएल वायलेट ने सीएएल गोल्ड को 118 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त दी। वॉयलेट के 153 रन के जवाब में सीएएल गोल्ड की उतरी टीम 35 रनों पर ढ़ेर हो गई। विजेता हुई टीम की ओर से जयम मौर्या ने 88 रन की नाबाद पारी खेली। फजील अहमद ने चार विकेट अपने नाम किए। दिन के तीसरे मुकाबले में सीएएल ब्ल्यू ने सीएएल रेड को 68 रन से हराया। सीएएल ब्ल्यू के 126 रन के जवाब में सीएएल रेड की टीम 57 रनों के योग पर लुढ़क गई। विजेता टीम से अदित कपूर ने 68 रन बनाए।

तैराकी में श्रीजा ने जीते दो स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को शुरू हुई 39वीं सब जूनियर और 54वीं जूनियर राज्य स्तरीय तैराकी चैंपियनशिप के पहले दिन तैराकों ने सात नये कीर्तिमान बनाते हुए स्वर्ण पदकों पर कब्जा लिया। बालक वर्ग में चार तो बालिका वर्ग में तीन तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में गाजियाबाद की श्रीजा सिंह ने दो स्पर्धाओं में नया कीर्तिमान बनाते हुए दोहरे स्वर्ण अपने नाम किए।

बालक वर्ग में ग्रुप वन में 100 मीटर बैक स्ट्रोक में गौतमबुद्ध नगर के वेदांत चंद्रा ने 1.02, ग्रुप थ्री में 100 मीटर बैक स्ट्रोक में अमेठी के राज यादव ने 1.17, ग्रुप थ्री में 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में नितेश निषाद ने 1.23 और 200 मीटर फ्री स्टाइल में अंश प्रताप सिंह ने 2.25 का समय निकाल कर नया रिकार्ड बनाया और स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

बालिका वर्ग में ग्रुप थर्ड में गाजियाबाद की श्रीजा सिंह ने 100 मीटर बैक स्ट्रोक में 1.23 और 200 मीटर फ्री स्टाइल में 2.33 का समय निकाल कर इतिहास रचा। 200 मीटर फ्री स्टाइल गौतमबुद्ध नगर की सिदक कौर ने 2.27 का समय निकाल कर नया कीर्तिमान बनाया।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति यूके धवन ने किया। इस मौके पर पूर्व निदेशक हेल्थ डॉ.राजेंद्र कपूर, संयुक्त् सचिव खेल राज नारायण सिंह और यूपी स्विमिंग एसोसिएशन के निदेशक रविन कपूर मौजूद रहे।

जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि और अन्य।

99 मेधावियों को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ: अलीगंज स्थित बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी के शिव सहाय जी सभागार में शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के ''हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के 99 मेरीटोरियस व डिस्टिंक्शन मार्कस प्राप्त करने वाले मेधावियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पंकज गोयल प्रोफेसर सेंट्रल यूनिवर्सिटी आफ राजस्थान द्वारा सभी मेधावियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान व पुरस्कार पाकर मेधावी बहुत खुश दिखे। चारों तरफ मुस्कान और प्रसन्नता का माहौल बन गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंध निदेशक एच एन जायसवाल, कोऑर्डिनेटर सुधीर मिश्रा, प्रधानाचार्या डॉ अनूप कुमारी शुक्ला सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

सम्मानित किए गए मेधावी। अमृत विचार

बैडमिंटन में अर्नवी पाठक बनीं चैंपियन

गकार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: यूपी बैडमिंटन अकादमी की अर्नवी पाठक ने रणबहादुर सिंह मेमोरियल जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करते हुए बालिका अंडर-17 एकल वर्ग की चैंपियन बनी।

फाइनल में उन्होंने यूपी बैडमिंटन अकादमी की शायना मोहन चन्द्रा को तीन गेम तक खिंचे मुकाबले में 21-14, 18-21, 21-7 से हराया। वहीं अंडर-11 बालिका युगल मे यूपी बैडमिंटन अकादमी की अभिसारिका सिंह और रिद्धिमा अग्रवाल की जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनी। इस जोड़ी ने एमजे अकादमी की जानवी आर्य और किमाया सिंह को 21-7, 21-11 पराजित किया। अंडर-11 बालिका एकल वर्ग में सानवी कुमार (डालीबाग क्लब) ने एमजे अकादमी की किमाया सिंह को 21-3, 21-6 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। यूपी बैडमिंटन अकादमी में खेली जा रही प्रतियोगिता के बालिका अंडर-15 युगल फाइनल में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के अभय रस्तोगी और एल पावे की जोड़ी ने हर्षित यादव और राघव श्रीवास्तव की जोड़ी को 21-17, 12-21, 23-21 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का समापन रविवार को दोपहर तीन बजे होगा, जहां यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन और पूर्व आईएएस नवनीत सहगल विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे।

मुकाबले के दौरान ड्राप कराने की कोशिश करती खिलाड़ी। अमृत विचार

सृजन से लोकमंगल

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है।

अस्तित्व की अभिव्यक्ति है प्रकृति। अस्तित्व है अंतहीन। सृजन प्रकृति का धर्म है। प्रतिपल नई कोंपल, नई कली, नव पराग, नव मकरंद। कीट-पतिंग भी नवसृजन हैं। नन्हीं गौरैया के मुंह में दाना डालती गौरैया माता या अपने बच्चे को पेट में चिपकाए इस डाल से उस डाल पर छलांग लगाती बन्दरिया। बछड़े को चाट-चूमकर शक्तिशाली गोवंश तैयार करती गोमाता। सृजन के विधाता देव ब्रह्मा हैं। वे कभी थकते नहीं। बार-बार अथक सृजन। अकथ विस्तार। गीत, काव्य, संगीत और समूचा साहित्य प्रकृति की सृजन शक्ति ही विस्तार है। प्रकृति रचती-गढ़ती है तो यह कर्म प्रकृति है और मनुष्य रचता है तो संस्कृति। प्रकृति में सत चित आनंद की त्रयी है तो संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर की त्रय-दिव्यता है। प्रकृति में सुन्दरतम सृजन की गहन अभीप्सा है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। इसलिए मनुष्य भी सुन्दरतम सृजन की कामना से भरापूरा है। बस चित्त प्रशांत होना चाहिए।

आनंद हमारी सर्वोत्तम अभीप्सा है। हरेक सृजन का लक्ष्य आनंद है। यह आनंद स्वयं तक ही सीमित नहीं है। सृजन धर्म स्वयं का अतिक्रमण करता है और लोकआनंद व लोकमंगल का हेतु सेतु बनता है। प्रकृति के पास असीम अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य है। प्रकृति का अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य संविधान की देन नहीं। वह वर्षा रचती है, कभी आंधी के साथ, कभी आंधी के पूर्व और कभी आंधी के बाद भी। वह गहन उमस के बीच भी वर्षा ले आती है। आकाश में इन्द्रधनुष रचने के लिए उसे इन्द्र या वरुण देवों की अनुमति नहीं चाहिए। मनुष्य को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस स्वतंत्रता का सदुपयोग लोकमंगल के लिए ही होना चाहिए। अन्तस में सत चित आनंद का गीत है। सत्य, शिव और सुन्दर इसी की अभिव्यक्ति है। भारतीय परंपरा में सृजन का दिक्सूचक यही केंद्र है।

शाश्वत तत्वों को सृजन का विषय बनाने की भारतीय परंपरा महत्वपूर्ण है। तात्कालिक विकृतियों को हटाना और शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा जरूरी है। संस्कृति के सारगर्भ से जुड़ने की यह बात महत्वपूर्ण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज का साहित्य पर भी। रामकथा में रावण के चरित्र वर्णन का समाज पर गहरा असर पड़ा है, कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखता। विभीषण भी नहीं रखता, यद्यपि विभीषण ने राम का सहयोग किया था लेकिन देशभक्ति प्रश्नवाचक थी। लोक ने अच्छे कार्य के बावजूद उसे 'घर का भेदी' ही कहा।

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है। स्वान्तः में अन्तस का अन्तिम छोर है। भारतीय चिंतन में स्व अन्तस् का अन्तिम छोर विराट से जुड़ा हुआ है। तुलसी के राम अखिल लोकदायक विश्रामा हैं, उनकी राम कथा 'सुरसरि सम सबका हित होई' से ध्येयबद्ध है। सृजन का उद्देश्य लोकमंगल ही है। होना भी चाहिए। सृजन आनन्दवर्द्धन होता है। इसका लक्ष्य लोकमंगल है। यह निराशा की तमस् में आशा का दीप प्रज्वलन है। शाश्वत और चिरंतन का नूतन आख्यान है। दृश्यमान विभाजित अनेकता के भीतर एकता का दर्शन है और सामूहिक उल्लास का संयोजन भी। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में सुखान्त पर जोर दिया था। सांस्कृतिक मर्यादा का संवर्द्धन और शीलरस का संवर्द्धन भी साहित्यकार का दायित्व है। कथित प्रगतिशीलता में नेह-स्नेह के आत्मीय रिश्तों के प्रति आक्रामकता है। पिता भारतीय परम्परा में देव कहे गए हैं। हम सब माता-पिता का विस्तार हैं। वे न होते तो हम न होते लेकिन नवलेखन में प्रायः माता-पिता की वैसी प्रतिष्ठा नहीं है। महाभारतकार भी कवि या साहित्यकार थे। उनके सृजन में यक्ष प्रश्न हैं। यक्ष ने पूछा, "युधिष्ठिर। धरती से भी भारी क्या है? और आकाश से भी ऊंचा क्या?" युधिष्ठिर ने कहा, "माता पृथ्वी से भारी है और पिता आकाश से भी ऊंचा।" ऐसे लेखन में माता-पिता की प्रतिष्ठा है। परिवार प्रीतिकर संस्था है। प्रगतिशीलता उसे तोड़ रही है।

परिवार का विकल्प नहीं। परिवार को मजबूत करने वाला लेखन समय की आवश्यकता है। ऋग्वेद में नदियों को प्रणाम किया गया है। नदियां प्रणाम के योग्य हैं भी। वे जलमाताएं हैं। विज्ञान भी नदियों की महत्ता स्वीकार कर चुका है। वैदिक साहित्य में विश्वामित्र और नदी का संवाद अनूठा है। विश्वामित्र जैसे पूर्वजों ने नदियों से संवाद में भरतवंशियों की तरफ से तमाम आश्वासन दिए थे। वे आश्वासन हमारे साहित्य का हिरण्य कोष हैं। लेकिन हम सबने वे आश्वासन तोड़े हैं। नदी और मनुष्य की प्रीति शून्य हो चुकी है। नदियों ने कहा था, "यह संवाद याद रखना, हमारा ध्यान रखना। तुम पार उतरो, हम वैसे ही नीचे झुक रही हैं जैसे बच्चे को स्तनपान कराने के लिए मां झुकती है।" विश्वामित्र ने कहा था, "हे नदियों, मैं आपकी स्तुति करता रहूंगा।" सामन्ती काल में अनेक चारण राजाओं की प्रशंसा गाते थे। लेकिन वे स्तोता नहीं थे, उनके गायन स्तुति नहीं थे और न ही स्तोत्र। स्तोता होना बड़ी कठिन साधना है। मन, क्रम, वचन और अन्तस से उगा सृजन ही किसी को स्तोता बनाता है। विश्वामित्र ने नदियों को आश्वासन दिया था हम भारत के लोग आपके स्तोता रहेंगे, जलमाताओं का पोषण करेंगे, तन से, मन से।

वैदिक साहित्य में प्रकृति के कण-कण के प्रति आत्मीयता है। कथित प्रगतिशील दृष्टि में प्रकृति उपभोक्ता सामग्री है और भारतीय परंपरा में यही प्रकृति नमस्कारों के योग्य है। तुलसीदास के सृजन में भौतिक जगत सीयराममय है और बारम्बार प्रणम्य है-सीयराम मय सब जग जानी करूऊं प्रणाम जोरि जुग पानी। प्रकृति के प्रति अंगांगी भाव की सतत् अभिव्यक्ति जरूरी है। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्व हैं। लेखन, सृजन के भी नीति निदेशक तत्व हैं। भले ही वे संहिताबद्ध नहीं हैं, लेकिन उनका अस्तित्व है। मां-पिता की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण तत्व है। कथा, कहानी और काव्य में इस तत्व को ध्यान में रखना चाहिए। स्त्री आदरणीया है, मां है, बहन है, पुत्री है, श्रद्धेय है। सम्पूर्णता का भाग है। उसे अलग करके देखना-लिखना अनुचित है। भारतीय काम सेक्स नहीं, सृजन अभिलाषा है। यहां काम भी अध्यात्म है।

हम सांस्कृतिक राष्ट्र हैं। करोड़ों भरतवंशी एक जन हैं। इनकी एक एकात्म अनुभूत संस्कृति है। इस संस्कृति का विकास दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण हमारे पूर्वजों ने ही किया था। उन पूर्वजों, अग्रजों, मार्गदर्शकों के प्रति आदरभाव का पुरश्चरण अपरिहार्य है और सांस्कृतिक तत्वों का भी। लेखन में हम कल्पना के पंख लगाकर उड़ते हैं, यथार्थवादी भी हो सकते हैं लेकिन भारतीय शील-मर्यादा के गंधमादन क्षेत्र के मधुरसा का उल्लंघन उचित नहीं। मधुरसा सांस्कृतिक प्रवाह का संवर्द्धन ही सृजन का ध्येय है। विचार अभिव्यक्ति की बातें ठीक हैं, लेकिन विकार-अभिव्यक्ति की नहीं।

नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों से सुसज्जित होगी उच्च शिक्षा

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी शुरुआत पर विचार किया गया है। यूजीसी के द्वारा मूल्य आधारित शिक्षा के रूप में एक नई पहल की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस नवीन एवं बहुआयामी अभियान के अंतर्गत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ मानव मूल्यों एवं प्रोफेशनल नैतिकता के विषय में भी अध्ययन करेंगे। ऐसा करने के उपरांत विद्यार्थी स्वयं को सामान्य नागरिक से वैश्विक नागरिक (ग्लोबल सिटीजन) में रूपांतरित कर पाने में सक्षम एवं समर्थ हो सकेंगे। पारंपरिक उच्च शिक्षा के परिदृश्य पर यदि गंभीरतापूर्वक गौर किया जाए तो वह कहीं न कहीं मात्र सीमित पाठ्यक्रम को पढ़कर चुनिंदा प्रश्नपत्रों की परीक्षा दे देने एवं उत्तीर्ण होने के उपरांत संबंधित पाठ्यक्रम की डिग्री हासिल कर लेने भर तक ही सीमित है। इस आपाधापी में शायद हम यह भूल चुके हैं कि आज की युवा पीढ़ी नैतिकता एवं मानव मूल्यों से शनैःशनैः दूर होती जा रही है।

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आज के विद्यार्थी के मन मस्तिष्क में उच्च शिक्षा के माहौल में दाखिल होने के उपरांत महज गिने-चुने शब्द जैसे पाठ्यक्रम, नोट्स, कोचिंग, परीक्षा एवं डिग्री ही घूमते रहते हैं। इनसे मुक्त होकर कुछ और सोचने, विचारने एवं विश्लेषण करने का मौका आज की पीढ़ी धीरे-धीरे खोती जा रही है। नतीजा यह निकल रहा है कि मानव मूल्य एवं नैतिकता जोकि व्यक्तित्व निर्माण के आधार स्तंभ हैं, विद्यार्थी से छूटते जा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षा में इन विषयों का पाठ्यक्रम के रूप में समावेश निस्संदेह ही एक बेहतरीन निर्णय है। जब यह परिवर्तन क्रियान्वयन के धरातल पर सफलतापूर्वक उतरेगा, तो निश्चित ही देश की युवा पीढ़ी के व्यक्तित्व एवं मानसिक स्तर में एक बड़ा एवं सकारात्मक बदलाव आएगा जो उनकी सोच एवं समझ को दूरदर्शितापूर्ण एवं व्यापक रूप देने में सक्षम होगा। यूजीसी के द्वारा की जाने वाली इस नई शुरुआत के अंतर्गत स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों में मानव मूल्य तथा नैतिकता दो क्रेडिट अंकों के पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित किए जाएंगे। इनमें से एक क्रेडिट अंक थ्योरी का तथा एक क्रेडिट अंक प्रैक्टिकल का रहेगा। थ्योरी का पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए विद्यार्थियों को 15 घंटे की पढ़ाई करनी होगी जबकि प्रायोगिक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए उन्हें इन विषयों से जुड़ी गतिविधियों में 30 घंटे शामिल होना पड़ेगा। स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर में इन विषयों के पाठ्यक्रम को लागू किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम के स्वरूप, शिक्षण संबंधी गतिविधियों तथा परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली में एक बड़ा परिवर्तन किया गया है। किंतु कहीं न कहीं कुछ कसर बाकी है जोकि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में उपर्युक्त विशिष्टताओं की कमी के रूप में अपना प्रभाव छोड़ रही है। यूजीसी की नई पहल जब पूर्णरूपेण क्रियान्वयन में आ जाएगी, तो निश्चित ही शिक्षा एवं शिक्षार्थी दोनों का स्वरूप तथा पारस्परिक संबंध एक बड़ी सीमा तक परिवर्तित हो जाएगा। यह परिवर्तन विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र के चहुंमुखी विकास हेतु एक उन्नत आधारशिला तैयार करेगा। आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है। नैतिकता एवं मानव मूल्यों के बीज यदि आज उसके मस्तिष्क की उर्वरा भूमि में अच्छी तरीके से बो दिए गए तो निश्चित ही उसका आने वाला कल बहुआयामी विकास का फल प्रदान करेगा।

आतंकवाद पर चीन और पाकिस्तान के दोहरे पैमाने

प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए।

आतंकवाद के मसले पर चीन के किंगदाओ नगर में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में एक बार फिर चोर-चोर मौसेरे भाई चीन और पाकिस्तान ने भारतीय हितों के परिप्रेक्ष्य में दोगलापन दिखाया है। इस बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद के खात्मे के लिए किए जा रहे आवाहन ने वैश्विक स्तर पर ऐसा माहौल बनाने का काम किया है कि इस समस्या को जड़ से उखाड़ दिया जाए। लेकिन एससीओ की बैठक में जिस दस्तावेज को साझा हस्ताक्षर के लिए सामने लाया गया तब उसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया। जबकि इस हमले में 26 भारतीय नागरिक आतंकवादियों ने मार दिए थे। इस दस्तावेज में बलूचिस्तान का नाम हैं। जबकि बलूचिस्तान के नागरिक पाकिस्तान के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अर्थात इस दस्तावेज को पढ़ने के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर दस्तखत करने से साफ इंकार कर दिया। इस संगठन पर चीन का प्रभाव है और चीन ही इस बार संगठन का अध्यक्ष देश है। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को न केवल पक्षपातपूर्ण माना, बल्कि इसे पाकिस्तान और उसके हितचिंतक चीन की हरकत माना। अतएव राजनाथ सिंह ने दस्तखत नहीं किए। इस संगठन के दस्तावेज की उपयोगता तभी है, जब बैठक में उपस्थित सभी सदस्य देश मुद्दों पर सहमत होकर हस्ताक्षर करने के साथ साझा बयान भी जारी करें। तब कहीं इस दस्तावेज पर सहमति बन पाती है।

इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए। इन देशों की कुल जीडीपी में 30 फीसदी और दुनिया की आबादी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यानी इस संगठन की इन देशों की अर्थव्यवस्था के लिए परस्पर भागीदारी जरूरी है। लेकिन जब राजनाथ सिंह ने दस्तावेज की इबारत को पक्षपात पूर्ण पाया तो उन्होंने खुले शब्दों में कहा, 'भारत आतंकवाद पर दोहरे मापदंड मंजूर नहीं करेगा। आतंक को बढ़ावा देने वाले देशों की खुली निंदा होनी चाहिए। कुछ देशों ने सीमा पार आतंकवाद को न केवल अपनी नीति ही मान लिया है, बल्कि अपने देश में उन्हें संरक्षण भी देते हैं। बावजूद इस हकीकत को नकारते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें अब समझना होगा कि आतंकवाद के अधिकेंद्र (एपीसेंटर) अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं।' नए भारत के इस कड़े संदेश ने उपस्थित रक्षा मंत्रियों को हैरानी में डाल दिया। अतएव न तो कोई सहमति बन पाई और न ही संयुक्त बयान जारी हो पाया। इस परिणाम ने समूची दुनिया को संदेश दे दिया है कि अब भारत अपने हितों से समझौता करने के लिए कतई तैयार नहीं है।

दरअसल भारत चाहता था कि एससीओ पहलगाम हमले की निदां करे और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर स्पष्ट रुख अपनाए। लेकिन चीन की एक बार फिर दगा की दोगली नीति सामने आ गई। एक सदस्य देश ने इस पहलगाम मुद्दे को दस्तावेज में शामिल करने से असहमति जता दी। यह दस्तावेज आतंकवाद से जुड़े तथ्यों के विपरीत था। इसलिए भारत ने इस आतंकी हमले को दस्तावेज में शामिल करने की मांग भी की थी। परंतु इस मांग को नमंजुर कर दिया गया। अध्यक्षता कर रहे चीन का यह रुख पाकिस्तान के प्रति उदारता जताता है, जो सर्वथा पक्षपातपूर्ण है। जबकि बलूचिस्तान की आतंकी गतिविधियों से जुड़ी जफर एक्सप्रेस की घटना इसमें दर्ज थी। इस संगठन का लक्ष्य शामिल देशों की सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाने के साथ आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और साइबर आपराध जैसे मसलों पर सटीक रणनीति बनाकर उस पर संयुक्त पहल करना भी है। लेकिन जिस तरह से पहलगाम हमले को नजरअंदाज किया गया उससे साफ है कि अध्यक्ष देश की नियत साफ नहीं है।

इस तरह का दोहरा चरित्र इसलिए खतरनाक है कि इसने क्षेत्रीय सहयोग से जुड़े मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। जिसके चलते आतंकवाद की समस्या से निपटना जटिल होगा। क्योंकि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध लगातार आतंकी खेल, खेलता हुआ खून की इबारतें लिख रहा है। इस सच्चाई को समूची दुनिया भलीभांति जानती है। स्वयं चीन ने बीजिंग में कुछ वर्ष पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोषणा पत्र में इस तथ्य को शामिल किया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान के सुरक्षित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाते हैं। बावजूद एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में पहलगाम को नजरअंज करना दोगलापन नहीं तो और क्या है? अतएव राजनाथ सिंह ने अभिलेख पर दस्तखत न करके दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि भारत आतंक के विरुद्ध लड़ाई लड़ता रहेगा।

जगन्नाथ रथः प्रेम और शांति का संदेश

जगन्नाथ रथ यात्रा यह एक भिन्न रथ यात्रा है जो अपने संपूर्ण यात्रा परिक्षेत्र में ब्राह्मण–दलित, ऊंच–नीच, स्त्री–पुरुष का भेद नहीं करती। जगन्नाथ क्षेत्र एक भेदभाव-मुक्त क्षेत्र है। महाभारत का रथ युद्ध का रथ था, कृष्ण स्वरूप जगन्नाथ का रथ प्रेम और शांति का रथ है। श्रीचैतन्य ने पुरी और मथुरा-वृन्दावन में प्रेम और शांति का ही संदेश दिया था। वे दोनों जगहों पर गए थे।

यह रथ एक कितनी भिन्न कल्पना है, इसमें बलराम-कृष्ण दो भाई और बहन सुभद्रा बैठी हैं। यह परिवार की अवधारणा, भाई-बहन के प्रेम का संदेश है। यहां राधा-कृष्ण नहीं हैं। यह भाई-बहनचारा का मामला है। रथ-रथ में कितना फर्क है। कृष्ण अगर जगत के नाथ हों तो यह विश्व भाईचारा का रथ हुआ।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जगन्नाथ से जुड़ी एक कहावत है-अपना हाथ जगन्नाथ। यह अपना हाथ ही भगवान है। जय जगन्नाथ कहना काफी नहीं है, थोड़ा-बहुत जगन्नाथ को समझना भी चाहिए। सोने का झाड़ू चलाने देने से कुछ नहीं होगा, यदि रास्ते पर खून के धब्बे हों। बचपन में छोटा टीन का रथ खरीद कर सजाता था, अपने भाई बहनों के लिए खरीद कर लाता था। पास के हावड़ा मैदान में विराट मेला लगता था। फूल के पौधे खरीदता था। फिर रथ पूजा का एक अर्थ हो चुका था तला हुआ पापड़ खाना। उन दिनों की याद आती है। ऐसी नफरत नहीं थी, धर्म धर्म था। हमारा देश कृष्ण की कितनी तरह से कल्पना कर लेता था। मथुरा-वृन्दावन में राधा के साथ तो पुरी में बहन सुभद्रा के साथ। यह आकस्मिक नहीं है कि लोक के कृष्ण कहीं अकेले नहीं हैं, सत्ता के कृष्ण भले अकेले हों। द्वारकाधीश हों या अर्जुन के सारथी-ये कभी लोक आराध्य नहीं हुए। आम लोगों ने हमेशा निर्मल प्रेम करने वाले कृष्ण को जाना, चाहे वे राधा के साथ हों या सुभद्रा के साथ। ये कृष्ण नट-नागर हैं, कलाप्रेमी हैं हथियार प्रेमी नहीं। आज लोग प्रेम करना ही नहीं, कलाएं सीखना और कल्पना करना भी भूल गए हैं।

ग्रंथों के अध्ययन से रोजगार

हिंदू अध्ययन से विद्यार्थियों को अनेक स्तरों पर लाभ मिल सकते हैं-जिसमें मुख्यतः शैक्षणिक, वैचारिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और आत्मिक लाभ शामिल हैं। इससे भारतीय ज्ञान परंपरा की गहरी समझ विकसित होगी। विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, धर्मशास्त्र, दर्शनशास्त्र आदि ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। यह उन्हें भारत की संस्कृति, धर्म, नैतिकता और जीवनदृष्टि की मूल आत्मा से परिचित कराता है। दर्शन और चिंतन क्षमता के विकास में यह पाठ्यक्रम सहायक होगा क्योंकि पाठ्यक्रम में भारतीय दर्शन जैसे सांख्य, योग, न्याय, वेदांत आदि विषय गहन तार्किकता और विचार-विमर्श को बढ़ावा देते हैं। इससे विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक सोच और तर्कशक्ति में वृद्धि होती है। आत्मिक एवं नैतिक विकास को यह प्रेरित करेगा क्योंकि इसका अध्ययन केवल बौद्धिक ज्ञान नहीं देता, बल्कि आचार, व्यवहार और जीवनशैली को भी प्रभावित करता है। यह विद्यार्थियों को संयम, करुणा, अहिंसा, सेवा, और आत्म-साक्षात्कार जैसे मूल्य सिखाने में कारगर है। इस विषय के अध्ययन के उपरांत विविध करियर विकल्प उपलब्ध हैं, जैसे-शोधकर्ता, शिक्षाविद्, लेखक, धर्मशास्त्री, संस्कृत विशेषज्ञ, अनुवादक, पुरातत्वविद्, संस्कृति विशेषज्ञ, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय विद्या संस्थान, विश्वविद्यालय, संग्रहालय, मीडिया और आध्यात्मिक संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य करने के अवसर शामिल हैं। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के विकास में उपयोगी यह अध्ययन युवाओं को भारत की आत्मा से जोड़ता है और विद्यार्थियों में गौरवबोध जगाता है तथा भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उनको तैयार करता है। हिंदू अध्ययन का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्व है, क्योंकि विदेशों में भारतीय संस्कृति, योग, ध्यान, आयुर्वेद और धर्म का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे में हिंदू अध्ययन विशेषज्ञों की वैश्विक स्तर पर भी मांग है। आज की वैश्विक दुनिया में जब शिक्षा केवल रोजगार तक सीमित रह गई है, ऐसे समय में हिंदू अध्ययन विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान की गहराई में ले जाता है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, मूल्य और आत्म-चिंतन से भी जोड़ता है। हिंदू अध्ययन के अंतर्गत वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, भारतीय दर्शन, पुराण, मंदिर वास्तुकला, सांस्कृतिक परंपराएं, धार्मिक अनुष्ठान और जीवनदृष्टि आदि का अध्ययन होता है। इसका उद्देश्य भारत की मूल आत्मा को समझना, उसका अध्ययन कर प्रामाणिक शोध को आगे बढ़ाना है। इससे विद्यार्थियों को भारतीय दर्शन और नैतिकता की गहराई को समझने का अवसर प्राप्त होगा। उनकी सोचने, तर्क करने और आत्मविश्लेषण की क्षमता का विकास होगा। ऐसे विद्यार्थी शोध, लेखन, शिक्षण और अनुवाद जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। भारत के कई विश्वविद्यालयों केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, निजी विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में हिंदू अध्ययन केंद्र संचालित हो रहे हैं, और संबंधित विषयों पर प्रमाणिक शोध भी हो रहा है जिसमें इस विषय क्षेत्र को नई दृष्टि दी जा रही है। हिंदू अध्ययन केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने वाला मार्ग है। हिंदू अध्ययन न सिर्फ युवाओं की तार्किक व विश्लेषणात्मक शक्ति बढ़ायेगा बल्कि यह उनको भारतीय संस्कृति का बोध कराने और रोजगार के भी विभिन्न अवसर उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा।

प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

एमएसपी बढ़ने से रुकेगा किसान आंदोलन!

अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

> अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं।

हाल ही में मोदी सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए कई फसलों की एमएसपी में इजाफा किया है। सरकार का दावा है कि हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को ध्यान में रखा गया है। वहीं किसानों के लिए ब्याज छूट को बनाए रखने का फैसला भी लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर दो लाख तक का लोन चार फीसदी ब्याज पर मिलने की भी व्यवस्था की गई है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं। इससे अब छोटे और सीमांत किसानों को बड़ा फायदा हो सकेगा। यह योजना अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू की गई थी। इससे किसानों के लिए अपने काम को लेकर लोन लेना आसान हो गया है। इस योजना में दो लाख तक के लोन पर कोई गारंटी नहीं ली जा रही है।

सरकार का दावा है कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि से उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। गौरतलब है कि एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! असल में एमएसपी सरकार द्वारा किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। एमएसपी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को बिचौलियों से शोषण से बचाया जा सकेगा। वहीं इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल रिलेशंस-ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट का अध्ययन बताता है कि खेती की कीमतों को कृत्रिम रूप से कम रखने की पक्षपाती सरकारी नीतियों के कारण देश के किसान वर्ष 2000 के बाद से लगातार घाटा उठा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि पक्षपातपूर्ण सरकारी नीतियों और कृषि कीमतों के कारण किसानों को वर्ष 2022 में 14 लाख करोड़ रुपए और 2000-2017 के दौरान 2017 की कीमतों पर 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसके चलते ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

असल में एमएसपी को लेकर किसानों ने कई बार आंदोलन किया है। वे हर फसल को एमएसपी पर खरीदने की मांग कर रहे हैं। एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी कि जब फसलों की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए, तो सरकार इसकी भरपाई करे। वहीं किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसलों को पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। असल में किसानों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 1991 के आर्थिक उदारीकरण से संबंधित लंबे समय से चली आ रही शिकायतों से प्रेरित है, जिसमें कृषि की तुलना में औद्योगीकरण को प्राथमिकता दी गई थी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों, जहां किसान कम फसल लाभ एवं बढ़ती लागत का सामना कर रहे हैं, में संकट बढ़ रहा है। किसानों के अनुसार, उनकी प्रमुख मांगों में प्राथमिक मांग एक ऐसे कानून की है, जो सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी देता है। यह स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ मार्जिन की सिफारिश की गई है।

सरकार का कहना है कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी देना अव्यावहारिक होगा, क्योंकि इसमें लॉजिस्टिक चुनौतियां और खरीद की उच्च लागत शामिल है। एमएसपी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। असल में एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है। सीएसीपी ने अपनी मूल्य नीति रिपोर्ट में एमएसपी पर एक कानून बनाने का सुझाव दिया था। ऐसा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक बताया गया। उसका कहना था कि सरकार को कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे लोगों द्वारा भरपू

मुख्यमंत्री योगी ने किया व्यापारियों को सम्मानित

भामाशाह जयंती की पूर्व संध्या पर लोकभवन में आयोजित किया गया भव्य कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भामाशाह जयंती व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर लोक भवन में भामाशाह पुरस्कार और व्यापारी सम्मान पुरस्कार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारोबारियों को सम्मानित किया। प्रत्येक वर्ष प्रत्येक जनपद में इसे आयोजित किए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, लखनऊ व्यापार मंडल, भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के अजय त्रिपाठी मुन्ना, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ इकाई और संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

व्यापारियों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

आयोजन से बढ़ा व्यापारियों का सम्मान : कंछल

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि व्यापारी कल्याण दिवस एवं भामाशाह जयंती की पूर्व संध्या पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम व्यापारियों का हौसला बढ़ाने वाला है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि इससे कारोबारियों का सम्मान बढ़ा है। संगठन की ओर से भामाशाह जयंती पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की ओर से व्यापारियों का किया गया सम्मान निश्चित तौर पर व्यापारियों को ऊर्जा देने वाला है। उन्होंने बताया कि लखनऊ व्यापार मंडल की ओर से बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद बनवारी लाल कंछल और अन्य व्यापारी। अमृत विचार

संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की रही मौजूदगी

व्यापारी सम्मान समारोह में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे, राष्ट्रीय सचिव प्रमोद मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप साहू, जिला प्रभारी प्रवीण मणि त्रिपाठी, अर्पित गोयल, वेद रतन सिंह, चंद्रभान यादव, कौशल गुप्ता के अलावा बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

सूचना

मैं संदीप कुमार पुत्र श्री मुनीश चंद्र निवासी नगला ताल पार डाकखाना कसावा थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उत्तर प्रदेश का निवासी हूं वर्तमान में मैं चतुर्थ बाहिनी सशस्त्र सीमा बल मोहनलालगंज लखनऊ में ड्यूटी पर कार्यरत हूँ। दिनांक 1/06/25 समय 9 बजे मैं अपने परिवार के साथ बाजार करने हेतु मोहनलालगंज आया था। इस दौरान मेरा हथियार का लाइसेंस गिर गया जिसका नंबर dmk/1188/kup/13/arms है यदि किसी व्यक्ति को प्राप्त होता है तो कृपया करके दिए गए पते पर या 9522806125 पर सूचना देने का कष्ट कीजिएगा।

व्यापारियों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानचंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदीप अग्रवाल समेत कई व्यापारी नेताओं की मौजूदगी रही। सभी ने भामाशाह जयंती पर आयोजित व्यापारी कल्याण दिवस के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का आभार जताया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सम्मान करते संदीप बंसल। अमृत विचार

लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के साथ सचिन गिरीश गुप्ता, रविंद्र त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी मुन्ना और अन्य व्यापारी।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने भाग लिया

समारोह में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ इकाई के चेयरमैन सुमेर अग्रवाल, अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, मंत्री विवेक अग्रवाल, प्रशांत मिश्रा, संगठन मंत्री श्याम मिश्रा, युवा अध्यक्ष संजय जायसवाल और विधि संयोजक शैलेन्द्र शर्मा समेत कई व्यापारी मौजूद रहे। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने किया समस्याओं का निस्तारण

अमृत विचार, लखनऊ: कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की ओर से निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत 6 जिलों में जिला संपर्क शिविरों लगाए गए। इनमें पेंशन, दावा आवेदन, केवाईसी अनुपालन आदि शिकायतों का निस्तारण किया गया।

क्षेत्रीय भ.नि. आयुक्त प्रथम अश्विनी कुमार गुप्ता ने बताया कि लखनऊ में लगाए गए शिविर में क्षेत्रीय भ.नि. आयुक्त द्वितीय आशीष कुमार ने समस्याएं सुनी। उन्होंने नियोक्ताओं व कर्मचारियों को सूचना पुस्तिका भी बांटी। आशीष ने बताया कि इस माह शिविर की थीम पेंशनर सेवा पर केंद्रित रही। जिसके तहत फेस आथेंटिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र, पेंशन कैलकुलेटर, प्रयास योजना के साथ पेंशनर की मृत्यु होने पर क्या कार्यवाही करनी चाहिए इसकी जानकारी दी गई।

नेचर कैम्प में सीखे वन्य जीव संरक्षण के तरीके

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य संग्रहालय और टर्टिल सर्वाइवल एलायंस फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में जूनियर कंजर्वेशनिस्ट नेचर कैम्प के 5वें दिन प्रतिभागियों को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में राष्ट्रीय मत्स्य कोष, संग्रहालय, राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान केन्द्र, कुकरैल घड़ियाल प्रजनन केन्द्र में विविध प्रकार के पशु-पक्षियों, उनके विशिष्ट लक्षणों, प्रजनन, प्रवास संरक्षण, आवास तथा भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित विभिन्न प्रकार की वन्य जीव संरक्षण की परियोजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया।

प्रतिभागियों ने हर दिन एक नये अनुभव के साथ ही वन्य जीव संरक्षण के बारे में सीखते हुए बड़े ही उत्साह से प्रतिभाग किया। प्रतिदिन उपलब्ध करायी गयी वर्कशीट में उनके द्वारा किए गए ज्ञानार्जन से संबंधित प्रश्नों का उत्तर चित्रों के माध्यम से रुचिपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। समापन दिवस पर महानिदेशक सार्वजनिक उद्यम संजय कुमार ने प्रतिभागियों को पौधारोपण के महत्व, औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ वन्य जीवों के प्रति ज्ञानार्जन करने के लिए विभिन्न स्थानों का भ्रमण तथा वन्य जीवों के प्रति सहिष्णुता के लिए प्रेरित किया। टर्टिल सर्वाइवल एलायंस फाउंडेशन इंडिया के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि पांच दिवसीय जूनियर कन्जर्वेशनिस्ट नेचर कैम्प अत्यधिक सफल प्रयास रहा। निदेशक राज्य संग्रहालय डॉ. सृष्टि धवन ने आभार व्यक्त किया। शारदा प्रसाद, राहुल सैनी, अनुराग द्विवेदी, सुरेश कुमार रावत, सत्यपाल शर्मा, मोहम्मद परवेज एवं पूनम आदि मौजूद रहे।

भुगतान नहीं करने वाले खुदरा विक्रेताओं की सूची की जाएगी सार्वजनिक

लखनऊ सीमेंट डीलर्स एसोसिएशन की बैठक में उठाए गए कई मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ सीमेंट डीलर्स एसोसिएशन की बैठक गोमतीनगर स्थित मेट्रोपोलिटन क्लब में हुई। इसका आयोजन लखनऊ इकाई के अध्यक्ष अभिषेक मंसानी और वरिष्ठ महामंत्री जिम्मी गर्ग ने किया। प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीमेंट के कारोबारियों ने 11 बिंदु उठाए।

इनमें खुदरा विक्रेताओं थोक विक्रेताओं को भुगतान न करने का मुद्दा अहम रहा। प्रदेश अध्यक्ष ने अब खुदरा कारोबारियों को सुरक्षा के रूप में 3 खाली चेक अनिवार्य रूप से देनी होगी। भुगतान न करने वाले खुदरा विक्रेताओं की सूची सार्वजनिक की जाएगी। बैठक में व्यापारियों को 5 लाख तक का बीमा कराने की मांग भी उठी। कहा कि सीमेंट कंपनियों को नॉन-ट्रेड बिक्री डीलर नेटवर्क के माध्यम से करनी चाहिए। आरडी सिस्टम को हटाकर नेट बिलिंग होनी चाहिए। सीमेंट कंपनियों के सभी टूर केवल लखनऊ से ही संचालित होने चाहिए।

पत्राचार को गति देने के लिए एसोसिएशन का नया लेटरहेड तैयार किया जाएगा। स्टील से संबंधित मुद्दों पर सरकारी अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। अगली बैठक 13 सितंबर को होगी। सत्र 2026 के लिए एलसीडीए डायरी तैयार की जाएगी। बैठक में आकाश हुजा, केएम गिरी, मनीष मोदी, मनोज सिंह, अर्पित जैन, मनीष यादव, जीवन जोत सिंह, मुदस्सर भाई, ज्ञानेंद्र अवस्थी, मयंक अग्रवाल, निर्मल गुप्ता, भास्कर गुप्ता, प्रवीण खंडेलवाल, कमल अग्रवाल, विशाल सचान, दीपक सिंघल, मनीष अग्रवाल, विजय साहू, प्रवीण खंडेलवाल उपस्थित रहे।

सीमेंट डीलर्स एसोसिएशन की बैठक में शामिल व्यापारी। अमृत विचार

कार्यालय उपजिलाधिकारी कादीपुर, सुलतानपुर

पत्रांक– 57/र0का0–आवंटन/म0पा0अ0–नीलामी विज्ञापन/25 दिनांक 23 जून 2025

प्रेस–विज्ञप्ति

मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा रिट संख्या 54161/2013 इन्द्रपाल बनाम उ0प्र0 सरकार में पारित आदेश दि0 14.05.2025 व सिविल रिट याचिका संख्या–18838/2012 प्रमोद कहार व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में पारित आदेश दि0 16.04.2012 एवं राजस्व संहिता 2006 (यथा संशोधित) की धारा 61 के अनुपालन में तहसील कादीपुर जनपद सुलतानपुर में मत्स्य पालन हेतु उपयुक्त तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से किये जाने हेतु तहसील मुख्यालय पर शिविर का आयोजन कालम 6 में अंकित दिनांक को किया जायेगा है। शासनादेश संख्या–3776/1–2–95–रा–2 दिनांक 17.10.1995 में वर्णित नियमों के अनुरूप मछुआ समुदाय व अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों को नीलामी पद्धति से तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा किया जायेगा। 2.000 हे0 से अधिक क्षेत्रफल के तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से पंजीकृत तथा मान्यता प्राप्त मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को किया जायेगा। मत्स्य पालन पट्टे का लगान बकायेदार पट्टेदार अथवा समिति को किसी भी दशा में मत्स्य पालन पट्टा लेने हेतु बोली में शामिल होने के लिये पात्र नहीं होगा। मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के लिये यह अनिवार्यता होगी की समिति के अध्यक्ष/सचिव मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालन विकास अभिकरण से अदेयता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर नीलामी अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगें। ऐसा न करने पर नीलामी प्रक्रिया में भाग न ले सकेगें। नीलामी माननीय राजस्व परिषद लखनऊ के पत्र संख्या आर0जी0–2011–जी0–5–23 (आर रिट)/ 2011 दिनांक 16 जुलाई 2013 के अन्तर्गत तालाबों की नियत प्रारूप पर वित्तीय वर्ष 2025–26 में नीलाम प्रक्रिया किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है जो निम्नवत है–

नीलामी स्थल–	तहसील सभागार कादीपुर
आवेदन पत्र प्राप्त करने का समय–	प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक।
नीलामी/बोली का समय–	अपरान्ह 01:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक
नीलामी अधिकारी–	तहसीलदार कादीपुर

नीलामी हेतु तालाब/पोखर/मीनाशय का विवरण

क्र0 सं0	राजस्व ग्राम का नाम	गाटा सं0	क्षेत्रफल (है0 में)	न्यूनतम वार्षिक लगान धनराशि (रू0 5000 प्रति है0 प्रति वर्ष)	बोली बोलने के लिये जमानत धनराशि (रूपये में)	नीलामी तिथि एवं दिन
1	2	3	4	5	6	7
1	अमनाइकपुर	145	0.284	1420	2000	दिनाक 01.08. 2025 दिन शुक्रवार
2	नरायनपुर नागनाथपुर	74	0.809	4045	2000	
3	नरायनपुर नागनाथपुर	226क	0.828	4140	2000	
4	गंगापुर कलां	22	0.746	3730	2000	
5	दसगरपारा	1122	0.707	3535	2000	
6	कटघरा मुतरवाही	262	0.367	1835	2000	
7	कटघरा मुतरवाही	188	0.519	2595	2000	
8	रामपुर खुर्द	217	0.256	1280	2000	
9	महमदाबाद	576	0.350	1750	2000	
10	तौकलपुर	136	0.809	4045	2000	
11	बनकेगांव	196	0.803	4015	2000	
12	मगरावां	511मि	0.316	1580	2000	
13	बिरईपुर भटपुरा	1036	0.733	3665	2000	
14	वारी	53घ	0.443	2215	2000	
15	बुढ़ाना	519	0.202	1010	2000	
16	कमरावां	164	0.526	2630	2000	
17	गौराबीबीपुर	62	0.332	1660	2000	
18	हमजापुर पठान	222	0.249	1245	2000	
19	तवक्कलपुरनगरा	491	0.879	4395	2000	
20	गोपालपुर सरायख्वाजा	654ग	0.481	2405	2000	
21	रोहियावां	113	0.228	1140	2000	
22	रोहियावां	100	0.670	3350	2000	
23	ककना	536	0.392	1960	2000	
24	मुस्तफाबाद सरैया	98	0.506	2530	2000	
25	खालिसपुर मुबारकपुर	213ग	0.974	4870	2000	
26	बढ़ौनाडीह	405	0.430	2150	2000	
27	बढ़ौनाडीह	472	0.961	4805	2000	
28	बढ़ौनाडीह	439	0.240	1200	2000	
29	बढ़ौनाडीह	475	0.367	1835	2000	
30	बढ़ौनाडीह	509ख	0.258	1290	2000	
31	बढ़ौनाडीह	510च	0.604	3020	2000	
32	हांसापुर	68	0.509	2545	2000	दिनाक 02.08. 2025 दिन शनिवार
33	हांसापुर	70क	0.360	1800	2000	
34	हांसापुर	109	0.499	2495	2000	
35	हांसापुर	417क	0.502	2510	2000	
36	हांसापुर	419	0.525	2625	2000	
37	हांसापुर	430	0.266	1330	2000	
38	हांसापुर	487	0.344	1720	2000	
39	हांसापुर	626	0.455	2275	2000	
40	हांसापुर	840	0.280	1400	2000	
41	हांसापुर	952	0.296	1480	2000	
42	पदारथपुर उपाध्याय	634ख	0.825	4125	2000	
43	मुड़हा	589क	0.443	2215	2000	
44	अनन्तपुर	22	0.807	4035	2000	दिनाक 02.08. 2025 दिन शनिवार
45	अनन्तपुर	3	0.810	4050	2000	
46	कटघरापट्टी	591	0.618	3090	2000	
47	अमरेथू डढ़िया	535	0.326	1630	2000	
48	कटघरापट्टी	1697	0.506	2530	2000	
49	कटघरापट्टी	1697	0.506	2530	2000	
50	कूहीं डढ़िया	84	0.253	1265	2000	
51	कूहीं डढ़िया	85	0.936	4680	2000	
52	कूहीं डढ़िया	51	0.752	3760	2000	
53	भरथुआ	90क	0.367	1835	2000	
54	भरथुआ	1023	0.626	3130	2000	
55	भरथुआ	90क	0.367	1835	2000	
56	भरथुआ	1023	0.626	3130	2000	
57	जलालपुर बखरा	473	0.215	1075	2000	
58	बेथरा	1362ख	0.363	1815	2000	
59	खालिसपुर डींगुर	698	0.367	1835	2000	
60	बसहां	440	0.352	1760	2000	
61	महमदपुर	50	0.329	1645	2000	
62	कलान	619ख	0.582	2910	2000	
63	अलाउद्दीनपुर	95ख	0.490	2450	2000	
64	अलाउद्दीनपुर	240	0.266	1330	2000	
65	गोपालपुर	99	0.569	2845	2000	
66	प्राणनाथपुर बछेड़िया	1126ख	0.797	3985	2000	
67	प्राणनाथपुर बछेड़िया	1516	0.430	2150	2000	
68	जगदीशपुर	479ग	0.266	1330	2000	
69	पारावासूपुर	97	0.272	1360	2000	
70	हाजीपुर बीरी	2774	0.626	3130	2000	
71	पौधनरामपुर	1422ख	0.367	1835	2000	
72	मसुरन	343ख	0.537	2685	2000	
73	वारी सहिजन	591छ	0.329	1645	2000	
74	मीरपुर प्रतापपुर	2579	0.262	1310	2000	
75	मीरपुर प्रतापपुर	1334	0.4870	2435	2000	दिनाक 04.08. 2025 दिन सोमवार
76	उमरी	534क	1.899	9495	2000	
77	गिधौना	223ख	1.746	8730	2000	
78	मसुरन	310	1.195	5975	2000	
79	हांसापुर	218	1.227	6135	2000	
80	हाजीपुर बीरी	2167ख	1.177	5885	2000	
81	मिसिरपुर जलालपुर	192	1.708	8540	2000	
82	उमरी	202मि	1.344	6720	2000	
83	गौराबीबीपुर	213	1.947	9735	2000	
84	मीरपुर प्रतापपुर	4016	1.214	6070	2000	
85	बुढ़ाना	88ग	1.960	9800	2000	
86	अन्दारायपुर	557	1.536	7680	2000	
87	अन्दारायपुर	705	1.195	5975	2000	
88	अन्दारायपुर	939	1.777	8885	2000	
89	अन्दारायपुर	539	1.536	7680	2000	
90	लेडुआ	367ख	1.092	5460	2000	
91	श्रीरामपुर	191	2.013	20130	2000	
92	कटसारी	893	0.417	4170	2000	
93	कटसारी	895	0.455	4550	2000	
94	अमरेथू डढ़िया	637क	2.099	20990	2000	
95	लौसढ़ा	264	2.036	20360	2000	
96	पतारखास	692घ	2.0360	10180	2000	
97	अमरेथू डढ़िया	494डमि	2.887	28870	2000	
98	मीरपुर प्रतापपुर	2544	2.225	11125	2000	
99	हाजीपुर बीरी	1155क	3.349	33490	2000	
100	अमरेथू डढ़िया	485ग	5.015	50150	2000	
101	मीरपुर प्रतापपुर	1851	4.842	24210	2000	
102	घाटमपुर	352अ	5.9120	29560	2000	दिनाक 05.08. 2025 दिन मंगलवार
103	रूपईपुर	115च	6.8860	34430	2000	
104	मीरपुर प्रतापपुर	1654	11.698	58490	2000	
105	मखदूमपुरकलां	800तमि	7.575	75750	2000	
106	कैमासपुर	238ख	3.250	32500	2000	
107	पोखरदहां	284क	2.276	22760	2000	
108	डोमापुर	1504ख	2.760	27600	2000	
109	खानपुर कलां	1ख	2.3010	11505	2000	
110	हरपुर	265छ	2.3170	11585	2000	
111	हरपुर	263	2.3170	11585	2000	
112	कूहीं डढ़िया	153	2.124	21240	2000	
113	कूहीं डढ़िया	165	3.443	34430	2000	
114	मझगवां	522मि	3.035	30350	2000	
115	वारी	1278	3.035	30350	2000	
116	हरपुर	260ख	14.7000	73500	2000	दिनाक 05.08. 2025 दिन मंगलवार
117	रूपईपुर	114ग	17.4770	87385	2000	
118	मझगवां	611	12.824	128240	2000	
119	कटघरापट्टी	589	21.74	217400	2000	
120	कटघरापट्टी	589	21.074	210740	2000	
121	अमरेमऊ	165य	29.522	295220	2000	
122	मलिकपुर नोनरा	1681फ	58.136	581360	2000	
123	सिजिलपुर	709मि	22.900	229000	2000	
124	भरथुआ	589	21.074	210740	2000	
125	सहतपुर	261	24.295	242950	2000	
126	डोमापुर	1113क	53.893	538930	2000	
	योग	126 किता	443.47	3773485	252000	

मा0 उच्च न्यायालय के सिविल मिस रिट पिटीशन संख्या–39500/2014 श्रीमती कौशिल्या देवी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य एवं सिविज मिस पिटीशन संख्या–41084/2014 शंकर बनाम उ0प्र0 रात्य व अन्य में पारित आदेशों के अनुपालन में नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नवीनतम आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र (विज्ञापन की तिथि से 6 (छः) माह पुराना न हो) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

1. नीलामी प्रक्रिया के बोली की पात्रता की शर्ते (यथा संशोधित) शासनादेश संख्या–3736/1–2–1995 रा–2 दिनांक 17.10.1995 के अनुरूप होगी जो तहसील मुख्यालय एवं राजस्व परिषद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. राजस्व संहिता नियमावली 2006 के निमय 57/58 के अनुसार 2 हे0 के कम क्षेत्रफल वाले तालाब पट्टा नीलामी की न्यनतम धनराशि 2000रू0 प्रति एकड़ (5000 प्रति हेक्टेयर) प्रति वर्ष तथा 2 हे0 से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों पट्टा नीलामी की न्यूनतम धनराशि 4000रू0 प्रति एकड़ (10000 प्रति हेक्टेयर) प्रति वर्ष निर्धारित है।
3. पट्टे की शर्तो एवं नीलामी से सम्बन्धित किसी अन्य जानकारी हेतु रजिस्टार कानूनगो कार्यालय तहसील कादीपुर में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
4. विज्ञापन में सम्मिलित गाटों का यदि किसी व्यक्ति के नाम आवंटन पूर्व से पाया जाता है तो वह नीलामी तिथि से पूर्व जमा लगान आदि अभिलेखों के साथ कार्यालय में सूचित कर सकता है। ऐसे नम्बरान की नीलामी नहीं की जायेगी।
5. मत्स्य पालन के इच्छुक व्यक्तियों/मत्स्य पालक समितियों के अध्यक्ष/सचिव/सदस्यों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त विज्ञापित/प्रकाशित गाटा संख्याओं के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण कर लें अथवा क्षेत्रीय लेखपाल से सम्पर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त कर लें कि सम्बन्धित गाटा सं0 आवंटन योग्य है अथवा नहीं। आवंटन योग्य होने पर शिविर में आवेदन करें। आवंटन/नीलामी के उपरान्त किसी व्यक्ति का उक्त सम्बन्ध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. परिषदादेश सं0–आर–544/जी–5–9डी/2022(3) मत्स्य पालन दिनांक 10.07.2023 के प्रस्तर–3 के अनुसार उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली–2016 के नियम–57 (11) में उल्लिखित आवंटन विलेख आर0सी0 प्रपत्र 15 के अनुसार नीलामी के वार्षिक लगान की धनराशि प्रत्येक वर्ष 30 जून के पूर्व अदा करेगा और प्रथम वर्ष का किराया एक मुश्त 1/4 भाग नीलामी के समय तथा 3/4 भाग 15 दिन के अन्दर जमा करेगा। द्वितीय अथवा अगले वर्षों हेतु किराये की धनराशि का 1/4 भाग कृषि वर्ष की प्रथम तिमाही अर्थात जुलाई–सितम्बर के मध्य एवं शेष 3/4 भाग दूसरी तिमाही अर्थात अक्टूबर–दिसम्बर के मध्य जमा करना होगा।
7. नीलामी/पट्टा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार एवं अन्तिम निर्णय उपजिलाधिकारी कादीपुर सुलतानपुर में निहित होगा।
8. उपरोक्त नीलामी तिथि में जो तालाब अवशेष रह जाते है उनकी नीलामी उक्त विज्ञापन के अनुसार दिनांक 06.08.2025 व इसके उपरान्त भी शेष रहे तालाबों की नीलामी दिनांक 08.08.2025 को पुनः की जायेगी।

(उत्तम कुमार तिवारी)
उप जिलाधिकारी
कादीपुर, सुलतानपुर

UP-235331 दिनांक 26.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

एक नजर

लोनिवि में हर महीने 5, 15 व 25 तारीख को निकलेंगे टेंडर

अमृत विचार, लखनऊ : अब लोक निर्माण विभाग में प्रत्येक महीने की 5, 15 और 25 तारीख को ही टेंडर निकाले जाएंगे। विभागाध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार इस आशय का फैसला वर्ष 2018 में भी हुआ था, पर इस वर्ष 2023 में रोक लगा दी गई थी। ठेकेदारों ने मांग की थी कि मंडल में एक ही तारीख में निविदाएं मांगी जाएं, ताकि आवेदन करने में ठेकेदारों को आसानी हो सके। करीब दो साल बाद आदेश फिर से लागू कर दिए गए हैं। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगर इन तारीखों में अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में निविदा निकाली जाए।

नाला सफाई के लिए पार्षद ने लिखा पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड के मानस नगर कालोनी में आशा आश्रम सड़क के किनारे बना एक किलोमीटर लंबा नाला साफ नहीं कराया गया है। पार्षद रामनरेश रावत ने महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार को पत्र लिखकर नाला साफ करवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि नाले पर अतिक्रमण भी नहीं हटवाया जा रहा है। पूरे नाले के बजाए दो चार खुली जगह पर थोड़ी सफाई करवा दी गई है। पार्षद ने कहा कि बारिश में जलभराव से लोग परेशान हैं।

सीएएल की आम सभा 26 जुलाई को

अमृत विचार,लखनऊ : क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) की आम सभा 26 जुलाई को अयोध्या रोड स्थित बीबीडी यूनिवर्सिटी के डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम के आडिटोरियम में होगी। सीएएल के सचिव केएम खान ने शनिवार को बताया कि सभा में एसोसिएशन से पंजीकृत सभी इकाइयों के अध्यक्ष या सचिव में एक ही सदस्य शामिल हो सकेगा। सीएएल की कार्यकारिणी बैठक में आम सभा की बैठक को लेकर फैसला लिया गया। बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में हुई इस बैठक की अध्यक्षता डॉ.नवनीत सहगल ने की।

नवप्रभात में दिखा कथक नृत्य का शानदार प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : राग प्रभात कथक नृत्य भूमि की निदेशक रिनी भारद्वाज और प्रबंधन प्रमुख वान्या भारद्वाज तथा रचना प्रभात प्रोडक्शंस ने संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में कथक नृत्य का कार्यक्रम नवप्रभात का आयोजन किया। रिनी भारद्वाज के निर्देशन और कोरियोग्राफी में कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया। राग प्रभात की ओर से 9 से 27 जून तक आयोजित कथक कार्यशाला में दक्ष प्रतिभागियों ने यहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कार्यशाला के विद्यार्थियों ने विभिन्न अर्ध-शास्त्रीय और बॉलीवुड गीतों पर प्रदर्शन किया।

कुकरैल नाला नहीं नदी, सफाई जरूरी

पर्यावरण विज्ञानी का कहना- कुकरैल को स्वच्छ किए बिना गोमती नहीं होगी प्रदूषण मुक्त

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : कुकरैल नाला नहीं, नदी है, ये 1920 और 1940 के राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। शहर के सैकड़ों गंदे नालों को इसमें जोड़ देने से ये नाला नहीं बन जाएगी। अगर गोमती को प्रदूषण मुक्त करने की चिंता है तो पहले सहायक नदी कुकरैल को साफ करना होगा। ये कहना है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के डॉ. वेंकटेश दत्ता का। उनके शोध व कार्ययोजना पर प्रदेश सरकार ने कुकरैल नदी के पुनर्जीवन पर कार्य शुरू किया है।

बीबीएयू में पर्यावरण विज्ञान विभाग के डॉ. वेंकटेश दत्ता और उनकी शोध टीम ने इस प्राकृतिक नाले के जीर्णोद्धार के लिए ब्लूप्रिंट तैयार किया है। पिछले पंद्रह वर्षों से गोमती नदी के सहायक प्राकृतिक नदियों पर कार्य कर रहे डॉ. वेंकटेश कुकरैल को उसके वास्तविक प्राकृतिक स्वरूप में लाने के लिए शोधपूर्ण कार्य योजना शासन के समक्ष रख चुके हैं, जिसके बाद इसके जीर्णोद्धार का कार्य चल पड़ा है। वह बताते हैं कि कुकरैल ही नहीं राजस्व के इतिहास को खंगालने पर लखनऊ शहर में सात छोटी नदियों का अस्तित्व मिलता है, जिनमें कुछ नदियां अब शहरीकरण की भेंट चढ़ चुकी हैं।



हाईवे के साथ प्रवाहित होती कुकरैल नदी। अमृत विचार

- कुकरैल के 27 सहायक तालाबों को स्वच्छ करने पर हो रहा कार्य
- 1940 तक राजस्व रिकार्ड में कुकरैल नदी के रूप में जानी जाती थी

बीकेटी के पास से निकलकर 28 किमी चलती है कुकरैल

लखनऊ के बीकेटी के पास अस्तिगांव से कुकरैल नदी का उद्गम होता है। जो करीब चार किलोमीटर शहर में, लगभग 20 किलोमीटर जंगल क्षेत्र से होते हुए करीब 29 किलोमीटर की यात्रा करती है, जिसे नाला बना दिया है वास्तव में वह नदी थी, जो गोमती में जाकर मिल जाती है। कुकरेल ड्रेन से कुल डिस्चार्ज 150 एमएलडी है। 90 एमएलडी भरवारा में एसटीपी के लिए जाता है और लगभग 60 एमएलडी गोमती नदी में जाता है।

जलभराव की समस्या हो सकती है दूर

कुकरैल के माध्यम से इंदिरा नगर, तकरोही, आदिल नगर, जानकीपुरम, त्रिवेणी नगर, इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे क्षेत्रों से बरसाती पानी गोमती में जा सकता है। इससे जलभराव की समस्या हल होगी यदि इसे कुकरैल से जोड़ दिया जाए। कुकरैल लगभग 120 छोटे नालों के बराबर बारिश के पानी का निर्वहन करता है।

> कुकरैल को साफ और अबाध प्रवाहित किए बिना गोमती प्रदूषण मुक्त नहीं होगी। जबतक गोमती प्रदूषण मुक्त नहीं होगी तबतक आप गंगा की स्वच्छता की बात कैसे कर सकते हैं। हमारी सारी छोटी-बड़ी नदियां एक दूसरे से जुड़ी हुई है और जीवनदायिनी हैं।
>
> – डॉ. व्यंकटेश दत्ता, पर्यावरण विज्ञान विभाग, बीबीएयू

क्या है कार्ययोजना

- नाले के दोनों ओर पगडंडी, वॉकिंग ट्रेल बनाया जाना
- कुकरैल के दोनों तरफ 200 मीटर मैदान के अतिक्रमण हटाना
- फ्लोटिंग फव्वारे और उद्यान का निर्माण
- उद्गम स्थल पर 80-80 मीटर के पाईप को बढ़ाया जाएगा
- जुगौली झील को पुर्नजीवित कर वेटलैंड बायोडायवर्सिटी पार्क बनाना
- एसटीपी बनाकर शोधित जल फिर से कुकरैल में छोड़ सकते हैं
- कुकरैल के किनारों पर तरह-तरह की वाटिका विकसित की जानी चाहिए
- तटबंधों को कंक्रीट की जगह प्राकृतिक रहने दिया जाए ताकी पानी का फैलाव हो सके
- वाटर बॉडिज का निर्माण जिससे भूजल रिचार्ज हो सके

साइबर ठगों ने चार लोगों से ऐंठे 97.31 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर साइबर ठग ने बुजुर्ग व कारोबारी समेत चार लोगों से 97.31 लाख रुपये ऐंठ लिए। जालसाज ने सोशल मीडिया के सहारे पीड़ितों को फंसाया। ट्रेडिंग पर 800 प्रतिशत तक मुनाफे का आश्वासन दिया। उसके बाद लिंक भेजकर एप डाउनलोड कराकर रकम ट्रांसफर करा ली। यूजर आईडी पर मुनाफा देख पीड़ितों ने रुपये निकालने का प्रयास किया तो और मांग की गयी। ठगी का एहसास होने पर पीड़ितों ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

गोमतीनगर विस्तार स्थित शारदा अपार्टमेंट निवासी 63 वर्षीय एनआर चंद्रमणि से 34,02,925 लाख, एसजीपीजीआई निवासी गौरव कुमार झा से 44 लाख रुपये, कैंट सदर स्थित राम दास हाता निवासी मोहम्मद शकील से 12,30,500 रुपये और इंदिरानगर बी-ब्लॉक निवासी बुजुर्ग वीरेंद्र कुमार राय से 6.98 लाख रुपये ऐंठ लिए।

पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगे 7.47 लाख रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : मूल रूप से सुल्तानपुर निवासी अखिलेश कुमार सिंह चिनहट के मल्हौर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 10 जून को टेलीग्राम पर टीम टॉस्क ग्रुप पर जोड़ा गया। उसके बाद मैसेज पर जाहनवी संगल ने चैटिंग कर पार्ट टाइम जॉब का झांसा दिया। पीड़ित ने बताया कि निवेश के नाम पर 7.47 लाख रुपये जमा करा लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

सार-संक्षेप

कारोबारी के मकान में जीजा-साले ने साथी संग की थी चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : पेट्रोल पंप कारोबारी के मकान में हुई डेढ़ करोड़ की चोरी का खुलासा करते हुए जानकीपुरम पुलिस ने सरगना जीजा-साले समेत तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी के जेवर लेने वाले सोनार को भी पकड़ा है। दावा है कि चोरों ने ऑटो से रैकी करने के बाद कारोबारी के मकान को चिन्हित कर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने सभी आरोपियों के पास से करीब एक करोड़ के जेवर, 4.07 लाख रुपये व चोरी में प्रयुक्त ऑटो बरामद किया है। एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि जानकीपुरम विस्तार स्थित खरगापुर जागीर गांव निवासी पेट्रोल पंप संचालक दुर्गेश मिश्रा परिवार संग बंगलुरु बहन के घर गए थे। 17 जून की देर रात लौटने पर सभी कमरों व अलमारियों के ताले टूटे मिले थे। सैकड़ों सीसी कैमरों के फुटेज खंगालने पर पुलिस को लीड मिली। जिसके बाद पुलिस ने तीन चोरों को पकड़ा। आरोपियों ने ऑटो चालक राहुल गुप्ता निवासी जरहरा इंदिरानगर हालपता पारा, रामू रावत निवासी सेक्टर-सी अलीगंज और विमलेश कुमार निवासी सोहरामऊ उन्नाव हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने पारा के बादलखेड़ा स्थित जनता विहार कॉलोनी निवासी सराफ राजीव रस्तोगी को भी पकड़ा। आरोपी रामू पेशे से पेंटर और विमलेश किसान है। आरोपी राहुल गुप्ता विमलेश का जीजा है।

सीतापुर रोड से पुरनिया तिराहे तक 45 फल के ठेले हटाए

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को विभिन्न जोन में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। जोनल अधिकारी जोन-3 अमरजीत यादव के नेतृत्व में सीतापुर रोड स्थित तरुण धर्मकांटा से पुरनिया तिराहे तक दोनों पटरियों पर 45 फल के ठेले, नमकीन की दुकानें हटाईं। जोन- 6 में जोनल अधिकारी के नेतृत्व में खुनखुनजी कॉलेज से रूमी गेट पुलिस चौकी और सीतापुर बाईपास से दुबग्गा सब्जी मंडी तक चलाए गए अभियान में 25 ठेले, 19 अस्थायी दुकानें हटाईं। जोन- 5 के सरोजनी नगर वार्ड में जोनल अधिकारी नन्दकिशोर के नेतृत्व में कांशीराम कॉलोनी गहरू व विजय नगर मोड़ से भोला खेड़ा पुलिस चौकी तक अतिक्रमण हटाए।

मुद्राओं के महत्व पर हुई चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय की ओर से छत्तर मंजिल सभागार में मौन सिक्के मुखर इतिहास विषयक कार्यशाला में राज्य संग्रहालय के मुद्रा शास्त्र अधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में जानकारी दी। उन्होंने प्राचीन भारतीय मुद्रा से वर्तमान में प्रचलित मुद्राओं के महत्व पर चर्चा की।

पुस्तक 'अपने हिस्से का युद्ध' पर गोष्ठी का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : आकाशगंगा न्यास की अध्यक्ष शीला पाण्डेय की पुस्तक अपने हिस्से का युद्ध पर गोष्ठी का आयोजन कैफ़ी आजमी अकादमी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ आलोचक डॉ. इंदीवर पाण्डेय ने की। मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. रूपरेखा वर्मा ने कह कि शीला पाण्डेय की पुस्तक विभिन्न स्तरों पर स्त्रियों के जीवन की विषमताओं से उपजे संघर्ष को उजागर करती है। पुस्तक का हर अध्याय स्त्री के आंतरिक संसार को उजागर करता है।

लाला के पास मिले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का डाटा खंगाल रही पुलिस

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : मलिहाबाद के मिर्जागंज निवासी हकीम सलाउद्दीन उर्फ लाला का कनेक्शन दुबई व पाकिस्तान से मिला है। पुलिस ने लाला के लैपटॉप से कई अहम जानकारियां हासिल कीं। इसके आधार विदेशों में संपर्क होने की पुष्टि हुई है। लाला दिन में एक नंबर पर चार से पांच बार बात करता था। यह नंबर दुबई निवासी व्यक्ति का बताया जा रहा है। वहीं से असलहों के आपूर्ति का आर्डर आता था। पुलिस लाला के खातों, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के टेक्निकल डाटा निकलवा रही है। ताकि कई अहम जानकारी मिल सके। वहीं, पुलिस ने कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी कर ली है। इसके लिए कोर्ट में आवेदन कर दिया है। सोमवार को इस पर सुनवाई है। रिमांड पर पूछताछ के बाद ही कई राज खुलेंगे।

मिर्जागंज निवासी हकीम सलाउद्दीन करीक दो दशकों से असलहा तस्करी का काम कर रहा था। अंदाजा इसी से बात लगाया जा सकता है कि दुबई से भी कनेक्शन मिला है। उस नंबर पर पुलिस ने संपर्क किया तो कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस को उसके लैपटॉप से कई गोपनीय जानकारी मिली। उसमें कई ऐसे नंबर मिले, जो विदेशी है। उनसे लाला की लगातार बातचीत होती थी। सलाउद्दीन उनको असलहा सप्लाई करता था। अब तक जांच में सामने आया कि सलाउद्दीन को छोटे आर्डर तो आसपास के शहर व राज्यों से मिल जाते थे। लेकिन बड़े आर्डर दुबई में बैठा साथी देता था। उन आर्डर को कश्मीर के माध्यम से पहुंचाया जाता था। ऐसे में सलाउद्दीन को लैपटाप और अन्य चीजें चलाने की जानकारी तो नहीं है। अब उसको कौन संचालित करता था। उसके बारे में पता लगाया जा रहा है। इसके साथ ही मोबाइल स्कैनिंग के लिए भेजा गया है ताकि इंटरनेट कालिंग का डाटा भी निकाला जा सके। यही नहीं उसके साथ-साथ घर के सभी सदस्यों के बैंक खातों का रिकार्ड मंगाया गया है। तमाम बिंदु एकत्रित कर पुलिस कस्टडी रिमांड के बाद सलाउद्दीन से पूछताछ की जाएगी। इस मामले में एसीपी मलिहाबाद विपिन सिंह ने बताया कि तथ्य जुटाए जा रहे हैं।

पुलिस गिरोह के बारे में जानकारी करने के लिए सलाउद्दीन के भांजे गौस खान को उठाया है। ताकि गिरोह के बारे में पता लगाया जा सके। हालांकि पुलिस इसपर बोलने को तैयार नहीं है।

असलहा फैक्ट्री

- दुबई से सीधा कनेक्शन मिला, असलहा सप्लाई का आता था आर्डर
- दो वर्ष की ट्रैवेल हिस्ट्री निकालने में जुटी पुलिस, कई अन्य बिंदुओं पर जांच

आठ वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म, युवक हिरासत में

संवाददाता, सरोजनीनगर

- सरोजनीनगर इलाके में हुई घटना

अमृत विचार : सरोजनीनगर इलाके में शुक्रवार दोपहर को आठ वर्षीया बच्ची को घर में अकेली थी। उसे बहलाकर पास के एक निर्माणाधीन मकान में ले जाकर युवक ने दुष्कर्म किया। मां को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ कर रही है। बच्ची पास के एक स्कूल में कक्षा दो की छात्रा है।

पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज का रहने वाला एक मजदूर सरोजनी नगर में किराए के मकान में कमरा लेकर अपने परिवार सहित रहता है। शुक्रवार को वह मजदूरी करने चला गया। जबकि उसकी पत्नी गौरी बाजार सब्जी खरीदने गई थी। घर में उसकी 8 वर्षीया बेटी अकेले थी। तभी पड़ोस में अरविंद सिंह चौहान के निर्माणाधीन मकान में रहकर मजदूरी करने वाला सीतापुर के मिश्रिख निवासी बलवीर दोपहर को अचानक मजदूर के घर पहुंचा और उसकी 8 वर्षीय बेटी को अकेला पाकर उसे निर्माणाधीन मकान में बहला फुसला कर बुला ले गया। जहां उसका मुंह दबाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसके चंगुल से छूटकर अपने घर पहुंची मासूम ने मां-बाप को आप बीती बताई। बच्ची की बात सुनकर उसके मां-बाप के होश उड़ गए। उन्होंने आनन फानन इसकी सूचना सरोजनी नगर पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस ने पीड़ित की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। उधर पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

अंसल ने डॉक्टर व दो भाइयों समेत 10 लोगों से हड़पे 1.64 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ, हरियाणा व नोएडा के पीड़ित हुए शिकार
- सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : हाइटेक आवासीय योजना के नाम पर अरबों का फर्जीवाड़ा करने वाले अंसल निदेशकों पर 10 और रिपोर्ट सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज की गयी है। डॉक्टर, दो भाई समेत 10 पीड़ितों ने प्लॉट, फ्लैट व विला के नाम पर 1.64 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। लखनऊ, हरियाणा व नोएडा के पीड़ितों का आरोप है कि सालों तक कंपनी निदेशक कब्जा व रजिस्ट्री के नाम पर टालमटोल करते रहे। रुपये वापस मांगने पर धमकाया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामलों की जांच की जा रही है।

सुशांत गोल्फ सिटी स्थित रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी तनुजा कृष्ण दुबे ने बताया कि वर्ष 2011 में पिता मदन मोहन चंद्रा ने अंसल एपीआई स्थित साइट में एक प्लॉट बुक कराया था। 2015 तक किस्तों में 75 प्रतिशत 33.60 लाख रुपये का भुगतान किया था। इसके बाद भी प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं हुई। वे जब भी अंसल कार्यालय जाते तो टालमटोल की जाती। इस बीच वर्ष 2022 में मदन मोहन की मृत्यु हो गई। तनुजा ने जब बतौर वारिस कंपनी से प्लॉट की रजिस्ट्री उनके नाम पर करने का कहा तो अधिकारी और कर्मी उन्हें धमकाने लगे।

वहीं, हरियाणा के गुरुग्राम निवासी डॉक्टर शचि त्रिपाठी ने वर्ष 2011 में प्लॉट बुक कराया था, जिसका उन्होंने 2015 तक 16,46,190 रुपये का भुगतान किया। इसके बाद भी कंपनी ने प्लॉट का बैनामा नहीं किया। उधर, पीजीआई के साउथ सिटी निवासी रजनीश गौड़ ने अंसल में दो विला बुक कर 31,32,360 रुपये जमा किए थे। इसके अलावा विशाल खंड-3 निवासी अमियकेत सिंह ने वर्ष 2011 में प्लॉट के नाम 10,47,600 रुपये जमा किए थे।

वहीं, अलीगंज के बड़ा चांदगंज निवासी आशीष अग्निहोत्री से फ्लैट के नाम पर 8,01,195 रुपये, उनके भाई शैलेश अग्निहोत्री से 8,10,293 रुपये लिए गए थे। उधर, आशियाना के बिजली पासी निवासी चेतराम से 2011 में प्लॉट के नाम पर 10,22,100 रुपये लेने के बाद कब्जा नहीं मिला।

तीन मंजिला भवन से गिरे मजदूर की मौत

संवाददाता, काकोरी

अमृत विचार : पारा के राम लीला मैदान तीन मंजिला इमारत में शटरिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान मजदूर महेंद्र लोधी (24) इमारत से गिर गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। पारा के सूरज कुंड खेड़ा निवासी महेंद्र लोधी मजदूरी का काम करता था। साथी मजदूरों ने उसे इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चाचा राम नारायण लोधी ने बताया कि घटना के बाद से ठेकेदार प्रताप गायब है।

इलाज के दौरान बंदी की मौत

अमृत विचार, गोसाईगंज : जिला जेल लखनऊ में बंद विचारधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक पुराना किला थाना कैंट के रहने वाले इरशाद (31) चोरी के आरोप में बीते आठ माह से जेल में बंद था।

सड़क हादसे में पिता व तीन पुत्रियां घायल

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा में शनिवार शाम एक तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से एक बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक और उसकी तीन बेटियां चोटिल हो गईं। सभी को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। पुलिस के मुताबिक निगोहा निवासी रामकिशन अपनी पत्नी नीलम और बेटी आसही, मानवी व सृष्टि को लेकर शनिवार शाम बाइक से बंथरा के नानमऊ गोंदौली जा रहे थे।

उपकेंद्रों पर रोज आ रहीं गलत बिल की 300 शिकायतें

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- महीनों कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा

अमृत विचार : बिजली मीटरों में तकनीकी खामियों के चलते बन गलत बिल बन रहे हैं। धीमा, तेज, जंप रीडिंग और ज्यादा लोड की शिकायतें अधिक हैं। ऐसी शिकायतें लेकर 300 से अधिक उपभोक्ता प्रतिदिन उपकेंद्रों पर पहुंच रहे हैं। महीनों कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। अधिकारी गलत रीडिंग से बने बिल का भुगतान करने का दबाव बना रहे हैं।

> ऐसे मामलों के संज्ञान मे आने पर जांच करा बिलो को सही कराया दिया जाता है। साथ ही जांच में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई भी तय की जाती है।
>
> –ओपी सिंह, मुख्य अभियंता,ट्रांसगोमती

मीटर तेज चलने, तकनीकी खामी, गलत बिल और मीटर बदलवाने की सबसे ज्यादा शिकायतें बीकेटी, चौक, सहादतगंज, दुबग्गा, ऐशबाग, मोहनलालगंज, सरोजनीनगर, यहियागंज, जानकीपुरम, गोमती नगर विस्तार, तेलीबाग, इंदिरानगर, मडियांव,उतरेठिया, राजाजीपुरम, गुडंबा से ज्यादा शिकायतें आ रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि मीटर परीक्षण के समय उनको नहीं बुलाया जाता है। पूछने पर अधिकारी मीटर की एमआरआई रिपोर्ट देख लेने को कह कर टरका देते हैं। अधिकारी पूरी बात कभी नहीं बताते हैं। दुबग्गा, बीकेटी के सैकड़ो उपभोक्ताओं के मीटर तो बदल दिए गए लेकिन मीटर तेज क्यों चल रहा था इसकी जानकारी नहीं दी गई।

केस नं.-1

फैजुल्लागंज निवासी सुरेंद्र विक्रम का कनेक्शन नंबर 8379307293 है। उन्होंने बताया कि तीन किलोवॉट का घरेलू कनेक्शन है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीने ऑनलाइन बिल का भुगतान कर देते हैं। मई में मीटर रीडिंग नहीं की गई। अब विभाग की ओर से दो महीने का 61,298 रुपये का भेजा गया है। बिल ठीक कराने के लिए उपकेंद्र कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया। समस्या का निस्तारण कराने के बजाए 15 दिन में बिल न जमा करने पर कनेक्शन को कटाने का अल्टीमेटम देकर पर्ची थमा दी गई।

केस नं.-2

मड़ियाव निवासी कौशल कुमार का कनेक्शन नंबर 5146301000 है। उन्होंने बताया कि हर माह बिजली के बिल का भुगतान करते हैं। इसके बावजूद बिल में प्रत्येक महीने एरियर को जोड़कर भेजा जा रहा है। बिल को सही कराने के लिए जेई से मुख्य अभियंता तक से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन समाधान नहीं हो पाया।

भामाशाह ने राष्ट्र के विकास को किया था सर्वस्व न्योछावर

जयंती की पूर्व संध्या पर व्यापारी कल्याण दिवस का किया गया आयोजन, कार्यक्रम में व्यापारियों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : दानवीर भामाशाह की जयंती की पूर्व संध्या पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। डीआरडीए में राज्यकर विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत विशिष्ट अतिथि थीं।

समारोह में राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि दानवीर भामाशाह ने राष्ट्र के विकास के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। यह हम सभी के लिये अत्यधिक गौरव एवं प्रेरणा की बात है। हम सभी को उनके त्याग एवं बलिदान के साथ उनकी विचारधारा का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित व्यापारियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आज का दिन व्यापारियों के लिए है। सरकार की नीतियों एवं उद्देश्यों की पूर्ति में व्यापारियों का विशेष योगदान रहा है। जिसके लिये जनपद के सभी व्यापारी धन्यवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संबोधन लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से प्रसारित किया गया। वर्ष 2024-25 के लिए सर्वाधिक जीएसटी जमा करने वाले व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसमें सूरतगंज के उमाशंकर एंड संस और टिकैतनगर के अरिहंत इंटरप्राइजेज शामिल रहे। राजस्व में विशेष योगदान के लिए छह व्यापारिक प्रतिष्ठानों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। इनमें सरस्वती स्वीट्स, प्रिज्म कंस्ट्रक्शन, राजीव एंड कंपनी, कृष्णा ब्रिक फील्ड, गुडलक इंजीनियर्स और पथिक ब्रिक फील्ड्स शामिल रहे। व्यापार मंडल के आठ प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें प्रदीप जैन, रोहिताश्व दीक्षित, जयदीप सिंह, जितेंद्र सिंह वर्मा, संजय शुक्ला, रंजीत श्रीवास्तव, अमन अग्रवाल, विनोद गाबा और अनुपम अग्रवाल शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत त्रिलोकपुर के जायसवाल इलेक्ट्रॉनिक के स्वामी की दुर्घटना में मृत्यु के बाद उनके पुत्र को 10 लाख रुपये का बीमा चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर व्यापरी सगंठन बाराबंकी केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह वर्मा एवं संरक्षक संजय शुक्ता को संयुक्त रूप से प्रतीक चिह्न प्रदान कर कर राज्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ अन्ना सुदन, संयुक्त आयुक्त कर (कार्यपालक) राज्य कर विवेचना मिश्रा, उपायुक्त कार्यालयाध्यक्ष प्रेरणा सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

बाराबंकी केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं संरक्षक को सम्मानित करते राज्यमंत्री। अमृत विचार

सार-संक्षेप

नकली जैविक खाद बनाने के आरोपी पिता-पुत्र पर केस दर्ज

बाराबंकी, अमृत विचार : फतेहपुर तहसील के गौरा सैलक गांव में नकली जैविक खाद बनाने के मामले में कंपनी के डायरेक्टर व उनके पुत्र पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीएम शशांक त्रिपाठी के आदेश पर उर्वरक निरीक्षक प्रीतम सिंह ने आरोपी पिता-पुत्र पर मोहम्मदपुर खाला थाना में मुकदमा दर्ज कराया। जिला कृषि अधिकारी राजितराम के अनुसार, मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के गौरा सैलक निवासी राजेश वर्मा के घर से जांच में कई सामान बरामद हुए। उसके पास वैध उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र भी नहीं मिला। उसका बेटा राज वर्मा कंपनी के बायोस्टूमिलन्ट उर्वरक साडावीर ब्रांड और किसान का साथी एग्रो प्रोडक्ट के बिना पते के रैपर में खाद पैक कर बेच रहा था। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने बताया कि उर्वरकों की बिक्री पीओएस मशीन से की जा रही है। विक्रेताओं को 30 जून तक एल-0 की मशीनों को एल-1 से बदलना होगा। ऐसा न करने पर 1 जुलाई से उन्हें उर्वरक की आपूर्ति नहीं की जाएगी। नई पीओएस मशीन प्राप्त करने के लिए विक्रेता 30 जून को किसान कल्याण केंद्र, सदर, गोंडा बहराइच तिराहा पर संपर्क कर सकते हैं।

अखिलेश ने सीएम रहते मुस्लिमों को नहीं दिया आरक्षण

बाराबंकी अमृत विचार : ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने 2012-17 के मुख्यमंत्री कार्यकाल में मुस्लिम समुदाय से किए वादे पूरे नहीं किए। वसीम राईन ने कहा कि अखिलेश ने चुनावी घोषणा पत्र में मुस्लिमों को 18 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया था। साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशें लागू करने और पुलिस व पीएसी में मुस्लिमों की भागीदारी बढ़ाने का भी वादा किया था। लेकिन इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने अपने संगठन में पसमांदा मुसलमानों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया।

सुनील सिंह व जीत कुंवर सिंह दोनों की जीत का दावा

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रनापुर हैदरगढ़ की प्रबंध समिति की कार्यकारिणी दो गुटों में बंटी नजर आई। एक गुट के अध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में सुनील सिंह को प्रबंधक पद पर निर्विरोध चुना गया। इस चुनाव की देखरेख राजकीय इंटर कालेज बेलहरा के प्रधानाचार्य देवी प्रसाद तिवारी ने की। चुनाव अधिकारी गंगा बक्स सिंह थे। दूसरी ओर, कार्यकारिणी के दूसरे गुट के अध्यक्ष बलभद्र प्रसाद दुबे ने जीत कुंवर सिंह को प्रबंधक चुने जाने का दावा किया है। उनके अनुसार भी यह चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। वहीं चुनाव अधिकारी गंगाबक्स सिंह ने स्पष्ट किया कि चिट फंड सोसायटी अयोध्या द्वारा जारी 53 सदस्यों की सूची के आधार पर विद्यालय परिसर में चुनाव कराया गया। उन्होंने सुनील सिंह को ही वास्तविक प्रबंधक बताया है। सुनील सिंह के निर्वाचन पर पूर्व मंत्री अरविंद कुमार गोप, त्रिवेदीगंज पूर्व प्रमुख सुनील सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामदेव सिंह समेत अन्य लोगों ने बधाई दी है।

हैदरगढ़ में विकास कार्यों का लोकार्पण

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड हैदरगढ़ में शनिवार को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ रामदेव सिंह ने इन कार्यों को जनता को समर्पित किया। रोहना मीरापुर ग्राम पंचायत में कई निर्माण कार्य पूरे किए गए। डामर रोड से पूरे पराग तिवारी के पुरवा तक 10 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग का काम हुआ। डामर रोड से राम सुरेश के दरवाजे तक 8 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग बनाई गई। पंचायत भवन से काली माता जी के स्थान तक 7.75 लाख की लागत से खड़ंजा का निर्माण किया गया। अहीरन सरैया में प्रदीप के खेत से हनुमान मंदिर तक 3 लाख की लागत से खड़ंजा बना। गेरावां माइनर से पूरे देवरनिया तक 7.5 लाख की लागत से खड़ंजा निर्माण कार्य पूरा हुआ। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुबेहा रणवीर सिंह मोनू, कृपा शंकर तिवारी, महामंत्री रंजीत सिंह महंत, रुपचंद चौरसिया, प्रधान रोहना मीरापुर राम बाबू तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

निर्धारित ध्वनि सीमा में ही डीजे बजाएं संचालक : एएसपी

बाराबंकी, अमृत विचार : अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में डीजे संचालकों की बैठक पुलिस लाइन स्थित सभागार में हुई। इसमें जनपद के 100 से अधिक डीजे संचालकों ने भाग लिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बैठक में डीजे संचालन से जुड़ी कानूनी सीमाओं, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण व सामाजिक सौहार्द बनाए रखने संबंधी निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों एवं रिहायशी क्षेत्रों में डीजे बजाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि नाबालिग बच्चों से डीजे संचालन में कार्य लेना बाल श्रम अधिनियम का उल्लंघन होगा, जिसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने की स्थिति में संबंधित डीजे मशीन जब्त कर दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अचानक स्टार्ट हुआ ई-रिक्शा, चपेट में आने से बच्ची की मौत

उन्नाव, अमृत विचार : आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा हैदराबाद के मोहल्ला आर्यनगर निवासी विष्णु राठौर परिवार सहित लखनऊ के राजाजीपुरम मोहल्ला के ई-ब्लॉक में रहकर ई-रिक्शा चलाकर परिवार पालता है। गुरुवार को विष्णु ने नया ई-रिक्शा खरीदा था। जिसे लेकर वह शुक्रवार को कस्बा स्थित घर आया था। शनिवार सुबह घर के पास स्थित कालिका माता जी मंदिर में ई-रिक्शा ले जाकर पूजा अर्चना की फिर लखनऊ जाने की तैयारी करने लगा और घर में ही ई-रिक्शा चार्जिंग पर लगा दिया। तभी अचानक ई-रिक्शा स्टार्ट होकर गेट तोड़कर बाहर निकल आया। इसकी चपेट में आकर घर के बाहर खेल रही विष्णु की दो वर्षीय बेटी रियांशी की मौत हो गई। इससे घर में कोहराम मच गया।

एक नजर

निरीक्षण में नदारद मिलीं डॉक्टर और नर्स

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : अयोध्या मंडल के अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ. सुधीर कुमार वर्मा ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सना सीमा, पूजा गुप्ता और स्टाफ नर्स प्रियंका अनुपस्थित मिलीं। एडी हेल्थ ने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

चिटफंड कम्पनी के पूर्व मैनेजर ने दी जान

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना सफदरगंज क्षेत्र के भवानीपुर मजरे केवलापुर में शनिवार को गांव के बाहर आम के बाग में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता मिला। शव की पहचान स्वामी दयाल मिश्रा (50) के रूप में हुई, जो पहले गोंडा स्थित एलयूसीसी चिटफंड कंपनी में मैनेजर थे। ग्रामीणों ने बताया कि स्वामी दयाल पिछले कुछ समय से तनाव में चल रहे थे।

महादेवा में श्रावणी मेले की तैयारियों में तेजी

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : महादेवा मंदिर में श्रावणी मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेला 11 जुलाई से शुरू होगा। मंदिर प्रबंधन समिति ने शनिवार से मंदिर में रंग-रोगन और साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया है। मेले की तैयारियों को लेकर डीएम शशांक त्रिपाठी ने जिला सभागार में बैठक बुलाई। डीएम ने सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

बारिश से पूर्व काम पूरा करने का निर्देश

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड देवा की ग्राम पंचायत मलूकपुर में मनरेगा योजना के अंतर्गत मोगलानी तालाब का काम चल रहा है। शनिवार को खंड विकास अधिकारी डॉ. नेहा शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। इस परियोजना की लागत 4.13 लाख रुपये है। निरीक्षण के दौरान मौके पर 30 श्रमिक काम करते मिले। बीडीओ ने हाजिरी रजिस्टर का मिलान किया। सभी श्रमिकों की उपस्थिति सही पाई गई। डॉ. शर्मा ने कहा कि बारिश से पहले काम पूरा होना चाहिए, जिससे वर्षा जल का संचयन किया जा सके।

बच्ची के परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

औरास, अमृत विचार: लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बच्ची की मौत के बाद परिजनों ने शव रखकर जाम लगा दिया। करीब ढाई घंटे तक यातायात ठप रहा। परिजन आरोपी का घर गिराने और परिवार को फांसी देने की मांग कर रहे थे। सीओ, एसडीएम सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाने की कोशिश की। अंततः प्रशासन ने परिजनों की मांगों को स्वीकार किया। रविवार को शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में स्थिति नियंत्रित की गई।

मुठभेड़ में दो शातिर घायल, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

कार्रवाई

- बीती 25 जून को सोहरामऊ बैंक में पैसा जमा करने गई महिला से की थी टप्पेबाजी
- अन्य साथियों से पूछताछ कर रही पुलिस

अमृत विचार: मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग कर रही पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने तेज रफ्तार कार को रोकने का प्रयास किया। इस पर कार सवार लोगों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। यह देख उनके तीन साथियों ने भागने का प्रयास किया। जिन्हें पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया।

घायलों को पुलिस अभिरक्षा में सीएचसी में भर्ती करा उनके अन्य साथियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। लोगों को झांसा देकर उनके जेवर व नकदी पार करने वाले गिरोह का सोहरामऊ पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस की मदद से दबोचने में सफलता हासिल की है। बता दें कि शुक्रवार रात सोहरामऊ थानाक्षेत्र के मौहारी गांव के पास रात साढ़े 12 बजे सीओ हसनगंज संतोष सिंह की अगुवाई में सोहरामऊ पुलिस ने स्वाट व सर्विलांस की टीम के साथ वाहन चेकिंग शुरू की थी। तभी एक तेज रफ्तार कार को रोकने का प्रयास किया गया तो कार सवारों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जिससे पुलिस ने भी बचाव में गोली चलाई तो आजमगढ़ के थाना सरैनी के छत्तेपुर गांव निवासी विजय पुत्र रामराज व थाना फूलपुर के फदगुदिया निवासी लालमन पुत्र अक्षयलाल के पैर में गोल धंस गई। वहीं बिहार के बेगूसराय के थाना बरबडी के घागरा निवासी निरंजन पुत्र राजेंद्र जौनपुर के थाना सराय ख्वाजा के जंगलीपुर निवासी किशनलाल पुत्र सूरजभान व आजमगढ़ के थाना फूलपुर के फदगुदिया निवासी विमल पुत्र अच्छे लाल को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांचों शातिर अपराधी है। इन्होंने 25 जून को सोहरामऊ कस्बे की एसबीआई बैंक में पैसा जमा करने आई सोहरामऊ थानाक्षेत्र के देवइया मवइया गांव निवासी माया पत्नी पुत्तनलाल से 21 हजार रुपये की टप्पेबाजी करने की बात स्वीकार की है। सीओ ने बताया कि बदमाशों का पुलिस अभिरक्षा में इलाज चल रहा है। इनके पास तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। कार सीज कर सभी को जेल भेजा जा रहा है।

सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की गयी जान

बाराबंकी, अमृत विचार : अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक छात्रा समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरा ठाकुरान के मालिकराम (28) और विनय कुमार (26) बाजार से लौट रहे थे। दोपहर करीब दो बजे टिकैतनगर के अजईमऊ मोड़ पर उनकी बाइक सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई। बाइक चला रहे मालिक राम की मौके पर मौत हो गई। विनय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हैदरगढ़ के पूरे मितई वार्ड निवासी बैटरी व्यवसायी सुनील सोनी के पुत्र राहुल उर्फ रामजी (22) की पिकअप की टक्कर से मौत हो गई। घटना रात करीब 10 बजे की है। उधर, दरियाबाद थाना क्षेत्र में क्रासिंग के पास स्कूटी सवार छात्रा दीपांशी वर्मा को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गयी। छात्रा रामसनेहीघाट की रहने वाली है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ट्रक ने बस में मारी टक्कर, 6 यात्री घायल

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा, सभी रेफर

अमृत विचार: बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार ट्रक ने निजी स्लीपर बस के पीछे से टक्कर मार दी। इसमें ट्रक चालक और आधा दर्जन बस यात्री गंभीर घायल हो गए। सीएचसी से सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बता दें कि एक निजी स्लीपर बस करीब करीब चार दर्जन यात्रियों को लेकर लखनऊ से जयपुर जा रही थी। तभी शनिवार देररात बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे स्थित संडीला अंडर पास के पास तेज रफ़्तार ट्रक ने बस में पीछे से टक्कर मार दी। इसमें बस यात्री अनुज कुमार (34) निवासी शुक्ला बाजार अमेठी, अनुज की पत्नी पूजा (30) व उनका बेटा संस्कार (8), अमन चौरसिया (22) निवासी मदनखेड़ा निगोहा अमेठी, राहुल (18) निवासी नारायण पुर महराजगंज रायबरेली व उसका भाई सूरज (20) गंभीर घायल हो गए। जबकि टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक प्रेम मल्ला (40) निवासी आंध्र प्रदेश भी गंभीर घायल हो गया। ट्रक चालक सहित सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में ट्रक चालक प्रेम मल्ला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे में क्षतिग्रस्त हुआ ट्रक।

बिना नाली बनाए निकाले 40 हजार, कागजों पर काम पूरा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

भ्रष्टाचार

- शरमा फत्तेपुर शिव गुलाम में प्रधान व सेक्रेटरी विकास कार्यों के नाम पर कर रहे अनियमितता

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश के बावजूद सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। विकास खण्ड शाहाबाद के गांव शरमा फत्तेपुर में बिना नाली का निर्माण कराये ही कागजों पर काम दिखाकर 40 हजार रुपये का भुगतान करा लिया गया। यहां ग्राम प्रधान दलित आरक्षित सीट से चुना गया है। लेकिन प्रधानी कोई और ही चला रहा है। ग्राम पंचायत में कागजों पर तो खूब विकास कार्य हुए हैं लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। उदाहरण के तौर देखा जाये तो अभिलेखों में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कंस्ट्रक्शन ऑफ कम्युनिटी सेनेटरी काम्प्लेक्स के नाम से काम दर्ज कराया गया, जिसकी वर्क आईडी 68312381 है। इसी वर्क आईडी में श्रवण के मकान से अलेला पुलिया तक यू टाइप नाली निर्माण होना दर्शाया गया है। जिसमें 40 हजार 83 रुपया का मटेरियल राजपूत ट्रेडर्स से खरीदा गया। जिसका भुगतान 18 मार्च 2024 को वाउचर संख्या एक्सवीएफसी /2023-24 /पी /54 से किया गया। इसी के साथ वाउचर संख्या एक्सवीएफसी /2023-24 /पी /56 दिनांक 18 मार्च 2024 को बबलू को मजदूरी 17,250 रूपये का भुगतान होना दर्शाया गया है। इसी प्रकार वाउचर संख्या एक्सवीएफसी /2023-24 /पी /56 18 मार्च 2024 को मिस्त्री भुगतान अवध किशोर को 11,700 रुपया का भुगतान किया गया है। जबकि नाली निर्माण हुआ ही नहीं है। जिस नाली निर्माण के नाम पर पैसा का भुगतान कराया गया है, वह कच्ची नाली बदहाल पड़ी है। गांव निवासी रंजीत सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत में कोई विकास कार्य नहीं कराया गया है। विकास कार्य के नाम पर कागजी घोड़े ही दौड़ाये गये हैं। इसके अलावा अभिलेखों में इस ग्राम पंचायत में पेयजल के लिए बड़े प्रयास किये जाने की बात कही गयी है। नल मरम्मत, रिबोर, नये नये पानी के सोर्स बनाये गये है। जिसमें ग्राम निधि की बड़ी रकम खर्च करने के प्रमाण मौजूद है। इस मामले में जानकारी के अधिकारी के लिए ग्राम पंचायत सचिव आक्रोश वर्मा को कई बार मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन कॉल रिसीव न होने से बात नहीं हो सकी।

> यह निर्माण कार्य संज्ञान में नहीं है, सम्बंधित कार्य की जेई से जांच कराकर अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। विकास खण्ड क्षेत्र में विकास कार्य मानक अनुसार ही कराए जाएंगे। गैरमानक कार्य कोई भी नहीं करा पायेगा।
>
> **-दिनेश चंद्र शर्मा, बीडीओ शाहाबाद**

वर्ग पहेली-16

बाएं से दाएं

4.1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5.1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9.1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10.1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

ऊपर से नीचे

1.1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2.1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3.1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7.1. छोटी लता 2. बेल।

8.1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है



वर्ग पहेली -15 का हल

1 श	रा	स	न	■	■	2 पु		
■	■	■	■	3 बं	द	नी		
■	■	4 ब	■	दा	■	ता		
■	5 म	हा	ज	न	■	■		
6 दं	दा	ना	■	7 वा	क	या		
■	र	■	■	ज़	■	■		
■	■	8 खा	टी	■	9 धे	री		

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी-09.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 06.34 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बच्चों के करियर को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। नया रोजगार शुरू करने के योग बन रहे हैं। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है। नये काम को टालने से बचना चाहिए।

वृष — आज परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपने संपर्कों को मजबूत कर लें। कोई बड़ा व्यापारिक ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। कब्ज और पेटदर्द की समस्या हो सकती है। बदलते मौसम का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। रियल एस्टेट में निवेश शुभ होगा।

मिथुन — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। अनुभवी व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपकी योग्यता को लोग सराहेंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपके लिए बहुत ही अच्छा दिन रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है।

कर्क — आज परिवार में आपसी विश्वास में कमी उत्पन्न हो सकती हैं। आपको अभद्र भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए। आलस्य के कारण आप काम से बचने का प्रयास करेंगे। नई भूमि-संपत्ति खरीदने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी बरतें।

सिंह — आज परिवार में हर्ष का वातावरण रहेगा। आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

कन्या — आज अपना समय व्यर्थ में बर्बाद न करें। सही समय पर काम पूरा न कर पाने के कारण आपको कठिनाई हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं को बाहरी लोगों से साझा न करें। प्रेम संबंधों में भ्रम की स्थिति बन सकती है। आपके सम्मान में कमी आने के योग बन रहे हैं।

तुला — आज कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। ऑनलाइन व्यापार में अच्छे परिणाम मिलेंगे। रचनात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अपनी प्रतिभाओं और क्षमताओं को पहचानें। घर की समस्या दूर होगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज घर-गृहस्थी की समस्या दूर होने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को जॉब के अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। उच्चाधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। व्यापार में सहयोगियों से संबंध मजबूत होंगे।

धनु — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। धन के लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। पुरानी नकारात्मक बातों के कारण थोड़े निराश होंगे। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं। विवाहेतर संबंधों के कारण कठिनाई होगी। भावुकता के कारण लिए गए निर्णय आपको नुकसान पहुंचायेंगे। बच्चों के साथ आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण थोड़ी परेशानी होगी।

कुंभ — आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। बड़े कारोबारी ऑर्डर मिल सकते हैं। आपका मन संतुष्ट रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था में बढ़ोत्तरी होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

मीन — आज आपसे कोई भूल हो सकती है। पुण्य कार्यों पर आपको धन खर्च होगा। मन में सन्तुष्टि का भाव रहेगा। सभी कार्य पूरे मनोयोग से करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आने की संभावना है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

सुडोकू-23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5		1				7
9				6			1	
	1		2			4	6	
8		7		4		3		
	4		9		6		5	
		1		3		9		8
	8	6			5		7	
	2			7				3
4				2		1		

सुडोकू - 22 का हल

8	3	5	1	9	4	7	6	2
7	1	4	2	3	6	8	9	5
2	6	9	7	8	5	1	4	3
6	5	8	4	1	9	3	2	7
9	2	7	6	5	3	4	8	1
1	4	3	8	7	2	9	5	6
3	9	2	5	4	1	6	7	8
4	7	6	3	2	8	5	1	9
5	8	1	9	6	7	2	3	4

एक नजर

आकाशीय बिजली गिरने से खेत में मौजूद वृद्ध की मौत

कमरौली, अमेठी, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के राजखेता मजरे पलिया पश्चिम गांव में शनिवार को भगवानदीन (65) शनिवार दोपहर गांव के ही परमानंद के खेत में मेड़बंदी का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। भगवानदीन की बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एसयूवी पलटी से दो लोगों की मौत व तीन गंभीर

सोहावल, अयोध्या/अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित चिर्रा गांव के पास शनिवार की सुबह करीब नौ बजे एक एसयूवी अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में दो लोग की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। सभी अयोध्या से लखनऊ जा रहे थे। थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि गंभीर रूप से सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एसयूवी से बाहर निकालकर एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने अजीत मझवार पुत्र संजय मझवार निवासी कंधरपुर थाना राम जन्मभूमि व एक अन्य को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रुप से घायल अरुण कुमार निवासी राजगढ़ व दो अन्य को मेडिकल कालेज दर्शननगर रेफर किया। अरुण को लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

धोखाधड़ी के आरोप में ट्रैक्टर डीलर पर केस दर्ज

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : पटरंगा थाना पुलिस ने क्षेत्र में एक ट्रैक्टर डीलर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में राजकुमार ने बताया कि उन्होंने 2018-19 में पूरे गड़रिया निवासी अवनीश तिवारी से एक नया ट्रैक्टर खरीदा था। दो साल पहले ट्रैक्टर की सभी किस्तें जमा कर दी गईं। इसके बाद भी डीलर ने आरसी नहीं दी।

राम मंदिर की खिड़कियों पर लगेगी टाइटेनियम की जाली

अयोध्या कार्यालय

राम मंदिर में चल रहा निर्माण कार्य।

अमृत विचार: राम मंदिर देश के पहले ऐसे मंदिर में शुमार होगा, जहां खिड़कियों पर टाइटेनियम की जाली लगाई जाएगी। मंदिर के भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल पर कुल मिलाकर 32 खिड़कियां तैयार की जा रही हैं। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन धातु की बनी जली को लगाए जाने का ट्रायल किया गया। ट्रस्ट ने स्वीकृति दे दी है।

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दावा किया कि टाइटेनियम धातु की जाली का जीवन एक हजार वर्ष से भी अधिक होता है। केंद्र सरकार के एक उपक्रम मिश्र धातु निगम लिमिटेड ने इसे तैयार किया है। आगामी 15 अगस्त तक सभी जालियों को बनाकर मंदिर में लगा दिया जाएगा। मंदिर और परकोटा में यह सभी कार्य अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य की प्रारंभिक स्थिति पर भी चर्चा हुई। अनुमान है कि मंदिर और परकोटा में लगभग 14 लाख क्यूबिक फीट पत्थर लगाए जाने हैं, जिसमें अब एक लाख पत्थर लगाए जाने का कार्य शेष है। कहा कि लोवर प्लिंथ पर रामकथा के मयूरल लगाए जाने हैं, जिसकी कुल लंबाई लगभग 800 फीट है। 500 फीट पर म्यूरल लगाए जा चुके हैं। वहीं बताया कि राम जन्मभूमि पर जिस स्थान पर रामलला टेंट में विराजमान थे। उस स्थान पर एक एक अस्थाई मंदिर बनाया जायेगा। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि इस स्थान पर कार्य प्रारंभ हो गया है।

▸▸ मंदिर निर्माण समिति की बैठक के पहले दिन हुआ ट्रायल

फेज टू की कार्य प्रगति पर मंथन : चंपत राय

निर्माण समिति की बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस समय कार्य की पूर्णता ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। पूरी उम्मीद है कि परकोटा मंदिर के बीच का कोर्ट यार्ड अपने निर्धारित समय पर तैयार हो जाएगा। फेज 2 में ट्रस्ट भवन, सभागार, विश्राम गृह, द्वार और मंदिर परिसर के चारों तरफ 4 किलोमीटर लंबा दीवार बनने में थोड़ा समय और लगेगा। परिसर में 30 स्थान पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की तैयारी की जानी है। 25 प्लांट लगभग तैयार हो गया है। लगभग 10 एकड़ में पंचवटी बन रही है। वृक्षों की भरमार होगी।

कानपुर : जगन्नाथ रथयात्रा में दो गुटों के बीच पथराव व मारपीट, कई लोग घायल

कानपुर, अमृत विचार। शहर में दूसरे दिन शनिवार को निकली प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा में रात में जनरलगंज में दो मंडलों में बवाल हो गया। दोनों ओर से पथराव और मारपीट हुई। इससे भगदड़ मच गई। मारपीट में आकाश ओमर, राजेश, लीना, रूपाली घायल हो गईं। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने बीचबचाव किया। करीब आधा घंटे तक अफरातफरी का माहौल रहा। बताया गया कि शुक्रवार रात भी दो गुटों में मारपीट हुई थी। इससे पहले दूसरे दिन शनिवार को प्रभु जगन्नाथ मंदिर बिरजी भगत व उमा जगदीश मंदिर की यात्राएं निकलीं। इस बार परंपरा के तहत बिरजी भगत मंदिर की यात्रा आगे चली। भजनों व भक्तों के नृत्य के बीच यात्रा का कई स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। जनरलगंज स्थित जगन्नाथ गली में प्रभु जैसे ही अपने रथ पर विराजमान हुए भक्तों ने जयकारे लगाए। लगभग सौ वर्ष पुराने चांदी के रथ पर विराजमान हुए प्रभु को नमन कर भक्तों ने रथ को भी स्पर्श किया। रथयात्रा की प्रथम आरती प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा सलिल विश्नोई, विधायक अभिताभ बाजपेयी और नरेन्द्र शर्मा 'तिरंगा' ने की। इस दौरान भजनों में 'ठाकुर भले विराजो जी, उड़ीसा जगन्नाथपुरी' के जयघोष के साथ उन्होंने रथ खींचकर यात्रा की शुरुआत की। यात्रा के साथ विभिन्न मंडल भी चले। रथयात्रा में मंदिर प्रवन्धक ज्ञानेन्द्र गुप्ता, गोपालजी गुप्त, अभिषेक गुप्त, अम्बरीष गुप्त, समीर गुप्त, ज्ञानेन्द्र विश्नोई, अरविंद गुप्ता, ऋषि अग्रवाल, पुस्कर विश्नोई, संजय मालानी सहित अन्य भक्त शामिल हुए। रथयात्रा में मंडलों ने काली पट्टी बांधकर पुलिस प्रशासन का विरोध किया।

बच्ची की हत्या कर झाड़ी में फेंका शव

शनिवार की सुबह आम बीनने को निकली थी घर से, जांच कर रही पुलिस

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार: जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र में आम बीनने के लिए गई बालिका की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंक दिया गया। काफी देर तक न लौटने पर जब उसकी खोज की गई तो शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की पांच टीमें लगाई गयी हैं।

कौड़िया बाजार के नेवादा हाशिमपुर गांव निवासी 8 वर्षीया बालिका शनिवार की सुबह आम बीनने के लिए घर से बाहर गई थी, दोपहर तक वापस न लौटने पर परिवार के लोग तलाश करने लगे। कुछ लोगों ने गांव के बाहर झाड़ियों में बालिका का शव देखा। जिसकी पहचान लापता बालिका के रूप में हुई। बालिका का शव झाड़ियों में मिलने की सूचना पर मौके पर भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। उनके साथ डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची जांच पड़ताल के बाद साक्ष्य संकलन किया। प्रारंभिक जांच में बच्ची की हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पांच टीमें लगायी गयी हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

अयोध्या: पत्नी की ईंट से कूचकर हत्या

मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार : इनायतनगर थाना क्षेत्र के शाहगंज पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम मुकीमपुर स्थित केवटहिया मोहल्ले में शनिवार की शाम पति ने अपनी पत्नी के सिर पर ईंट से वार कर उसकी हत्या कर दी। दोनों का चार साल पहले प्रेम विवाह हुआ था। कुछ ही वर्षों के बाद दोनों में आपसी विवाद होने लगा था। मृतका की पहचान वर्षा निषाद (28) के रूप में हुई है, जिसने चार साल पहले समाज के विरोध के बावजूद शाहगंज निवासी सूबेदार निषाद से प्रेम विवाह किया था। उनका एक छोटा बेटा भी है। ग्राम प्रधान लल्लन दुबे ने बताया कि शनिवार की शाम लगभग चार बजे किसी ग्रामीण ने फोन पर सूचना दी कि सूबेदार ने अपनी पत्नी पर ईंट से हमलाकर मरणासन्न कर दिया है। मौके पर वह पहुंचे तो वर्षा की सांसें चल रही थीं। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी व एंबुलेंस बुलवाकर महिला को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिल्कीपुर सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक मृतका के मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आरोपी पति फरार है।

जन्मतिथि में गड़बड़ी पर शिक्षक निलंबित, मामला कोर्ट पहुंचा

संवाददाता, सुलतानपुर

जालसाजी

▸▸ एक ही व्यक्ति की अलग-अलग जन्मतिथि मिलने पर कार्रवाई

अमृत विचार: प्राथमिक विद्यालय हरिशचंद्रपुर, कादीपुर में तैनात सहायक अध्यापक गंगाराम को शैक्षिक अभिलेखों में विभिन्न जन्मतिथियां दर्शाने और विभाग को गुमराह करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण की जांच बीईओ धनपतगंज को सौंपी गई है, जबकि शिक्षक ने निलंबन के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय, खंडपीठ लखनऊ में रिट याचिका दाखिल की है।

शिकायतकर्ता राजनरायण निवासी सलाहुद्दीनपुर, अंबेडकरनगर द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर की गई। जांच में यह सामने आया कि गंगाराम ने कक्षा 5, हाईस्कूल (अनुत्तीर्ण व उत्तीर्ण), संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाओं और स्नातक तक विभिन्न जन्म तिथियां दर्ज कराई थीं, कहीं 1988, कहीं 1990 और कहीं 1992। बेसिक शिक्षा विभाग में नियुक्ति के लिए दाखिल स्नातक प्रमाणपत्र में जन्मतिथि 05.07.1992 दर्शाई गई है, जबकि पहले के अभिलेखों में यह मेल नहीं खाती। संशोधन हेतु न्यायालय की अनुमति प्राप्त करने के बावजूद संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ ने उक्त प्रत्यावेदन को आधारहीन बताते हुए अस्वीकार कर दिया।

डॉक्टर व पत्नी के खाते से 11.73 लाख उड़ाए

कानपुर, अमृत विचार। साइबर ठग ने आर्मी अधिकारी बनकर इलाज के बहाने डॉक्टर व उनकी पत्नी के खाते से 11.73 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई है। किदवईनगर के साकेतनगर निवासी सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता होम्योपैथी डॉक्टर हैं। सुरेंद्र ने बताया कि बीती 24 जून की शाम उनके मोबाइल पर कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को आर्मी अफसर बताया। उसने कहा कि खुद व अपने 15 साथियों का इलाज कराना है, इसलिए भुगतान के लिए यूपीआई की जानकारी मांगी। पीड़ित ने यूपीआई का प्रयोग नहीं करने की बात कही।

इस पर आरोपी ने वीडियो कॉल करके उनसे बैंक खाते की जानकारी ले ली और इसके बाद उनके व पत्नी के खाते से 11.73 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए।

कन्नौज : बनते ही उखड़ी सड़क, भड़के असीम

नाराजगी

▸▸ एक सप्ताह के भीतर दोबारा न बनाने पर दी कार्रवाई की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। विकास कार्यों में खाने-कमाने का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसी ही एक नई बनी सड़क बनते ही जर्जर हो गई है जिसे देख सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण भड़क गए और एक हफ्ते में दोबारा बनाने के साथ ऐसा न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

मंत्री ने शनिवार को वछज्जापुर से मीरपुर के बीच नव निर्मित सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरावन पाया कि नव निर्मित सड़क का एक भाग पूरी तरह से उखड़ गया है जिससे इसकी हालत बेहद जर्जर हो गई है। गिट्टी उखड़कर पूरी तरह से बाहर आ गई है, जिससे सड़क काफ़ी पहले की बनी हुई लग रही है। नई सड़क की ऐसी हालत देख मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से नाराज़गी जताई। साथ ही ख़राब बनी सड़क का पुनः निर्माण एक सप्ताह के भीतर करवाने का निर्देश दिया। मंत्री ने अधिकारियों और ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह में सड़क का निर्माण पुनः नहीं हुआ तो सख़्त कार्रवाई होगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने मीरपुर में नवनिर्मित पानी की टंकी का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बातचीत की। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि टंकी के निर्माण से न सिर्फ साफ जल मिलेगा बल्कि जलजनित बिमारियों से भी मुक्ति मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी से दिन में दो-दो बार पानी की आपूर्ति की जाती है। इससे काफी सहूलियत हो गई है।

नई सड़क की दुर्दशा देखते समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण।

अंतर्जनपदीय 5 चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता, आजमगढ़

अमृत विचार: जिले के अतरौलिया थाने की पुलिस ने अंतर्जनपदीय 5 चोरों को गिरफ्तार कर 11 चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के आभूषण, 1 लाख 85500 रुपये नकद व तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने पुलिस लाइन सभागार में बताया कि अतरौलिया थानां क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं। जिसको लेकर पुलिस की टीम गठित की गई थी। शनिवार को थानाध्यक्ष अतरौलिया अमित कुमार मिश्रा को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति ग्राम कनैला स्थित गेरुवा बाबा मन्दिर के पास मौजूद हैं, जिनके पास चोरी के सामान है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से गुड्डू, प्रकाश नट निवासीगण देवाकलपुर थाना चन्दौली जनपद चन्दौली, परिखन नट, साहब नट निवासी पचदेवरा थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली, मलाई नट निवासी रकिपान थाना अमझोर जनपद रोहतास बिहार को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से साढ़े तीन लाख के जेवरात, एक लाख 85500 रुपये नकद, तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।

सार-संक्षेप

जेठानी ने की थी देवरानी की हत्या, गिरफ्तार

सविता की फाइल फोटो।

सुलतानपुर, अमृत विचार : कुड़वार थाना क्षेत्र के देवलपुर गांव में चार दिन पहले विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जब पुलिस ने गहराई से जांच की तो सामने आया कि विवाहिता की हत्या उसकी जेठानी ने की थी। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बीते बुधवार शाम की है, जब रीता सिंह पत्नी अर्जुन सिंह ने अपनी देवरानी सविता सिंह (37) पत्नी मुकेश सिंह की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार हत्या गला कसकर की गई। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि एक दिन पहले घरेलू विवाद के चलते सविता ने जेठानी की पिटाई कर दी थी, जिससे नाराज़ होकर आरोपी महिला ने सुनियोजित ढंग से घटना को अंजाम दिया। हत्या के समय घर में कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था। बच्चे कोचिंग गए हुए थे। मृतका की शादी करीब 15 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके दो बच्चे अर्पित उर्फ कल्लू (8) और पलक (11) हैं। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर रीता सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि आरोपी महिला को जिला न्यायालय भेजा गया है।

साले की शादी में दिए पैसे मांगने पर दामाद की पिटाई

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के तवक्कलपुर नगरा गांव में एक व्यक्ति को साले की शादी में उधार दिए पैसे वापस मांगना भारी पड़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि पत्नी ने ससुराल पक्ष को बुलाकर पति की पिटाई करवा दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित प्रमोद रंजन ने बताया कि उसने अपने साले की शादी में 20 हजार रुपये उधार दिए थे। आरोप है कि 4 जून को जब उसने पैसे वापस मांगे तो पत्नी ममता कुमारी से विवाद हो गया। इसके बाद पत्नी ने मायके वालों को बुला लिया। आरोप है कि सुरेश कुमार, विपिन कुमार, आशा देवी और ममता कुमारी ने मिलकर प्रमोद की पिटाई की। धमकी भी दी गई कि अगर उसने शिकायत की तो उस पर दहेज उत्पीड़न का केस लगवाकर जान से मरवा दिया जाएगा। प्रमोद रंजन की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जौनपुर जिले के सरपतहा थाना अंतर्गत सारी गांव निवासी सुरेश कुमार, विपिन कुमार, आशा देवी और पत्नी ममता कुमारी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है।

क्वांटम एआई में निवेश किए 45.93 लाख तो ठगे गए

कानपुर, अमृत विचार। चकेरी में ईमेल पर क्वांटम एआई का विज्ञापन देखकर प्राइवेट कर्मी ने 45.93 लाख रुपये निवेश कर दिया। दो क्रेडिट कार्ड व तीन खातों से रुपये जमा किए। क्वांटा पल्स नामक ट्रेडिंग एप डाउनलोड कर ट्रेडिंग शुरू कर दी। जब मुनाफे की रकम निकालने की बारी आई तब ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्यामनगर के रहने वाले प्राइवेट कर्मी संतोष कुमार मिश्र के अनुसार 12 फरवरी 2025 को वह अपनी ईमेल देख रहे थे। तभी उन्हें क्वांटम एआई का एक विज्ञापन दिखाई दिया। उसपर क्लिक करने पर जानकारी सामने आ गई। विज्ञापन में लिखा था कि क्वांटम एआई में निवेश कर मुनाफा कमाए। संतोष के अनुसार विज्ञापन में दिए गए फॉर्म के माध्यम से उन्होंने पंजीकरण किया। इसके बाद उन्हें 13 फरवरी को एक ईमेल आया। उनका व्हाट्सएप नंबर मांगा गया। ईमेल के जरिए अपना नंबर भेज दिया। इस प्रक्रिया के बाद उन्हें ट्रेडिंग ग्रुप से जोड़ा गया।

दांदरपुरा कांड : सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने पर 11 लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार । दांदरपुरा गांव में हुये कांड में सोशल मीडिया पर अनर्गल बयानबाजी करके माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर माहौल खराब करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी।

लोगों में पुलिस पर पथराव और हुयी कार्रवाई के चलते उपद्रवियों के फिर से आने की चिंता सता रही है। गांव में पुलिस व पीएसी के तैनात होने से कोई भी अराजकतत्व गांव की ओर नहीं गया। उधर पुलिस ने घटना के मास्टर माइंड आरोपी गगन यादव की गिरफ्तारी के भी प्रयास तेज कर दिये हैं। दांदरपुरा गांव में भागवत कथा कहने आये दो भागवताचार्यों के साथ गांव के लोगों ने जाति छुपाकर कथा कहने आने का आरोप लगाते हुये अभद्रता की थी। इसके बाद से बवाल बढ़ता गया और पुलिस पर पथराव तक किया गया। घटना को लेकर सोशल मीडिया पर जाति विशेष को लेकर एक समाज के लोग अनर्गल टिप्पणी करने में लगे हैं। उनके द्वारा की जा रही टिप्पणी व अनर्गल बयानबाजी से माहौल बिगड़ने की आशंका के चलते पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार किया है। पुलिस अब अन्य ऐसे लोगों की भी तलाश में जुटी है, जो सोशल मीडिया पर बयानबाजी कर रहे हैं। उधर 26 जून को हुये उपद्रव के मास्टर माइंड नेशनल रिफार्म्स आर्गनाइजेशन गगन यादव की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस की तैनाती व पीएसी की चौकसी से गांव के लोग कुछ राहत महसूस कर रहे हैं।

झटका मशीन की चपेट में आकर महिला की मौत

अमेठी, अमृत विचार। जामो थाना क्षेत्र के जोरावरपुर गांव में श्यामवती (58) की झटका मशीन के तार से टकराने से मौत हो गई। घटना बीती रात की है, जब श्यामवती अपने पति समर बहादुर गुप्ता के साथ खेत गई थी। घर लौटते समय श्यामवती का संतुलन बिगड़ गया और वह पड़ोसी सुरेंद्र मिश्रा के खेत में लगे झटका मशीन के तारों पर गिर गई। परिजनों का आरोप है कि जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए लगाई गई झटका मशीन के तार से टकराने से श्यामवती की मौत हुई। इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने बताया कि मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पति समर बहादुर गुप्ता की तहरीर पर खेत मालिक सुरेंद्र मिश्रा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किशोर को कार सवार ने रौंदा, मौत

गोंडा, अमृत विचार : देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दुफेड़िया प्राथमिक विद्यालय के बगल इको स्पोर्ट्स गाड़ी का तेज रफ्तार का कहर दिखा है। हेयर कटिंग सैलून की दुकान चला रहे खन्नू के 14 वर्षीय पुत्र राजा की तेज रफ्तार कार के रौंदने से मौत हो गई है। तेज रफ्तार इको स्पोर्ट्स गाड़ी से कार सवारी टीन शेड को तोड़ते हुए दुकान के पास जा पहुंची। जहां दुकान के बाहर बैठे राजा पर तेज रफ्तार इकोस्पोर्ट गाड़ी चढ़ गई जिससे मौके पर ही राजा की मौत हो गई है।

मौत की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता खन्नू अपनी हेयर कटिंग सैलून की दुकान को छोड़कर घर पर कुछ काम के लिए गए हुए थे, अपने बेटे राजा को दुकान के बाहर देखभाल के लिए बैठा दिए थे। खन्नू घर पहुंचे ही थे की स्थानीय लोगों ने सूचना दिया कि उनके बेटे के ऊपर तेज रफ्तार इको स्पोर्ट्स गाड़ी कार चालक युवक ने चढ़ा दी है उनके बेटे की मौत हो गई है। तत्काल वह घर से साइकिल उठा करके अपनी दुकान पहुंचे जहां देखा कि उनके बेटे की मौत हो चुकी थी और उनका बेटा खून से लथपथ था। मृतक के पिता खन्नू का आरोप है कि जबरदस्ती आरोपी कार चालक द्वारा सुलह करने का दबाव बनाया जा रहा है और पुलिस द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मामले को क्षेत्राधिकारी नगर आनंद राय ने बताया कि सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत हुई है। दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी।

दुकान के सामने घुसी कार क्षतिग्रस्त। अमृत विचार

परिवहन निगम | बालू घाट पर बनेगा अस्थाई बस स्टेशन

अयोध्या में सावन झूला मेले में 120 स्पेशल बसें होंगी संचालित

अयोध्या, कार्यालय।

▸▸ एआरएम अयोध्या को बनाया गया मेलाधिकारी

अमृत विचार : सावन झूला मेला के प्रमुख पर्व व तिथियों पर 120 मेला स्पेशल बसों का संचालन किया जाएगा। इसके लिए बालू घाट ओवरब्रिज के नीचे अस्थायी बस स्टेशन बनाया जाएगा। अयोध्या डिपो के एआरएम आदित्य प्रकाश को मेलाधिकारी बनाया गया है।

इस वर्ष सावन झूला मेला की शुरूआत 27 जुलाई से होगी, समापन 9 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा व रक्षाबंधन पर्व पर होगा। इस मेले में बस्ती, गोंडा, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, बहराइच, बलरामपुर, सुलतानपुर, बाराबंकी समेत आसपास के अन्य जिलों से लाखों की संख्या में श्रद्धाल अयोध्या आते हैं। मेला अवधि के लिए परिवहन निगम ने बालू घाट पर बनने वाले अस्थायी बस स्टेशन को 120 बसों का आवंटन किया है। इनमें से अयोध्या डिपो की 20 बस गोंडा को, 10 बलरामपुर, 15 गोरखपुर को दी गई हैं। बहराइच पांच बसें सुलतानपुर डिपो की, बस्ती को 10, अकबरपुर को 20, जहागीरगंज को अकबरपुर डिपो से पांच, सुलतानपुर डिपो को 20, जगदीशपुर को अमेठी डिपो से पांच, बाराबंकी डिपो को अयोध्या की पांच व टांडा को अकबरपुर डिपो की पांच बसों का आवंटन किया गया है। मेला अवधि के दौरान इन बसों का संबंधित बस स्टेशन से बालू घाट अस्थायी बस स्टेशन तक नियमित आवागमन होगा। इसके अलावा आसपास के जिलों के सभी डिपो से वार्ता कर श्रद्धालुओं की मांग के अनुरूप और अतिरिक्त बसों का संचालन करने का निर्देश दिया है।

> अस्थायी बस स्टेशन पर बसों की पार्किंग आदि के लिए स्टाफ की तैनाती की जाएगी। फोरलेन पुल के पास भी कर्मियों को तैनात किया जाएगा। गोरखपुर व देवीपाटन परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक से वार्ता कर अपने-अपने क्षेत्र से अयोध्या के लिए बसों का संचालन करने व्यवस्था बनाने के लिए कहा गया है। - **विमल राजन, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम।**

त्रयोदशी पर बंद रहेगा हाईवे, नहीं बाधित होगा बसों का संचालन

श्रावण मास की त्रयोदशी 6 अगस्त को बस्ती, गोरखपुर, गोंडा, बहराइच, अंबेडकरनगर, सुलतानपुर, बाराबंकी, अमेठी व रायबरेली जिलो से लाखों के संख्या में कांवरिए अयोध्या आते हैं। वह सरयू जल लेकर अपने जिलों में जाकर परंपरागत रुप से भोलेनाथ का अभिषेक करते हैं। भीड़ के चलते लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को करीब चार दिन तक बंद किर वाहनों का डायवर्जन किया जाता है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि इस अवधि में भी बसों के संचालन में बाधा न आए, इसका प्रयास किया जा रहा है।

यह हैं मेले की प्रमुख पर्व

- मणि पर्वत मेला-27 जुलाई।
- नाग पंचमी-29 जुलाई।
- श्रावण पूर्णिमा व रक्षाबंधन-9 अगस्त।

कुशाग्र हत्याकांड : 27 पेज की जिरह फिरौती वाले स्कूटी का नंबर बदला था

संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर के चर्चित कुशाग्र हत्याकांड में सुनवाई जारी है। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि शनिवार को हुई सुनवाई में मां सोनिया कनोडिया ने कोर्ट को कई अहम बातें बताई। मामले की अगली सुनवाई अब 2 जुलाई को होगी।

वहीं एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि सोनिया कनोडिया ने कोर्ट को बताया कि जब कुशाग्र घर नहीं पहुंचा तो मैंने आरोपित ट्यूशन टीचर रचिता वत्स को फोन किया और पूछा कि कुशाग्र घर नहीं आया, स्कूटी कहा है तो रचिता ने बताया कि स्कूटी मेरे घर पर है। तब मैं स्वयं व अपने देवर व अन्य लोगों के साथ रचिता के घर पहुंची तो उनके घर में स्कूटी नहीं मिली। तब रचिता ने कहा था कि स्कूटी प्रभात के पास है और जब आरोपी प्रभात के घर पहुंचे तो वह उसी स्कूटी से थोड़ी देर बाद आया था। वहीं गार्ड राजेंद्र ने जो स्कूटी का नंबर बताया था यूपी 78 ईडी 2204। और जो प्रभात लेकर आया था स्कूटी, स्कूटी में नंबर में एफ को ई बनाया गया था, उसका नंबर यूपी 78 एफडी 2204। समय शेष न रहने के कारण अब अगली तारीख जिरह के लिए 2 जुलाई रखी गई है। अभी तक 27 पेज की जिरह हो चुकी है। इससे पहले हुई सुनवाई में सोनिया ने कोर्ट को बताया था कि हत्या के 15 दिन पहले रचिता रेकी करने के लिए प्रभात को साथ लेकर घर आई थी।

बता दें कि कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र की 30 अक्तूबर 2023 को अपहरण कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला और शिवा गुप्ता को दोषी मानकर उनको जेल भेजा था।

एक नजर

विकफील्ड प्रोडक्ट्स व विकफील्ड मेर्मोनिक्स के सलाहकार बने नचिकेता

विधि संवाददाता, लखनऊ : विकफील्ड प्रोडक्ट्स कंपनी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड व विकफील्ड मेर्मोनिक्स इंफोनेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड ने सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता नचिकेता बाजपेई को

सम्पूर्ण भारत का हेड लीगल एडवाइजर नियुक्त किया है। नचिकेता बाजपेई उक्त दोनों कंपनियों के देश भर के कानूनी प्रकरण, नीतिगत कानूनी सलाह, मुकदमे-विवाद व कानूनी दस्तावेजों के मामले देखेंगे।

पहली बार आ रहीं राष्ट्रपति बरेली हाई अलर्ट पर

बरेली : राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू पहली बार बरेली आ रही हैं। उनके प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर बरेली हाई अलर्ट पर है। एयरफोर्स और सेना के अफसर जहां सक्रिय हैं, वहीं दिल्ली, लखनऊ तक के अफसर तैयारियों के संबंध में प्रशासनिक अफसरों से लगातार संपर्क में हैं। मंडलभर के 50 से ज्यादा वरिष्ठ अफसरों को कार्यक्रम में अहम जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

सोशल मीडिया पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं से अभद्रता

बरेली : एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर दो युवकों ने बजरंग दल और एक समाज के लोगों के लिए अभद्र शब्द कहे और कार्यकर्ताओं को जान से मारने की धमकी दी। इससे कार्यकर्ताओं में रोष है। थाना कैंट पुलिस ने दो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किला निवासी आशीष शर्मा ने बताया कि 25 जून को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक धार्मिक विचारों से जुड़ी पोस्ट साझा की थी। इसी पोस्ट पर कैंट के कांधरपुर निवासी गुरविंदर जाट और शिवधाम कॉलोनी निवासी दिव्यांश पटेल ने बजरंग दल और एक समुदाय को लेकर आपत्तिजनक और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

कोर्ट का उदार व सहनशील रवैया राष्ट्र विरोधी तत्वों को दे रहा बढ़ावा

फेसबुक पर आरोपी ने साझा की थी आपत्तिजनक पोस्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फेसबुक पर एक आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वाले 62 वर्षीय आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि आरोपी का कृत्य संविधान और उसके आदर्शों के प्रति अपमानजनक है।

वर्तमान मामले में आरोपी ने फेसबुक पर एक पोस्ट साझा कर जिहाद का प्रचार करने, पाकिस्तान जिंदाबाद कहने और अपने समर्थकों से पाकिस्तानी जिहादियों का समर्थन करने की अपील की। सीधे तौर पर यह आपत्तिजनक पोस्ट राष्ट्रीय भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकल पीठ ने

▸▸ अंसार अहमद सिद्दीकी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने की टिप्पणी

अंसार अहमद सिद्दीकी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए की।

याचिका के अनुसार, याची के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन छतरी जिला बुलंदशहर में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याची का गैर-जिम्मेदाराना तथा राष्ट्र-विरोधी आचरण उसे भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वतंत्रता के अधिकार की सुरक्षा मांगने का अधिकार नहीं देता है। हालांकि याची के अधिवक्ता ने आरोपी की उम्र का हवाला देते हुए कोर्ट को बताया कि उसका इलाज चल रहा है। हालांकि दूसरी ओर सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद विवादित पोस्ट साझा की गई है, जिससे यह पता चलता है कि याची धार्मिक और भावनात्मक आधार पर भी आतंकवादियों के कृत्यों का समर्थन करता है। कोर्ट ने स्वीकार किया कि राष्ट्र विरोधी मानसिकता वाले लोगों के प्रति अदालत का उदार और सहनशील रवैया उन्हें और अधिक राष्ट्रविरोधी बना देता है। अंत में कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट को मुकदमे के शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया।

संभल में अतिक्रमण के घेरे में आई दुकानों को लोगों ने स्वतः किया ध्वस्त

संभल : प्रदेश के संभल जिले में बहजोई मार्ग पर स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़क पर अतिक्रमण कर बनाई गईं 22 दुकानों-भवनों को प्रशासन का नोटिस मिलने के बाद इसके मालिकों ने स्वतः ही उन्हें ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। अतिक्रमण हटाने वाले लोगों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक जिला मंत्री भी शामिल हैं। भाजपा के जिला मंत्री जय प्रकाश गुप्ता ने भी मजदूरों को लगाकर 70 साल पुरानी अपनी पांच दुकानों पर हथौड़ा चलाकर उसे ध्वस्त किया है। गुप्ता ने बताया कि सरकार की तरफ से नोटिस मिला, जिसका पालन करते हुए अपनी 70 साल पुरानी पैतृक दुकानों को मजदूर लगाकर तोड़ा है। उन्होंने कहा कि दुकानों को नौ फुट तक तोड़ने के आदेश थे, जिसे स्वेच्छा से साढ़े नौ फुट तोड़ कर सरकार के आदेश का पालन किया है। आज ध्वस्तीकरण का कार्य पूरा कर दिया।

युवक के बाल काटने से इंकार पर विवाद

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में एक युवक बाल कटवाने के लिए पहुंचा तो दुकानदार ने बाल काटने से इंकार कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर गांव पहुंचे सीओ ने अपनी मौजूदगी में युवक के बाल कटवाकर विवाद खत्म कराया।

नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हातिम सराय निवासी अनुज राजौरिया ने खिरनी चौकी पुलिस को तहरीर दी कि कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव सैंडा में वाल्मीकि समाज के करीब 12 घर हैं। 27 जून को सुबह राजकुमार हेयर कटिंग की दुकान पर बाल कटवाने के लिए गया। दुकानदार ने जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए बाल काटने से इंकार

एसडीएम कार्यालय पहुंचे वाल्मीकि समाज के लोग। अमृत विचार

▸▸ सीओ पहुंचे, अपनी मौजूदगी में युवक के कटवाये बाल

कर दिया और गाली गलौज करते हुए भगा दिया। राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट अमरजीत सिंह, रोहित वाल्मीकि, दीपेश वाल्मीकि, विनीत ढिलौर, मुकुल मरोठिया, आयुष भंडारी ने भी पुलिस ने मामले में कार्रवाई की मांग उठाई। प्रकरण की जानकारी मिलने पर सीओ संभल आलोक भाटी गांव पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से बात की और नाई को हिदायत दी कि जातीय भेदभाव करेगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नाई ने माफी मांगते हुए सीओ की मौजूदगी में युवक के बाल काटे।

किसान को कॉल कर मांगी एक करोड़ की रंगदारी

संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

▸▸ पुलिस ने बताया रुपयों की लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद

अमृत विचार : थाना बहेड़ी क्षेत्र में किसान को व्हाट्सएप कॉल कर दबंग ने एक करोड़ रुपये की रंगदारी मागी। रंगदारी ने देने पर किसान के दोनों बेटों को जान से मारने की धमकी दी। किसान ने धमकी को गंभीरता से नहीं लिया तो आरोप है कि आरोपियों ने आधी रात घर के बाहर फायरिंग करा कर दहशत फैलाई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस की प्राथमिक जांच में रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद होना सामने आया है, रंगदारी मांगने व फायरिंग करने की पुष्टि नहीं हुई है।

थाना क्षेत्र के राई नवादा गांव निवासी किसान सुरेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि उनके पास 175 बीघा खेती करने योग्य जमीन है। उनके दो बेटे दीपक और सूरज हैं। सुरेंद्र के अनुसार 22 जून को दोपहर उनके मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप कॉल आई। काल करने वाले ने एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर बेटों को जान से मारने की धमकी दी। सुरेंद्र ने शुरुआत में कॉल को फर्जी समझकर नजर अंदाज कर दिया और नंबर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद 24 जून की रात 1:30 बजे उनके घर पर फायरिंग की गई, जिससे पूरा परिवार दहशत में आ गया। इसके बाद अगले दिन 25 जून को दूसरे नंबर से कॉल आई। आरोप है कि इसमें धमकी देने वाले ने कहा कि तुमने धमकी को हल्के में लिया, इसलिए अब अंजाम भुगतो। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले के खुलासे के लिए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही साइबर सेल भी मामले की जांच कर रही है।

मोबाइल इस्तेमाल करने पर कांठ थाना प्रभारी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ डीआइजी द्वारा निलंबित किए गए रामप्रसाद के स्थान पर सुदेशपाल को मिली कांठ थाने की कमान

अमृत विचार : शुक्रवार की रात ताजियों को लेकर थाना प्रभारियों के साथ ऑनलाइन बैठक के दौरान कांठ थाने के प्रभारी निरीक्षक ने मोबाइल इस्तेमाल कर लिया। यह देख एसएसपी सतपाल अंतिल भड़क गए और तुरंत ही इंस्पेक्टर विवेक शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया। इसके अलावा कई और इंस्पेक्टर से नाराजगी जाहिर करते हुए काम में सुधार लाने के निर्देश दिए।

दूसरी ओर डीआइजी द्वारा निलंबित किए गए रामप्रसाद के स्थान पर इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार को मझोला की कमान सौंपी गई है तो कांठ थाने का इंचार्ज सुदेशपाल को बनाया गया है।

दुष्कर्म पीड़ित का मुकदमा डीआइजी के आने बाद भी देरी से दर्ज करने पर बीते गुरुवार की देर रात डीआइजी मुनिराज जी ने मझोला इंस्पेक्टर रामप्रसाद शर्मा को निलंबित कर दिया था। इस कार्रवाई के बाद पुलिस में खलबली मच गई थी। अब शुक्रवार की देर रात ताजियों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए एसएसपी सतपाल अंतिल सभी थाना प्रभारियों के साथ आनलाइन बैठक कर रहे थे। इसी बीच कांठ थाने के प्रभारी मीटिंग के दौरान मोबाइल चलाते पकड़े गए।

पीएसी के मुख्य आरक्षी की सिर में चोट लगने से मौत

बरेली : पीएसी में तैनात मुख्य आरक्षी उन्नाव के गांव पूरानिस्फा पंसारी निवासी रणवीर सिंह को शनिवार की सुबह नित्यक्रिया करते समय पैर में ठोकर लगकर जमीन पर गिरने से सिर में चोट लग गई। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शनिवार को पीएसी में तैनात बड़े बाबू मुख्य आरक्षी रणवीर सिंह सुबह छह बजे नित्यक्रिया करने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा। पुलिस ने रणवीर के परिजनों को सूचना दे दी है।

हाईवे पर ट्रक से टकराई कार, सिपाही की मौत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : बिजनौर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर शुक्रवार रात हादसे में एक सिपाही की जान चली गई। वह छुट्टी पर घर आए थे और किसी काम से कार से बिजनौर जा रहे थे। रास्ते में सड़क किनारे खड़े ट्रक में उनकी कार जा टकराई। मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मारूफपुर निवासी अनुज कुमार चिकारा (40) पुत्र ऋषिपाल सिंह 2011 बैच के सिपाही थे और वर्तमान में जनपद रामपुर के थाना शाहबाद में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात थे। कुछ दिनों की छुट्टी पर

▸▸ रामपुर के शाहबाद थाने में तैनात था अनुज चिकारा, छुट्टी पर गया था घर

अपने गांव आए थे। शुक्रवार रात अनुज सेंट्रो कार से बिजनौर की ओर जा रहे थे। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुरा के पास सामने से आ रहे किसी वाहन की रोशनी या अन्य कारणों से कार असंतुलित हो सड़क किनारे खराब खड़े ट्रक से टकरा गई। कार के परखच्चे उड़ गए और अनुज की मौके पर ही मौत हो गई। खबर मिलते ही परिजन बेहाल हो गए। बताया गया कि अनुज के एक भाई की पहले ही मौत हो चुकी है।

कमरे में फंदे से लटका मिला किशोर की शव

बिजनौर : मकान की छत पर बने कमरे में फंदे से किशोर का शव लटका मिला। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शेरकोट में मोहल्ला वीरथला निवासी संजय पुण्डीर के 15 वर्षीय इकलौता पुत्र आदित्य पुण्डीर रात को छत पर बने कमरे में सोने गया था। सुबह जब मां निर्मला जगाने गईं तो कमरा अंदर से बंद था। किसी तरह कमरा खोलने पर आदित्य का शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों के अनुसार, संजय पुण्डीर पर काफी कर्ज था। कर्जदार अक्सर घर आकर परेशान करते थे। इससे आदित्य तनाव में रहता था। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

नई दिल्ली में काले बादलों से भरी दोपहर में कर्तव्य पथ पर मौसम का आनंद लेते पर्यटक। ● एजेंसी

आयुष्मान भारत से ज्ञानेंद्र को मिला नव जीवन

नई दिल्ली,एजेंसी

▸▸ ज्ञानेंद्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जताया आभार

▸▸ पीएम ने पत्र के जवाब में लिखा आपका स्वास्थ्य, हमारा संकल्प

आयुष्मान भारत के माध्यम से इलाज करा रहे से बिहार के ज्ञानेंद्र को नव जीवन मिला है। ज्ञानेंद्र ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आभार जताया है। वहीं, प्रधानमंत्री ने ज्ञानेंद्र के पत्र के जवाब में लिखा कि आपका उत्तम स्वास्थ्य ही हमारा संकल्प।

ज्ञानेंद्र ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित होने वालों में मैं भी हूं। किडनी की समस्या से ग्रस्त था। पटना में मेरा निःशुल्क इलाज हुआ और मैं अब स्वस्थ हूं। आयुष्मान भारत योजना से देश के गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। इस योजना से ज्ञानेंद्र जैसे करोड़ों लोगों को लाभ मिलना सहज हुआ है। पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की क्रांतिकारी योजना देश के 55-60 करोड़ गरीब-मध्यम वर्ग-बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है। पहली बार किसी सरकार ने पांच लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज के साथ दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थकेयर सुविधा दी है।

उत्तराखंड

उत्तराखंड में तीन दिन भारी वर्षा का रेड अलर्ट

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचारः मौसम विभाग ने नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, चम्पावत, देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार में कुछ जगहों पर आज, कल और अगले दिन (29, 30 जून और 1 जुलाई) अत्यधिक बारिश होने की संभावना जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य के अन्य जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बिजली चमकने और वर्षा के तीव्र से अत्यंत तीव्र दौर चलने की संभावना है जबकि दो जुलाई तक अन्य जिलों में ऑरेन्ज और यलो अलर्ट प्रभावी रहेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने

▸▸ मुख्यमंत्री ने की अपील-सतर्क रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें

राज्य के पहाड़ी और कुछ मैदानी क्षेत्रों में अगले 24 घंटे में अत्यधिक वर्षा की संभावना को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर लोगों से अनुरोध करते हुए कहा है कि सभी लोग सतर्क रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। मुख्यमंत्री धामी ने आज राज्य में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जा रही उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा में शामिल होने जा रहे परीक्षार्थियों से भी मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए समय से पहले अपने परीक्षा केंद्र के लिए प्रस्थान करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुरक्षा और परीक्षा दोनों ही सरकार के लिए महत्वपूर्ण हैं। सभी जिलाधिकारियों को अतिवृष्टि की संभावना को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने को कहा है।

पूर्व विधायक सुरेश राठौर भाजपा से निष्कासित

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचारः सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व विधायक सुरेश राठौर को उनकी कथित दूसरी शादी को लेकर विवाद के बाद शनिवार को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।

भाजपा ने हरिद्वार के ज्वालापुर निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व विधायक राठौर को सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के संदर्भ में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। वीडियो में वह सहारनपुर की रहने वाली अभिनेत्री उर्मिला सनावर को अपनी दूसरी पत्नी के रूप में पेश करते नजर आ रहे थे। राठौर ने पहली पत्नी को तलाक दिए बिना कथित तौर पर दूसरी शादी की थी जिससे पार्टी को असहजता का सामना करना पड़ा, क्योंकि जनवरी में राज्य की भाजपा सरकार द्वारा लागू किए गए समान नागरिक संहिता में बहुविवाह को अपराध माना गया है। भाजपा द्वारा जारी निष्कासन पत्र में कहा गया, पार्टी नेतृत्व आपके स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर आपको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित किया जा रहा है।

एसईआईएए अध्यक्ष हाईकोर्ट में तलब

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) के अध्यक्ष को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया। यह जानना चाहा है कि पर्यावरण की रक्षा और बागेश्वर जिले में खड़िया खनन के हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए क्या कदम उठाये गए हैं।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्द्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया, जिसमें जिले के कांडा तहसील के कई गांवों में मकानों में दरारें आने

▸▸ सवाल-बागेश्वर में खड़िया खनन के हानिकारक प्रभाव कम करने के लिए क्या कदम उठाए

की शिकायत की गई थी। इस मामले की सुनवाई अब उच्च न्यायालय में 30 जून को होगी। कांडा तहसील के निवासियों ने भी मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र भेजकर दावा किया था कि अवैध खड़िया खनन ने उनके खेत, घर और पानी की पाइपलाइन को नष्ट कर दिया है। क्षेत्र में खड़िया की 147 खदानें हैं, जिनमें खनन के लिए भारी मशीनों का इस्तेमाल किया जाता है, जिसके कारण आस-पास के गांवों में घरों की दीवारों और छतों पर दरारें पड़ जाती हैं। पत्र पर स्वतः संज्ञान लेते हुए, उच्च न्यायालय ने पूर्व में इस क्षेत्र में खड़िया खनन पर रोक लगा दी थी और कंपनियों को खनन गतिविधियों के कारण बने गड्ढों को भरने का निर्देश दिया था। इसने खनन किए गए खड़िया भंडारों की नीलामी की भी अनुमति दी थी। खनन के कारण बने गड्ढों को भरने के लिए पूर्व में दिये गए निर्देश पर जिला खनन अधिकारी ने उच्च न्यायालय को बताया कि इस कार्य के लिए उत्तराखंड भूजल प्राधिकरण का गठन किया गया है।

बारिश के कारण देवीपुरी सौड़ मोटर मार्ग बंद

कालाढूंगी : शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश होने से देवीपुरा-सौड़ मोटर मार्ग बंद हो गया है। इस कारण ब्लॉक मुख्यालय व जिला मुख्यालय से रियाड़, डोला, बाघनी,जलना,सल्वा, बासी व रानीकोटा अनेक ग्राम सभाओं का संपर्क कट चुका है। निवर्तमान ग्राम प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष हीरा वल्लभ बधानी ने कहा कि अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। यदि जल्द मोटर मार्ग नहीं खुलेगा, तो वह ग्रामीणों के साथ अनशन पर बैठेंगे।

68 किलो से अधिक गांजा के साथ एक धरा

संवाददाता, रामनगर

▸▸ बरामद गांजे की 17 लाख रुपये आंकी जा रही कीमत

अमृत विचार : नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत रामनगर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक टैक्सी से 68 किलो से अधिक गांजा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 17 लाख रुपये आंकी जा रही है।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि लंबे समय से पर्वतीय क्षेत्रों से गांजे की अवैध तस्करी कर रामनगर में बेचे जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। शुक्रवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज नयाल और गर्जिया चौकी इंचार्ज गगनदीप सिंह टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध टैक्सी को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने तेज गति से वाहन भगाने की कोशिश की। पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया। जांच में वाहन के अंदर से 68 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की पहचान ग्राम पूछड़ी टंकी निवासी दानिश पुत्र वाहिद हुसैन के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दो व्यक्तियों ने पहाड़ से गांजा लाने को कहा था।

विधायक व भाजपाइयों ने चौकी घेरी एसआई-सिपाही लाइन हाजिर

कालाढूंगी। कोटाबाग में पुलिस की पिटाई से आहत भाजपा नेता विशन सिंह नगरकोटी के बेटे ने शुक्रवार रात चौकी के बाहर ही जहर खाकर जान दे दी। आक्रोशित लोगों ने शनिवार को भाजपा विधायक बंशीधर भगत और भाजपाइयों के साथ कोटाबाग पुलिस चौकी का घेराव कर तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा काटा। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र भी आक्रोशित लोगों को शांत नहीं करा सके। लोग चौकी से तब हटे, जब एसपी सिटी ने चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया और आरोपी सिपाही को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करने के साथ चौकी में कार्यरत सभी कर्मियों का तबादला कर दिया।

कार्रवाई | बिहार के ठेकेदार का कारनामा, नालों पर बने अतिक्रमण पर प्रशासन ने चलाई जेसीबी

मजदूरी के बदले दी सरकारी भूमि, कब्जा ध्वस्त

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः दमुवाढूंगा में नालों पर कब्जा करने वालों की शामत आ गई है। प्रशासन, जिला विकास प्रधिकरण और सिंचाई विभाग संयुक्त रूप से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। शनिवार को भी नालों के ऊपर बने अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया गया। कुछ अन्य जगहों पर अतिक्रमण वाले भवनों पर लाल निशान लगाए गए।

दमुवाढूंगा में चौफला चौराहा के पास जवाहर ज्योति में शनिवार को जेसीबी के साथ सरकारी अमला पहुंचा। प्रशासन ने जेसीबी

दमुवाढूंगा में अतिक्रमण पर लाल निशान लगाते सरकारी कर्मचारी। अमृत विचार

से अतिक्रमण को हटा दिया। यहां बिहार के एक ठेकेदार ने अतिक्रमण करके घर बनाया था। घर के अंदर 20 श्रमिकों को किराए पर रहने के लिए जगह दी गई थी। इस ठेकेदार के पास हल्द्वानी में ही एक जगह और भी घर है। जांच में यह भी पता चला कि इस क्षेत्र में उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को स्टांप पर अवैध रूप से जमीनें बेची गईं हैं। ठेकेदार ने यहां किसी का भवन बनाया था। उस भवन को बनाने के बदले में उसे किसी ने यहां सरकारी भूमि पर कब्जा दिया था। बनाए गए भवन की वजह से नाले की चौड़ाई आधी रह गई थी। जिसे जेसीबी से हटाया गया। इसी तरह से शिव मंदिर के पास भी रकसिया नाले पर निर्माणाधीन भवन को जेसीबी से हटा दिया गया है। इस जमीन को उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति ने स्टांप पेपर पर खरीदा था। साथ ही शिव मंदिर के पास रकसिया नाले पर बने भवनों को भी राजस्व विभाग ने चिन्हित किया है।

प्रस्तावना पवित्र, आपातकाल में जोड़े शब्द नासूर

उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं, आपातकाल के दौरान किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है, लेकिन भारत में आपातकाल के दौरान इसे बदला गया जो संविधान निर्माताओं की बुद्धिमत्ता के साथ विश्वासघात का संकेत है।

उन्होंने कहा कि 1976 में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में जो शब्द जोड़े गए, वे नासूर थे और उथल-पुथल पैदा कर सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने एक पुस्तक विमोचन समारोह में कहा, यह हजारों वर्षों से इस देश की सभ्यतागत संपदा और ज्ञान को कमतर आंकने के अलावा और कुछ नहीं है। यह सनातन की भावना का अपमान है। धनखड़ ने प्रस्तावना को एक बीज बताया जिस पर संविधान विकसित होता है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया। धनखड़ ने कहा, इस प्रस्तावना में 1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम के जरिये बदलाव हुआ था। संशोधन के माध्यम से इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गए थे। यह न्याय का उपहास है कि जिस चीज को बदला नहीं जा सकता, उसे आसान ढंग से, हास्यास्पद तरीके से और बिना किसी औचित्य के बदला गया और वह भी आपातकाल के दौरान जब कई विपक्षी नेता जेल में थे। धनखड़ ने आगाह करते हुए कहा, आप गहराई से सोचें, तो पाएंगे कि हम अस्तित्वगत चुनौतियों को पंख दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि बीआर आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने निश्चित रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा। धनखड़ ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब आरएसएस ने गुरुवार को संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा का आह्वान किया था। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के इस आह्वान की आलोचना की। विपक्ष ने इसे राजनीतिक अवसरवाद और संविधान की आत्मा पर जानबूझकर किया गया हमला करार दिया है। होसबाले के बयान से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

हिमंत ने समाजवादी-धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की हिमायत की

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष पश्चिमी अवधारणाएं हैं तथा इन शब्दों को संविधान से हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन शब्दों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया था और इनका भारतीय सभ्यता में कोई स्थान नहीं है। शर्मा ने कहा कि मैं धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता हूं? मैं कट्टर हिंदू हूं। मुसलमान कट्टर मुसलमान होता है। वह धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है? असम में द इमरजेंसी डायरीज : इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर नामक पुस्तक के विमोचन के बाद हिमंत ने कार्यक्रम में यह बात कही थी। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (जो उस समय आरएसएस के युवा प्रचारक थे) के साथ काम करने वाले सहयोगियों के अनुभवों और अन्य अभिलेखीय सामग्रियों पर आधारित है। पुस्तक 1975-77 के दौरान आपातकाल और इसके प्रतिरोध आंदोलन में मोदी की भूमिका का वर्णन करती है।

बलभद्र, सुभद्रा संग भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसी के घर

ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा उत्सव के दौरान लोग भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचते श्रद्धालु।

पुरी रथ यात्रा

- मान्यता अनुसार गुंडिचा मंदिर देवताओं की मौसी का घर, जहां हर साल जाते हैं जगन्नाथ

पुरी, एजेंसी

पुरी में रथ यात्रा शुरू होने के एक दिन बाद शनिवार को भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथ अपने गंतव्य गुंडिचा मंदिर पहुंच गए। गुंडिचा मंदिर को देवताओं की मौसी का घर माना जाता है जो हर साल जगन्नाथ मंदिर से निकलकर मौसी के घर जाते हैं।

गुंडिचा मंदिर 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर से 2.6 किलोमीटर दूर है। देवता नौ दिन बाद मुख्य मंदिर चले जाएंगे। वापसी की रथ यात्रा को 'बहुदा यात्रा' कहा जाता है जो इस साल पांच जुलाई को होगी। इससे पहले दिन में जय जगन्नाथ और हरि बोल के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने आज सुबह 10 बजे तीनों रथों को फिर से खींचना शुरू किया। पुरी में 27 जून की रात रथयात्रा रोक दी गई थी। रथों को शुक्रवार शाम तक गुंडिचा मंदिर पहुंचना था, लेकिन भगवान बलभद्र का तालध्वज रथ के एक मोड़ पर फंस जाने से श्रद्धालुओं को ग्रैंड रोड पर रुकना पड़ा, जिससे अन्य दो रथ भी आगे नहीं बढ़ सके। परंपरा के अनुसार, सबसे आगे तालध्वज रहता है, उसके बाद देवी सुभद्रा का रथ 'दर्पदलन' और भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदीघोष' रहता है। विधि मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, पुलिस महानिदेशक वाई. बी. खुरानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारी को भगवान जगन्नाथ के 'नंदीघोष' रथ को खींचते दिखे। रथों के अपने गंतव्य पहुंचने पर इन्हें गुंडिचा मंदिर के बाहर रखा गया। औपचारिक शोभायात्रा के बाद देवताओं को रविवार को मंदिर के अंदर ले जाया जाएगा।

10 लाख श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा, हम रथ यात्रा के संचालन के लिए श्रद्धालुओं समेत सभी हितधारकों को धन्यवाद देते हैं। डीजीपी वाईबी खुरानिया ने कहा कि शनिवार को रथ यात्रा के दौरान बीमार पड़े 600 से अधिक श्रद्धालुओं का इलाज कराया गया। शुक्रवार को वार्षिक रथ यात्रा में 10 लाख श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया था और पांच लाख श्रद्धालु शनिवार को पुरी में मौजूद थे। शओडिशा पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 10,000 जवान तैनात है। खुरानिया ने बताया कि भीड़ पर नजर रखने को 275 से अधिक एआई (सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

एक नजर

बाघिन और 4 शावकों को जहर देने में 3 गिरफ्तार

चामराजनगर। कर्नाटक के माले महादेश्वर हिल्स के हुग्यम वन क्षेत्र में बाघिन व चार शावकों की जहर देने में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग ने कहा कि एक व्यक्ति ने बदला लेने को ऐसा किया, जिसकी गाय को जंगली जानवरों ने मारा था। मृत गाय पर जहर छिड़का, जिससे बाघिन तथा शावकों की मौत हुई।

जम्मू कश्मीर में 3.6 तीव्रता का भूकंप

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में शनिवार को 3.6 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन इससे किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। अधकारियों ने बताया कि भूकंप जम्मू-कश्मीर में शाम 7:36 बजे नौ किलोमीटर की गहराई में आया था। हालांकि, इस भूकंप में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

संसदीय समिति ने किया वैष्णो देवी मंदिर का दौरा

जम्मू। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी संसद की स्थायी समिति ने शनिवार को जम्मू कश्मीर के कटरा क्षेत्र में माता वैष्णो देवी मंदिर का दौरा किया तथा बोर्ड की सुविधाओं, लोक शिकायत एवं निवारण प्रणाली की समीक्षा की। सांसद बृजलाल के नेतृत्व में समिति इस समय जम्मू कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर है। बृजलाल ने कटरा में कहा, मेरे दौरे का उद्देश्य सुविधाओं और शिकायत निवारण व्यवस्था के बारे में अधिकारियों से बात करना है।

देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह

गोधरा, एजेंसी

- वीडियो कॉन्फ्रेंस से कार्यक्रम को गृहमंत्री ने किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होंगे।

शाह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान क्षेत्र के लोगों की अंतरात्मा को जगाया। शाह, वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा के पास विंजोल में श्री गोविंद गुरु विवि के लिए 125 करोड़ में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

शाह ने गोविंद गुरु को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताते हुए कहा, अंग्रेजों के खिलाफ उस संघर्ष में 1,512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए व गुजरात में मानगढ़ भारत की आजादी की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गोविंद गुरु की वीरता से प्रेरणा लेते हुए 2047 तक भारत को महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

शाह ने कहा कि यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण बात है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गोविंद गुरु विवि की स्थापना की कल्पना की थी। शाह ने कहा, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री ने गोविंद गुरु को समर्पित एक विवि और स्मारक की कल्पना की थी, जो देश भर के आदिवासियों के लिए प्रेरणा का स्थान बन सके। शाह, खराब मौसम की वजह से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके।

सहनशीलता की नीति समाप्त हो चुकी है, आतंकियों पर होगा कड़ा प्रहार

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा सचिव ने आतंकवाद से निपटने में देश के 'न्यू नॉर्मल' को किया रेखांकित

आतंकवाद से निपटने में देश के 'न्यू नॉर्मल' को रेखांकित करते हुए रक्षा सचिव आरके सिंह ने शनिवार को कहा कि दशकों से चली आ रही सहनशीलता की नीति समाप्त हो चुकी है और भारत के तय किए समय और स्थान पर आतंकियों पर कड़ा प्रहार होगा।

सिंह ने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों को अपनी संपत्ति मानता है और जब उन पर हमला हो गया तो उनके लिए शोक मना रहा है। वह 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में कई पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों की उपस्थिति का हवाला दे रहे थे। सिंह ने कहा, इससे हमारे इस आकलन की पुष्टि होती है कि इन लोगों को जानबूझकर भारत में सीमा पार आतंकवाद के लिए देश नीति के एक साधन के रूप में तैयार किया जा रहा है। सैन्य कार्रवाई रोकने पर सिंह ने कहा कि पाकिस्तानी सैन्य पक्ष 9 मई को आगे आया और उसने डीजीएमओ से बात करने की मांग की, जबकि उसने पहले इससे इन्कार किया था। और उस समय स्पष्ट था कि वे अनिवार्य रूप से आत्मसमर्पण करने की प्रक्रिया में थे। और यह 9 मई की सुबह की बात थी। इसलिए घोषणा (10 मई को) किये जाने से पहले ही हम सभी जानते थे कि ऐसा होने वाला है और यही हुआ।

समन जारी करने का आदेश सोचकर दें

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 84 लाख रुपये के धोखाधड़ी में एक व्यक्ति को तलब करने के आदेश को दरकिनार करते हुए कहा कि समन जारी करना गंभीर मामला तथा यह अनिवार्य है कि ऐसा आदेश सोच-समझकर दिए जाए।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा कि दिवानी उपचार की मौजूदगी आपराधिक कार्यवाही को जारी रखने से नहीं रोकती है लेकिन यह स्थापित कानून है कि मात्र अनुबंध का उल्लंघन धोखाधड़ी के अपराध को जन्म नहीं देता है और यह दर्शाया जाना चाहिए कि वादा करते समय आरोपी का इरादा बेईमानी का था।

आंबेडकर ने की थी एक संविधान की पैरोकारी

नागपुर, एजेंसी

- नागपुर में संविधान के प्रस्तावना पार्क के लोकार्पण कार्यक्रम में बोले सीजेआई गवई

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को एकजुट रखने के लिए एक ही संविधान की पैरोकारी की थी और कभी भी किसी राज्य के लिए अलग संविधान के विचार का समर्थन नहीं किया। यहां संविधान प्रस्तावना पार्क के उद्घाटन पर सीजेआई ने कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के तहत अखंड भारत के डॉ. आंबेडकर के दृष्टिकोण से प्रेरणा ली है।

सीजेआई गवई तत्कालीन सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का हिस्सा थे, जिसने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखा था। उन्होंने मराठी में कहा कि जब अनुच्छेद 370 को चुनौती दी गई थी, यह हमारे समक्ष आया था और जब सुनवाई जारी थी तो मुझे डॉ. आंबेडकर के शब्द याद आए कि एक देश के लिए एक ही संविधान उपयुक्त है... अगर हम देश को एकजुट रखना चाहते हैं तो हमें केवल एक संविधान की जरूरत है। केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया।

संविधान के रूप में देश को दिया उपहार

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि सीजेआई गवई ने संविधान प्रस्तावना पार्क का उद्घाटन किया और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा संविधान के रूप में डॉ. अंबेडकर द्वारा देश को दिया गया बहुमूल्य उपहार है। संविधान में लोकतंत्र के चार स्तंभों कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका और मीडिया के अधिकारों का उल्लेख है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि गवई भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभा रहे हैं।

कारोबार/कृषि

किसानों की आय बढ़ाने को मसौदा जारी

कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान व कृषि वानिकी को बढ़ाने की तैयारी में केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- पौधरोपण बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए सरकार ने उठाया कदम

केंद्र ने कृषि वानिकी को बढ़ाने तथा कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान बनाने के लिए मॉडल नियम जारी किए। इससे किसानों की आय दोगुनी करने, वन क्षेत्र के बाहर पौधरोपण और जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद मिलेगी।

सभी राज्य सरकारों को 19 जून को भेजे पत्र में पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि कृषि भूमि में पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम का उद्देश्य कृषि वानिकी में कारोबारी सुगमता को बढ़ाना और किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियात्मक बाधाओं का सामना किए पेड़ों से आय हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, वनों के बाहर वृक्षों का आवरण बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन को कम करने, लकड़ी के आयात को कम करने और टिकाऊ भूमि उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कृषि वानिकी को बढ़ावा दे रही है।

मंत्रालय के अनुसार, कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए स्पष्ट, सुसंगत नियमों की कमी एक प्रमुख बाधा है, जो कृषि वानिकी उत्पादों की खेती और विपणन को प्रभावित करती है। मॉडल नियमों के अनुसार, लकड़ी आधारित उद्योग (स्थापना और विनियमन) दिशानिर्देश, 2016 के तहत पहले से गठित राज्य स्तरीय समिति (एसएलसी) इन नियमों के लिए समिति के रूप में भी काम करेगी। इसमें अब राजस्व और कृषि विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

समिति राज्य सरकार को सलाह देगी कि कैसे कृषि वानिकी को बढ़ावा दिया जाए और पेड़ों की कटाई और पारगमन के नियमों को सरल बनाकर कृषि भूमि से लकड़ी का उत्पादन बढ़ाया जाए। यह आवेदनों के सत्यापन और कृषि भूमि से लकड़ी के पारगमन के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध करेगी। आवेदकों को अपनी रोपण भूमि को राष्ट्रीय लकड़ी प्रबंधन प्रणाली (एनटीएमएस) पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। उन्हें भूमि स्वामित्व विवरण और अपनी कृषि भूमि का स्थान दर्ज करना होगा। उन्हें मूल रोपण विवरण देना होगा, जिसमें प्रजातियों के अनुसार पौधों की संख्या, रोपण तिथि (महीना और वर्ष) और पौधों की औसत ऊंचाई शामिल है। आवेदकों को एसएलसी की आवश्यकता के अनुसार इस जानकारी को अपडेट भी करना होगा। प्रत्येक पेड़ की केएमएल फाइल फॉर्मेट में जियोटैग की गई तस्वीरों के साथ फोटो खींची जानी चाहिए। इन विवरणों की निगरानी वन, कृषि और पंचायती राज विभागों के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। आवेदक को 10 से अधिक पेड़ों वाली भूमि के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा, जिसमें पेड़ों के बारे में विस्तृत जानकारी देनी होगी।

बांग्लादेश ने बिजली के लिए अडाणी को दिए 38.4 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली। बांग्लादेश ने जून में अडाणी पावर को 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया, जिससे भारतीय कंपनी के साथ बिजली आपूर्ति समझौते के तहत उसके बकाये में कमी आई है। मामले से अवगत दो सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश को जून में 43.7 करोड़ डॉलर का भुगतान करना था, जिसमें से उनसे 27 जून तक 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया है। इससे 31 मार्च तक बांग्लादेश के स्वीकृत दावों का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि इस भुगतान के बाद अडाणी का दावा घटकर 50 करोड़ डॉलर रह जाएगा, हालांकि यह अब भी अधिक है। बांग्लादेश 2017 के समझौते के तहत अपने भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए जूझ रहा है, क्योंकि रूस-यूक्रेन संघर्ष और घरेलू राजनीतिक उथल-पुथल के बाद आयात लागत बढ़ी है।

हार्ड कमोडिटी : निवेश की उम्दा समझ

बात काम की

हार्ड कमोडिटी वे प्राकृतिक संसाधन होते हैं जिन्हें जमीन से निकाला जाता है, जैसे कि कच्चा तेल, सोना, चांदी, तांबा और प्राकृतिक गैस। ये वस्तुएं वैश्विक अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और निवेशकों के लिए एक अलग परिसंपत्ति वर्ग प्रदान करती हैं। हार्ड कमोडिटी में निवेश का उपयोग मुद्रास्फीति से बचाव, पोर्टफोलियो में विविधता और दीर्घकालिक रिटर्न के लिए किया जाता है। हालांकि, इनमें निवेश के साथ कुछ जोखिम भी जुड़े होते हैं जैसे वैश्विक घटनाएं, कीमतों में अस्थिरता और मांग-आपूर्ति में बदलाव।

क्या है हार्ड कमोडिटी

हार्ड कमोडिटी वे कच्चे माल होते हैं जो खनन या ड्रिलिंग से प्राप्त किए जाते हैं। इनमें ऊर्जा स्रोत- कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस। धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, लोहा। इनका उपयोग उद्योगों, ऊर्जा उत्पादन, और आभूषण निर्माण में होता है।

निवेशकों के लिए अवसर

- **मुद्रास्फीति से बचाव :** हार्ड कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं।
- **विविधता :** पारंपरिक स्टॉक-बॉण्ड पोर्टफोलियो से अलग रिटर्न देती हैं।
- **सुरक्षित संपत्ति :** संकट के समय सोने जैसी कमोडिटी में स्थिरता रहती है।

जोखिम पर दें विशेष ध्यान

- कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता
- भूराजनीतिक घटनाएं जैसे युद्ध या प्रतिबंध
- नियामकीय जोखिम (सरकारी नीतियों का प्रभाव)
- भंडारण और सुरक्षा लागत (भौतिक निवेश में)

जरूरी सावधानियां

- बाजार की चाल को समझे बिना निवेश न करें।
- लंबे समय के लिए निवेश करने पर रिटर्न बेहतर हो सकता है।
- फ्यूचर्स मार्केट में अनुभव के बिना प्रवेश जोखिमभरा हो सकता है।

स्थिरता और विविधता

हार्ड कमोडिटी में निवेश निवेशकों के पोर्टफोलियो में स्थिरता और विविधता ला सकता है, लेकिन इसके लिए जागरूकता, रणनीति और सतर्कता जरूरी है।

कार्यबल में 20% विविधता लाने का लक्ष्य : टाटा स्टील

जमशेदपुर, एजेंसी

विविधता व समावेशन पहल मोजेक का एक दशक पूरा होने पर निजी इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने शनिवार को कहा कि उसका लक्ष्य 2028 तक अपने कार्यबल में 20 प्रतिशत विविधता लाना है। कंपनी ने कहा कि टाटा स्टील के लिए, विविधता के प्रति प्रतिबद्धता नीति कार्यान्वयन से कहीं आगे जाती है। यह आम तौर पर पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में मानदंडों को फिर से परिभाषित करने का सक्रिय प्रयास करती है। टाटा स्टील की प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियां, एलजीबीटीक्यूआईए समेत अन्य भागीदारों के लिए समान लाभ, लिंग-तटस्थ पैतृक अवकाश, लिंग परिवर्तन के लिए समर्थन और समावेशी स्थानांतरण और यात्रा लाभ प्रदान करती हैं।

जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आईपीओ के लिए सेबी को भेजा मसौदा पत्र

नई दिल्ली। नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 3,000 करोड़ जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक पत्र दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल किए मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ से 3,000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम है। इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है। कंपनी आईपीओ से पहले 600 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

25 करोड़ लोगों को आजीविका दे रहे एमएसएमई

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्रालय ने कहा- सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को दे रही है गति

देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका दे रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिये जा रहे हैं।

उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है। एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम-पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गयी है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख की गई है।

मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेज़ी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गयी है।

एमएनआरई ने बायोमास के लिए मानदंड किए संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऊर्जा मंत्रालय कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश किए जारी

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बायोमास कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसका मकसद स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और भारत में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है।

राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के चरण-1 के तहत मानदंडों को संशोधित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए लागू है। मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और पूरे देश में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है। नए ढांचे के तहत कई प्रक्रियाओं को सरल बनाया है, जिसमें कागजी कार्यवाही में कटौती व जरूरतों को आसान बनाना हैं। ये बदलाव पराली प्रबंधन और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के लक्ष्य के अनुरूप हैं।

प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी खराब गेंदबाजी की जिम्मेदारी ली

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 200 से ज्यादा रन लुटाए थे कृष्णा ने

बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के दौरान सही लेंथ से गेंदबाजी करने में नाकाम रहने की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह हर समय अपनी गेंदबाजी में संयम बरतने की कोशिश कर रहे थे। लीड्स में श्रृंखला के पहले मैच में 200 से अधिक रन लुटाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध की आलोचना की थी। भारत यह मैच पांच विकेट से हार गया था। प्रसिद्ध ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा (लीड्स) टेस्ट की पहली पारी में मैंने जरूरत से ज्यादा शॉट गेंद डाली। दूसरी पारी में यह थोड़ा बेहतर रहा और विकेट थोड़ा धीमा था।

उन्होंने कहा मैंने निश्चित रूप से उस लंबाई पर गेंदबाजी नहीं की जो मैं करना चाहता था। मुझे सही लंबाई से सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगा। मुझे हालांकि एक पेशेवर के रूप में ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और शायद अगली बार इसे बेहतर तरीके से कर पाऊं। प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवरों में 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए, जो एक पारी में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे खराब आंकड़ों में से एक है। उन्होंने इस दौरान ओली पोप, हैरी ब्रुक और जेमी स्मिथ के विकेट लिए। कर्नाटक के इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में जैक क्रॉउली और पोप के विकेट जल्दी-जल्दी लेकर भारत को उम्मीद दी, लेकिन उनका इकॉनमी रेट फिर से छह (6.10) से ऊपर रहा। उन्होंने 15 ओवरों में 92 रन दिए।

	ओवर	रन	विकेट
पहली पारी	20	128	3
दूसरी पारी	15	92	2

प्रसिद्ध ने कहा मैं जब भी गेंदबाजी के लिए आता हूं तो मेरी कोशिश मेडन ओवर डालने की होती है। मैं वास्तव में बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देने से बचना चाहता हूं। उस मैदान की आउटफील्ड तेज थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने जिस लंबाई और दिशा में गेंदबाजी की वह ज्यादातर समय सही नहीं थी। इसमें से कुछ ऐसे रन भी थे जो बल्ले के बाहरी या अंदरुनी किनारे से लग कर आए थे। उन्होंने कहा मैंने कई बार बाउंसर डालने की कोशिश की लेकिन उस पर रन बन गये। मैं निश्चित रूप से जब गेंदबाजी करने आता हूं तो रन गति पर लगाम लगाकर दबाव बनाने की कोशिश करता हूं।

हेडिंग्ले (लीड्स) में तेज हवा चल रही थी और इसने गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों का काम मुश्किल कर दिया। प्रसिद्ध ने कहा आप एक समान गति में रनअप लेना चाहते हैं लेकिन वहां हवा कभी तेज तो कभी धीमी गति से चल रही थी ऐसे में रनअप से सामंजस्य बनाने में परेशानी हो रही थी। इंग्लैंड में आसमान में बादल छाये रहने पर गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि बार-बार बारिश ने गेंदबाजों के लिए परिस्थितियों मुश्किल बना दी थी। उन्होंने कहा गेंद मैदान पर घास से गुजरने के बाद गीली हो जा रही थी।

अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी गेंद

प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी। अगर धूप होगी तो स्विंग नहीं होगी। हम ऐसे में सही दिशा में गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहे थे। गेंद के नरम होने के बाद पिच से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही थी। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा कि मैच हारने के बावजूद भारतीय ड्रेसिंग रूम में माहौल बहुत सकारात्मक था। उन्होंने कहा ड्रेसिंग रूम में सभी खुश है और सकारात्मक माहौल है। हमारे पता है कि हमारे लिये यह अवसर क्या मायने रखता है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक योजना थी। हम कुछ करना चाहते थे और हमने इसे करने का प्रयास किया। हमने दो बार लगातार दो-दो विकेट चटकाकर मैच में बने हुए थे। सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच में भारत का निचला क्रम बल्लेबाजी में बुरी तरह विफल रहा लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि टीम नेट सत्र में इस पर काम कर रही है। भारतीय टीम ने मैच की पहली पारी में 41 रन पर आखिरी सात जबकि दूसरी पारी में 32 रन पर आखिरी छह विकेट गंवा दिये थे।

महिला टीम ने इंग्लैंड को 97 रनों से हराया

नॉटिंघम, एजेंसी

- पांच टी20 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल की
- कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने खेली शतकीय पारी
- पदार्पण करने वाली श्री चरणी ने 12 रन देकर चार विकेट लिए

03 विकेट पावरप्ले में लेकर भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की टीम को शुरू से ही दबाव में ला दिया था

कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना (112) के पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय शतक के बाद पदार्पण करने वाली स्पिनर श्री चरणी (12 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां पहले मैच में इंग्लैंड को 97 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।

मंधाना की सर्वश्रेष्ठ पारी : मंधाना इस तरह हर प्रारूप में शतक जड़ने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। उनकी यह पारी टी20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत की सर्वश्रेष्ठ पारी है। मंधाना ने इस तरह हरमनप्रीत कौर की 103 रन की पारी को पीछे छोड़ दिया। शुरू से ही आक्रामक रवैया अख्तियार करने वाली मंधाना की 15 चौके और तीन छक्के जड़ित 62 गेंद की पारी की बदौलत भारत ने पांच विकेट पर 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

इंग्लैंड के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर : यह इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का टी20 अंतर्राष्ट्रीय में सर्वोच्च स्कोर भी है। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की टीम को शुरू से ही दबाव में ला दिया और पावरप्ले तक उसके तीन विकेट झटक लिए। कप्तान नैट साइवर ब्रंट (66 रन) के अर्धशतक के बावजूद मेजबान टीम 14.5 ओवर में 113 रन ही बना सकी।

स्पिनर श्री चरणी ने किया कमाल : बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने एलिस कैप्से के रूप में अपना पहला टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट हासिल किया। इस 20 साल की गेंदबाज ने 3.5 ओवर में 12 रन देकर चार विकेट झटके। दीप्ति शर्मा ने तीन ओवर में 32 रन देकर दो और राधा यादव ने दो ओवर में 15 रन देकर दो विकेट झटके। अमनजोत कौर और अरूधंती रेड्डी ने एक एक विकेट झटके।

भारत की मजबूत शुरुआत : इससे पहले नियमित कप्तान हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रही मंधाना और शेफाली वर्मा (20 रन) ने पहले विकेट के लिए 8.3 ओवर में 77 रन की भागीदारी निभाई। शेफाली के आउट होने के बाद भी मंधाना इसी लय में बल्लेबाजी करती रहीं और उन्होंने हरलीन देओल (23 गेंद में 43 रन) के साथ 94 रन की साझेदारी निभाई। ऑफ स्पिनर एलिस कैप्से की गेंद पर डैनी वाट होज ने 26 रन पर हरलीन को जीवनदान दिया। मंधाना ने इंग्लैंड की गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया और उन्होंने चौथे ओवर में बाएं हाथ की स्पिनर लिन्सी स्मिथ की गेंदों पर तीन चौके जड़ दिए। उन्होंने सातवें ओवर में बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की गेंदों पर दो छक्के जड़े। वहीं दूसरी छोर पर देओल ने स्वीप शॉट से बाउंड्री लगाई, पर वह लॉरेन बेल का शिकार बन गईं। मंधाना जल्द ही शतक तक पहुंच गई।

नॉटिंघम में महिला अंतर्राष्ट्रीय टी20 के दौरान बल्लेबाजी करतीं भारतीय टीम की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना। ● एजेंसी

नहीं खेलीं हरमनप्रीत

हरमनप्रीत अभ्यास मैच के दौरान सिर पर लगी चोट के कारण एहतियात के तौर पर इस मैच में नहीं खेली।

भारत

210/5 (20 ओवर)

शेफाली वर्मा का एक्लेस्टोन बो आर्लोट	20
स्मृति मंधाना का ब्रंट बो एक्लेस्टोन	112
हरलीन देओल का आर्लोट बो बेल	43
रिचा घोष का डंकले बो बेल	12
जेमिमा रोड्रिग्स का ब्रंट बो बेल	00
अमनजोत कौर नाबाद	03
दीप्ति शर्मा नाबाद	07

गेंदबाजी : लॉरेन बेल 4-0-27-3, एम आर्लोट 4-0-38-1, लॉरेन फाइलर 4-0-35-0, लिन्से स्मिथ 3-0-41-0, सोफी एक्लेस्टोन 3-0-43-1, एलिस कैप्से 2-0-21-0

इंग्लैंड

113/10 (14.5 ओवर)

सोफी डंकले का रिचा बो अमनजोत	07
डैनी वाट का हरलीन बो दीप्ति	00
नैट साइवर ब्रंट का रिचा बो चरणी	66
टैमी ब्यूमोंट बो दीप्ति	10
एमी जोंस स्ट रिचा बो राधा	01
एलिस कैप्से का अरूंधति बो चरणी	05
एमिली आर्लोट का स्मृति बो राधा	12
सोफी एक्लेस्टोन का जेमिमा बो चरणी	01
लॉरेन फाइलर का रिचा बो अरूंधति	02
लिन्सी स्मिथ नाबाद	00
लॉरेन बेल का जेमिमा बो चरणी	02

गेंदबाजी : अमनजोत कौर 2-0-22-1, दीप्ति शर्मा 3-0-32-2, श्री चरणी 3.5-0-12-4, अरूंधति रेड्डी 2-0-18-1, राधा यादव 2-0-15-2, स्नेह राणा 2-0-13-0

एक नजर

जर्मनी : अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पोलैंड की इगा स्वियाटेक को डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। ●

तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सेमीफाइनल में

लोवा (अमेरिका) : भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।

एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का सामना मजबूत तिमोर लेस्ते से

चियांग माइ (थाईलैंड) : एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के पहले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां तिमोर लेस्ते के खिलाफ भी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। पांच टीम के ग्रुप बी में इराक अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने मंगोलिया पर 5-2 की जीत और तिमोर लेस्ते से 0-0 ड्रॉ खेला जिससे उसके चार अंक हैं। वहीं मंगोलिया को पहले मैच में 13-0 से हराने वाली भारतीय टीम और थाईलैंड के तीन तीन अंक हैं। थाईलैंड ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया था।

पहले टेस्ट में आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन दिन में रौंदा

ब्रिजटाउन : आस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज को 141 रन पर आउट करके पहला टेस्ट तीसरे दिन के भीतर ही 159 रन से जीत लिया। वेस्टइंडीज को कठिन पिच पर जीत के लिए 301 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन पूरी टीम 33.4 ओवर में आउट हो गई। हेजलवुड ने 12 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने आठ विकेट 86 रन पर ही गंवा दिए थे लेकिन हरफनमौला जस्टिन ग्रीवेस और दसवें नंबर के बल्लेबाज शामार जोसेफ ने नौवे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। ग्रीव्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जोसेफ ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 44 रन की पारी खेली जिसमें चार छक्के शामिल थे। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 92 रन से आगे खेलना शुरू किया था।

रोहित चाहते थे कि राहुल की बल्लेबाजी में आक्रामकता हो

नयी दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने दी अहम जानकारी

भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर का कहना है कि पिछले साल भारतीय टीम के साथ भूमिका संभालते समय तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें केएल राहुल की बल्लेबाजी को आक्रामक बनाने का काम सौंपा था। हालांकि 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से मिली 1-3 से हार के बाद नायर को पद छोड़ना पड़ा।

नायर ने कहा इस भूमिका को शुरू करते समय मुझे याद है कि मैंने रोहित से बात की थी और उन्होंने कहा था कि वह एक चीज चाहते हैं कि मैं केएल के साथ काम करूं और उनके खेलने के तरीके में अधिक आक्रामक दृष्टिकोण लाऊं और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाऊं। राहुल ने पिछले एक साल में अच्छा प्रदर्शन दिखाया है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ 10 पारियों में 276 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी में निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पांच मैच में 140 रन बनाए। नायर ने कहा, उन्हें (रोहित) भरोसा था कि केएल चैंपियंस ट्रॉफी, विश्व कप के अलावा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाएगा।

इंडिया ओपन एथलेटिक मीट

बेंगलुरु : रेलवे स्पोर्ट्स एथलीट भवानी यादव शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कांतीरवा स्टेडियम में इंडिया ओपन एथलेटिक मीट 2025 के दौरान महिलाओं की लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा करती हुईं। ● एजेंसी

भारत को अच्छी फील्डिंग टीम बनने के लिए रवैये में बदलाव की जरूरत : ब्राड हाडिन

सिडनी, एजेंसी : आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्राड हाडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिए अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाए।

भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। आस्ट्रेलिया के लिये 66 टेस्ट खेल चुके हाडिन ने कहा हर दौर में हर महान टीम फील्डिंग में भी शानदार रही है। शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरूआत करनी चाहिए। इसके लिये रवैये में बदलाव की जरूरत है। आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है। हाडिन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में भी कैचिंग का स्तर बहुत खराब था। उन्होंने कहा इस साल आईपीएल में कैचिंग बहुत ही लचर रही। हमने प्रतिभाशाली गेंदबाजों और बल्लेबाजों की बात की लेकिन असल समस्या कैचिंग की थी।

भारत ने एशियाई स्नूकर में स्वर्ण पदक जीता

कोलंबो, एजेंसी : कई दफा के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां एसीबीएस एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भारत ने पिछली बार दो साल पहले ईरान में स्वर्ण जीता था। इस तरह यह भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। आदित्य मेहता गर्दन की चोट के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए जिसमें भारत ने हांगकांग-1 को 3-2 से हरा दिया जबकि मलेशिया ने अंतिम चार में पाकिस्तान को 3-1 से शिकस्त दी। फाइनल में दमानी को थोर चुआन लियोंग से 58-68 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन आडवाणी ने लिम कोक लियोंग को 66-25 से हराकर वापसी कराई। इसके बाद आडवाणी और दमानी ने मिलकर युगल में थोर चुआन और लिम कोक को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

● मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा में बाजी मारी

महिला हॉकी टीम निचली लीग में खिसकी

बर्लिन, एजेंसी

एफआईएच प्रो लीग

- चीन ने 3-0 से हराया, भारतीय टीम को मिली लगातार सातवीं हार

भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार को चीन से 0-3 से हारने के बाद एफआईएच प्रो लीग से रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) हो गई है। इस हार ने टीम का अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर होना सुनिश्चित कर दिया। भारत की एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में यह लगातार सातवीं हार है।

भारत के नाम 15 मैचों में 10 अंक है और टीम 2024-25 एफआईएच प्रो लीग के अपने आखिरी मैच में रविवार को फिर से चीन के खिलाफ खेलेगी। दिन के अन्य मैच में इंग्लैंड से 0-1 की हार के साथ जर्मनी 13 अंकों के साथ भारत से एक पायदान ऊपर है। भारत अगर अपने आखिरी मैच में चीन को हरा भी देता है तब भी वह 12 अंक तक ही पहुंचेगा। भारत ऐसे में 2025-26 सत्र में एफआईएच प्रो लीग के दूसरे स्तर एफआईएच नेशंस कप में रेलीगेट हो गया।

इंग्लैंड 15 मैचों में 14 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। चेन यांग (21वें मिनट) और झांग यिंग (26वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए, जबकि आनहुल यू (45वें मिनट) ने मैदानी गोल कर भारत के खिलाफ चीन को यादगार जीत दिलायी। भारत ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में चीन के सर्किल में पहुंच कर उसकी रक्षापंक्ति को कड़ी टक्कर दी। बलजीत कौर के पास तीसरे मिनट में मैच का पहला गोल करने का मौका था लेकिन उनका शॉट गोल-पोस्ट से बाहर चला गया। इसके एक मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दीपिका ने दोनों मौकों को जाया कर दिया।

सचिन के वीडियो देखकर बदली किस्मत

नॉटिंघम, एजेंसी

- भारतीय टीम में वापसी होने पर शेफाली वर्मा ने बताया अपने खेल में सुधार का रहस्य
- पहले हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी, सचिन को देखकर धैर्य रखना सीखा

भारतीय टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा ने कहा कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी के काफी वीडियो देखे जिससे हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलने का महत्व समझ में आया।

खराब फॉर्म के कारण पिछले साल शेफाली को टीम से बाहर कर दिया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व बीसीसीआई वीडियो से शेफाली ने कहा पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखी और उससे काफी प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा इससे मुझे बचपन के दिन याद आ गए जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी। मैने हर मैच फिर से देखा। उसे देखकर मैने सीखा के अच्छी गेंद को सम्मान देकर ही अच्छी पारियां खेली जा सकती है। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करके 21 वर्ष की शेफाली ने टीम में वापसी की। उन्होंने कहा कि वापसी करना आसान नहीं होता और पिछले साल टीम चयन से दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ने से यह और कठिन हो गया।

शेफाली को पिछले साल नवंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं मिली थी। उन्होंने कहा जब भी आप वापसी करते हैं तो हालात कठिन होते ही हैं लेकिन टीम माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं वापसी कर सकी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चयन से दस दिन पहले मेरे पापा को दिल का दौरा पड़ा था। मेरे लिये वह कठिन समय था और मैं टीम में भी नहीं चुनी गई। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है। शेफाली ने कहा मैने फिटनेस पर काफी मेहनत की। 20-25 दिन बाद बल्ला उठाया तो बहुत अच्छा लगा। इससे अलग तरह की ऊर्जा मिली। समय बहुत कुछ सिखाता है। मैं अब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके बाकी भाग्य पर छोड़ दूंगी।

नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंचे

लुसाने, (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गए है। सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए। उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है।

स्कॉर्लेट सेल्स उत्सव

द्वितीय विश्व युद्ध के समय के सोवियत मल्टीपल रॉकेट लांचर बीएम-13 का नाम कत्युशा रखा गया, शनिवार की सुबह रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्कूल ग्रेजुएशन के अवसर पर आयोजित स्कार्लेट सेल्स उत्सव के रिहर्सल के दौरान लंच आतिशबाजी की गई। ये नजारा देखने के लिए यहां हजारों लोग एकत्रित हुए थे। एजेंसी

तीन साल में दोगुने हो गए साइबर ठगी के केस

भारत में साइबर ठगी की शुरुआत 2000 के दशक में हुई। इंटरनेट बैंकिग और मोबाइल फोन का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर ठग भी सक्रिय होने लगे। 2010 के बाद यूपीआई, ई वॉलेट, मोबाइल बैंकिंग के जरिए ठगी की घटनाओं में तेज उछाल आया। 2020 के बाद कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन गतिविधियां बढ़ीं तो साइबर ठगी की गति और तेज हो गई। अब ये घटनाएं बेहद आम हो चुकी हैं। साइबर ठगी का ही एक तरीका डिजिटल अरेस्टिंग है जिसके जरिए ठगी के बड़े मामलों को अंजाम दिया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि पढ़े-लिखे और संपन्न लोग जिन्हें ज्यादा जागरूक माना जाता है, वही इसके ज्यादा शिकार बनाए जा रहे हैं। निराशा की बात यह है कि सरकार और राज्यों की पुलिस के स्तर पर साइबर ठगी की घटनाओं को रोकने के लिए उतनी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है जितनी जरूरत है।

हर साल 2000 करोड़ तक की ठगी

इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम और आरबीआई की रिपोर्टों के अनुसार औसतन एक ठगी में 5,000 से लेकर लाख रुपये तक का नुकसान होता है। आरबीआई के अनुसार 2022-23 में बैंकों और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्मों पर 253 करोड़ से ज्यादा की ठगी रिपोर्ट की गई। गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर के आंकड़ों के अनुसार रोज औसतन तीन से चार करोड़ की साइबर ठगी रिपोर्ट की जाती है। इस तरह साल भर में औसतन 2000 करोड़ तक की ठगी होती है। तमाम लोग ठगी की घटनाओं को रिपोर्ट नहीं करते लिहाजा यह आंकड़ा आधिकारिक संख्या से काफी ज्यादा हो सकता है।

सरकार की क्षमता को चुनौती

साइबर ठगी को रिपोर्ट करने के लिए सरकार की ओर से 24x7 राष्ट्रीय हेल्पलाइन और www.cybercrime.gov.in ऑनलाइन शिकायत पोर्टल है। आरबीआई और ट्राई की ओर से समय-समय पर चेतावनी जारी की जाती है। 14 सील के जरिए ठगी के पैटर्न ट्रैक कर राज्यों को अलर्ट भेजे जाते हैं। लेकिन यह सब पर्याप्त साबित नहीं होता। लोगों में जागरूकता की कमी के साथ राज्यों में साइबर पुलिस की क्षमता साइबर ठगी को रोक पाने के लिए काफी नहीं है। इसके अलावा फर्जी कॉल और मेसेज इंटरनेशनल सर्वर से आते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक कर पाना कठिन हो जाता है।

क्या कहता है राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार देश भर में साइबर अपराधों के कुल 65,893 मामले दर्ज हुए। जो 2021 में 52,974 थे। यानी एक साल में ही इनमें 24% की बढ़ोतरी हुई। इनमें फ्रॉड) से जुड़े मामले करीब 60% थे। साइबर ठगी की सर्वाधिक करीब 12 हजार घटनाएं कर्नाटक में हुईं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और राजस्थान भी सर्वाधिक प्रभावित रहे। 2019 की तुलना में 2022 में ठगी के मामलों में 50 फीसदी से भी ज्यादा वृद्धि हुई।

साइबर ठगी के बेशुमार तरीके

डिजिटल लेनदेन बढ़ने और इंटरनेट की आसान उपलब्धता के दौर में ठगों ने तकनीक का इस्तेमाल कर आम नागरिकों, सरकारी संस्थाओं और यहां तक कि कंपनियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। साइबर ठगों के पास लोगों को ठगने के बेशुमार तरीके हैं। लेकिन सबसे ज्यादा यूपीआई-ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फेक जॉब ऑफर, इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, स्मार्टफोन स्क्रीन शेयरिंग ऐप से डेटा चोरी और फिशिंग ईमेल और व्हाट्सएप लिंक के जरिए लोगों को ठगना शामिल है।

एक नजर

रूस में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

मॉस्को। रूस में मॉस्को क्षेत्र के कोलोम्ना जिले में शनिवार को एक हल्का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी चार चालक दल के सदस्य और प्रशिक्षु मारे गए। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रेस ब्यूरो ने एक विज्ञप्ति में बताया कि याकोवलेव याक-18टी विमान हवाई कलाबाजी करते समय इंजन में खराबी के कारण एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। विमान में सवार सभी चार लोगों की मृत्यु हो गई, लेकिन जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ या कोई क्षति नहीं हुई।

इटली में भीषण गर्मी के चलते अलर्ट जारी

रोम। इटली में भीषण गर्मी के कारण रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इटली के अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि रेड अलर्ट वाले शहरों की संख्या बढ़कर 17 और रविवार तक 21 हो जाने का अनुमान है। इटली के मौसम निगरानी केन्द्र इल मेटियो की रिपोर्ट के अनुसार इटली में औसत तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया है, 50 साल पहले यह 14.6 डिग्री सेल्सियस था।

पाकिस्तान में बारिश से 15 लोगों की मौत, 40 घायल

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले तीन दिनों के भीतर बारिश से जुड़ी घटनाओं में बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, पंजाब में मानसून पूर्व बारिश का दौर शुरू हो गया है। बयान में कहा गया, पिछले तीन दिनों में पंजाब में बारिश से संबंधित घटनाओं में आठ बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए।

लाउडस्पीकर मुक्त हुए मुंबई के सभी धर्मस्थल

मुंबई। मुंबई के पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने शनिवार को कहा कि शहर अब निर्देशात्मक लाउडस्पीकरों से पूरी तरह मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले सभी धार्मिक संरचनाओं पर मौजूद सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई को पुलिसकर्मियों ने सफलता पूर्वक पूरा किया। भारती ने कहा, धर्म स्थलों से लाउडस्पीकर हटा दिए गए हैं। मुंबई में अब सभी धर्म स्थल लाउडस्पीकर से मुक्त हैं। पुलिस आयुक्त ने चुनिंदा ढंग से निशाना बनाने के दावों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि किसी एक विशेष समुदाय के धार्मिक ढांचों को निशाना नहीं बनाया गया।

ईरान पर फिर बमबारी से संकोच नहीं: ट्रंप

अमेरिकी सीनेट में ट्रंप को ईरान के परमाणु स्थलों पर दोबारा हमला करने से रोकने का प्रस्ताव गिरा

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान के खिलाफ आगे और कोई कार्रवाई करने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रोकने के डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का प्रयास शुक्रवार को संसद के उच्च सदन सीनेट में खारिज हो गया। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने संसद में प्रस्ताव पेश किए जाने का विरोध किया।

सीनेट सदस्य टिम केन के इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ट्रंप को ईरान के खिलाफ आगे सैन्य कार्रवाई से पहले संसद की मंजूरी लेनी होगी। यह पूछे जाने पर अगर जरूरी लगा तो क्या वह फिर ईरान के परमाणु स्थलों पर बमबारी करेंगे तो ट्रंप ने कहा कि बिल्कुल, बिना किसी हिचकिचाहट। रिपब्लिकन पार्टी को सीनेट में बहुमत प्राप्त है और 100 सदस्य सीनेट में उसके 53 सदस्य हैं। रिपब्लिकन सांसद ईरान पर हमला करने के फैसले के लिए ट्रंप के साथ खड़े हैं। अधिकतर का कहना है कि ईरान एक खतरा बन गया है, जिसके लिए ट्रंप की ओर से निर्णायक कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने संसद की मंजूरी लिये बिना पिछले सप्ताह के अंत में ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बमबारी करने के ट्रंप के निर्णय का समर्थन किया।

इजराइल के हमलों में मारे गए ईरान के सैन्य कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया, हजारों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

मारे गए सैन्य कमांडरों के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

दुबई। इजराइल के साथ 12 दिनों के युद्ध के दौरान मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य कमांडरों तथा परमाणु वैज्ञानिकों के अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को तेहरान की सड़कों पर हजारों लोग उमड़ पड़े। राजधानी तेहरान की आजादी स्ट्रीट पर ट्रकों पर रखे ताबूतों में रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी, बैलिएस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह और अन्य अधिकारियों को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने अमेरिका मुर्दाबाद और इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए। जनरल सलामी और हाजीजादेह दोनों 13 जून, यानी युद्ध के पहले दिन ही मारे गए थे, जब इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के उद्देश्य से व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। इस अभियान में सैन्य कमांडरों, वैज्ञानिकों और परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया।

अमेरिका और इजराइल मुर्दाबाद के नारे गूंजे

तुर्की-ईरान के बीच हवाई यात्रा बहाल

इस्तांबुल। तुर्की के परिवहन एवं बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुल कादिर उरलोग्लू ने कहा है कि तुर्की और ईरान के बीच हवाई यात्रा 15 दिन बाद आंशिक रूप से फिर शुरू हो गई है जो ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण बंद थी। मंत्री ने एक्स पर लिखा, तुर्की-ईरान के बीच 15 दिन बाद हवाई यात्रा की ये आंशिक बहाली है। इसके अलावा, पश्चिमी ईरान में स्थित तेहरान और तबरीज शहरों से हवाई यात्रा दो जुलाई तक बंद रहेगी। ईरान में युद्ध के कारण जो विमान फंस गए हैं उन्हें विशेष परमिट के साथ लौटने की अनुमति देने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

गाजा में इजराइली हमलों से 72 लोगों की मौत

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

- शुक्रवार देर रात शुरू किए गए हमले सुबह तक जारी रहे

गाजा में इजराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 72 लोगों की मौत हुई है। फलस्तीनियों को गाजा में बढ़ते मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, संघर्ष विराम की संभावनाएं भी धीरे-धीरे बढ़ रही हैं।

इजराइल ने यह हमले शुक्रवार देर रात शुरू किए जो शनिवार सुबह तक जारी रहे। इन हमलों में गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम के पास 12 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार इस स्टेडियम में विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया था। शिफा अस्पताल में ही मृतकों के शव लाए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक 20 से ज्यादा शवों को नासिर अस्पताल ले जाया गया।

शनिवार अपराह्न पूर्वी गाजा शहर की एक सड़क पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और उनके शवों को अल-अहली अस्पताल ले जाया गया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह के भीतर इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता हो सकता है। ट्रंप ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इसका ध्यान रखने की कोशिश कर रहे हैं। स्थिति से अवगत एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इजराइल के सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डेरमर गाजा संघर्ष विराम, ईरान और अन्य विषयों पर वार्ता के लिए अगले सप्ताह वाशिंगटन पहुंचेंगे।

गोली चलाने का आदेश देने से नेतन्याहू का इन्कार

यरूशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शुक्रवार को वामपंथ के प्रति झुकाव रखने वाले इजराइली समाचार पत्र 'हारेत्ज' में प्रकाशित खबर को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था इजराइली सैनिकों को गाजा में सहायता स्थलों की ओर जा रहे फलस्तीनियों को गोली मारने का आदेश दिया गया था। दोनों नेताओं ने खबर को सेना को बदनाम करने के लिए रचा गया दुर्भावनापूर्ण झूठ करार दिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, एक महीने पहले नवगठित गाजा मानवीय फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में सहायता सामग्री का वितरण शुरू करने के बाद से भोजन की तलाश में निकले 500 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

कांगो व रवांडा में अमेरिकी मध्यस्थता में शांति समझौता

वाशिंगटन, एजेंसी

- दोनों देशों के बीच कई दशकों से चल रहा था युद्ध

कांगो गणराज्य और रवांडा ने शुक्रवार को अमेरिका की मध्यस्थता से हुए एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य पूर्वी कांगो में दशकों से जारी युद्ध को समाप्त करना और क्षेत्र में महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच बनाने में अमेरिकी सरकार व कंपनियों की मदद करना है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हुई बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से कहा, आज हिंसा और विनाश का अध्याय समाप्त हो गया है और पूरा क्षेत्र आशा, अवसर, सद्भाव, समृद्धि व शांति का एक नया अध्याय शुरू करने जा रहा है। इस दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे 30 साल के युद्ध के बाद एक महत्वपूर्ण क्षण कहा।

मध्य अफ्रीकी देश कांगो 100 से अधिक सशस्त्र समूहों के साथ संघर्ष से त्रस्त है, जिनमें सबसे शक्तिशाली समूहों को रवांडा का समर्थन हासिल है। इन समूहों की वजह से 1990 के दशक से लाखों लोगों की जान चली गई है। इस समझौते को एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि विश्लेषकों को लगता है कि यह लड़ाई जल्दी समाप्त नहीं होगी क्योंकि सबसे प्रमुख सशस्त्र समूह का कहना है कि यह समझौता उस पर लागू नहीं होता है। कांगो और रवांडा ने हस्ताक्षर करने के लिए शीर्ष राजनयिक भेजे। कांगो की विदेश मंत्री थेरेसे काइकवाम्बा वैगनर ने रवांडा के विदेश मंत्री ओलिवियर नदुहुंगिरेहे के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाला ट्रंप का एक और आदेश कोर्ट ने खारिज किया

वाशिंगटन। अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक और कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया। जिला न्यायाधीश लोरेन अलीखान ने शुक्रवार फैसला सुनाया कि सुसमैन गॉडफ्रे फर्म के खिलाफ आदेश असंवैधानिक है और इसपर स्थाई रोक लगाई जानी चाहिए।

- दुश्मन लगने वाले अटार्नी नियुक्त करने वाली फर्मों को दंडित करने की कोशिश थमी

ट्रंप काम पसंद नहीं आने और उन अटॉर्नी को नियुक्त करने के लिए कानूनी फर्मों को दंडित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें वे अपना दुश्मन मानते हैं। ट्रंप के इन प्रयासों को रोकने के सिलसिले में जिला न्यायाधीश का यह फैसला सबसे नया है। हाल के हफ्तों में दूसरे न्यायाधीशों ने जेनर ब्लॉक, पर्किन्स कोइ और विल्मरहेल फर्मों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन के इसी तरह के आदेशों पर रोक लगा दी थी। इन आदेशों के जरिये वकीलों पर कई तरह की पाबंदियां लगाने का फैसला किया गया था। न्यायाधीश अली खान ने लिखा, यह आदेश उन फर्मों को निशाना बनाने के प्रयासों में से एक प्रयास था, जिनके रुख से राष्ट्रपति ट्रंप सहमत नहीं थे।

कोलकाता: छात्रा से गैंगरेप की जांच के लिए एसआईटी

कोलकाता, एजेंसी

- पुलिस ने लॉ कॉलेज के सुरक्षा गार्ड को भी गिरफ्तार किया

कोलकाता पुलिस ने शहर के एक विधि कॉलेज में छात्रा के साथ उसके वरिष्ठों द्वारा कथित सामूहिक बलात्कार की जांच के लिए शनिवार को पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच पुलिस ने उस गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया है जिसके कक्ष में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया था।

उन्होंने बताया कि पांच सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व सहायक आयुक्त स्तर के एक अधिकारी करेंगे। अधिकारी ने कहा, "कथित अपराध की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गई है। यह तुरंत अपनी जांच शुरू करेगी।" दक्षिण कलकत्ता विधि महाविद्यालय की 24 वर्षीय छात्रा के साथ 25 जून को गार्ड रूम में संस्थान के एक पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। उसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार सुबह कॉलेज के गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर किया गैंगरेप

पुलिस को संदेह है कि मुख्य आरोपी ने विवाह का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि यह वारदात पूर्वनियोजित थी या नहीं।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमले में 13 लोगों की मौत, 24 से ज्यादा घायल

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सुरक्षा बल के 13 जवानों की मौत हो गयी जबकि 24 अन्य घायल हो गये। सुरक्षा सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम-रोधी इकाई के एक वाहन से टकरा दिया।

- हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सेना की बमरोधी इकाई के वाहन को मारी टक्कर

उन्होंने बताया कि घायलों में 14 आम नागरिक भी हैं, जिनमें महिलायें और बच्चे शामिल हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना के समय सैन्य आवाजाही के कारण इलाके में कर्फ्यू लगाया गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोट के बाद राहत अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि हाफिज गुल बहादुर समूह से जुड़े आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

इटली में हुआ ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले का प्रीमियम

इटली, एजेंसी

बॉलीवुड फिल्मकार रमेश सिप्पी की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' का विश्व प्रीमियर इटली में बिना काटे गए संस्करण में बोलोग्ना के प्रतिष्ठित इल सिनेमा रिट्रोवाटो फेस्टिवल में किया गया। फिल्म शोले की 50वीं वर्षगांठ मनाने को यह स्क्रीनिंग 27 जून को ओपन-एयर पियाज़ा मैगीगोर में हुई।

शोले के निर्देशक रमेश सिप्पी ने इस अवसर पर कहा, क्या मैंने कभी सोचा था कि शोले इतनी दूर तक जाएगी। बिल्कुल नहीं! मुझे याद है कि जब हम इसे बना रहे थे तो हमें विश्वास था कि हम एक अच्छी फिल्म बना रहे हैं। लेकिन एक ऐसी फिल्म जो सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और सभी समय की सबसे महान फिल्मों में से एक मानी जाएग। नहीं, हमने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी।

- निर्देशक सिप्पी ने कहा-कभी नहीं सोचा था इतनी दूर जाएगी शोले

रमेश सिप्पी ने बताया कि उन्हें याद है कि शोले को रिलीज के समय ही फ्लॉप घोषित कर दिया गया था। समीक्षाएं नकारात्मक थीं। कोई दर्शक नहीं था। लेकिन दूसरे हफ़्ते में इसने बाजी मारी । उन्होंने कहा कि मैंने अपनी दूसरी फ़िल्मों को बनाने में भी उतनी ही मेहनत की। यदि वे शोले जैसी नहीं बन पाईं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे कम ध्यान में बनाई गई फिल्में थीं।उन्होंने शोले में एक पसंदीदा किरदार का नाम पूछने पर गब्बर सिंह का नाम बताया।

मप्र: 90 डिग्री मोड़ वाला पुल बनाने वाले 7 अभियंता निलंबित

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल में 90 डिग्री मोड़ वाले रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में तकनीकी खामियों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को दो मुख्य अभियंताओं सहित सात अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस मामले में एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच की जाएगी। राज्य की राजधानी में ऐशबाग स्टेडियम के पास बना रेलवे ओवरब्रिज लोगों और सोशल मीडिया यूजर्स की ओर से डिज़ाइन पर सवाल उठाए जाने के साथ उपहास का विषय बना हुआ है। लोगों ने कहा था कि वाहनों को इसके असामान्य 90 डिग्री मोड़ से गुजरना मुश्किल होगा।

भव्य अमेजन के मालिक ने वेनिस में की दूसरी शादी, दुनिया भर से पहुंचे मेहमान

जेफ बेजोस की शादी पर खर्च हुए 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर

- अरबपति जेफ ने छह साल पहले की थी अपनी पहली पत्नी को तलाक देने की घोषणा

वेनिस, एजेंसी

दुनिया के चौथे सबसे अमीर अरबपति जेफ बेजोस और अंतरिक्ष की यात्रा कर चुकी उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज ने शुक्रवार को वेनिस में शादी कर ली। शुक्रवार रात हुए विवाह समारोह के दौरान वेनिस के हवाई अड्डे पर दर्जनों निजी विमानों का जमावड़ा लगा हुआ था। शहर के प्रसिद्ध जलमार्गों पर नौकाएं थीं। एथलीट, मशहूर हस्तियां, 'इंफ्लुएंसर' और प्रमुख कारोबारी इस भव्य शादी में पहुंचे थे जिस पर करीब 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का अनुमान है।

सांचेज ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह सफेद गाउन में मुस्कुराती नजर आ रही हैं और उनके साथ टक्सीडो (गहरे रंग की पोशाक) पहने बेजोस खड़े हैं। इस विवाह समारोह ने 2014 में वेनिस में अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मानवाधिकार वकील अमल अलामुद्दीन की शादी की यादें ताजा कर दीं, जब प्रशंसकों की भीड़ नहरों के किनारे खड़ी थी और सैकड़ों लोग सिटी हॉल के बाहर एकत्र हुए थे। भव्य विवाह समारोहों का आयोजन करने वाली कंपनी 'एम्बार्क बियॉन्ड' के सीईओ जैक एजोन के अनुसार, वेनिस अपने नहरों के नेटवर्क के लिए प्रसिद्ध है, जहां एम्बुलेंस भी पानी में चलती हैं। लेकिन गुलदस्ते से लेकर मेहमानों तक को, सब कुछ पानी के रास्ते ले जाना वेनिस को समारोहों के लिए दुनिया के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक बनाता है।

फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, वर्तमान में जेफ की कुल संपत्ति 234 अरब अमेरिकी डॉलर है। वर्ष 2019 में, उन्होंने घोषणा की थी कि वह अपनी पहली पत्नी मैकेंज़ी स्कॉट को तलाक दे रहे हैं, इससे ठीक पहले 'नेशनल इन्क्वायरर' अखबार ने पूर्व टीवी न्यूज़ एंकर सांचेज के साथ उनके संबंधों के बारे में एक खबर प्रकाशित की थी। शुक्रवार दोपहर को, सांचेज अपने होटल से सिर पर रेशमी स्कार्फ लिए हुए निकलीं और अपनी वाटर टैक्सी पर सवार हुईं। यह टैक्सी उन्हें नहरों के माध्यम से सैन जियोर्जियो द्वीप तक ले गई, जो सेंट मार्क स्क्वायर से लैगून बेसिन के पार है, जहां शुक्रवार रात जोड़े ने अपना समारोह आयोजित किया।

आम शादियों से एक हजार गुना ज्यादा खर्च

विवाह नियोजन वेबसाइट ज़ोला की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस शादी में हुआ खर्च आश्चर्यजनक और हैरान कर देने वाला है, जो 2025 में अमेरिकी जोड़ों के विवाह की औसत लागत 36,000 अमेरिकी डॉलर से 1,000 गुना अधिक है। चार दिवसीय कार्यक्रम पर 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च होने का अनुमान है। दुनिया भर से शानदार कलाकार, बेहतरीन डीजे लाए गए। एक अविश्वसनीय 'ग्लास टेंट' पर 20 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए जो केवल 10 घंटे के लिए था लेकिन इसे बनाने में एक महीने का समय लगा। 'वोग' पत्रिका के अनुसार डोल्से एंड गब्बाना द्वारा डिज़ाइन किए गए गाउन को पूरी तरह तैयार करने में 900 घंटे लगे।